राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

www.youtube.com/@TarunmitraGroup

लखनऊ
वर्ष: 25 अंक 180
शनिवार 27 अप्रैल, 2024

तापमान
अधिकतम 40°C न्यूनतम 25°C

मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-14 | उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# वीवीपीएटी वाली याचिका खारिज

## ईवीएम के वीवीपीएटी से शत-प्रतिशत मिलान की थी मांग

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल।** उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए पड़े मतों के साथ वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट (वीवीपैट) की पर्चियों की गिनती (मिलान)100 फीसदी तक बढ़ाने या मतपत्रों की पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग वाली याचिकाएं पर शुक्रवार को सर्वसम्मति से खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ एनजीओ 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' और अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर अलग-अलग, लेकिन सहमति वाली फैसला सुनाया।

पीठ ने कहा कि ईवीएम-वीवीपैट प्रणाली पर आंख मूंदकर अविश्वास करने से अनुचित संदेह पैदा होगा। शीर्ष अदालत ने हालांकि दो निर्देश जारी किए कि चुनाव चिन्ह लोडिंग यूनिट ले जाने वाले कंटेनरों को मतदान एजेंटों और उम्मीदवारों की उपस्थिति में सील कर दिया जाना चाहिए और 45 दिनों

**फैसला**

- सिंबल लोडिंग यूनिट को 45 दिनों तक संरक्षित कर रखा जाए
- इलेक्ट्रॉनिक मशीन के जरिये पेपर पर्ची के वोटों की गिनती के सुझाव

की अवधि के लिए सुरक्षित रखा जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि ईवीएम नियंत्रण इकाई, मतपत्र इकाई और वीवीपीएटी को मतगणना के परिणाम घोषित होने के 07 दिनों के भीतर (माइक्रोकंट्रोलर ईवीएम में नष्ट हुई मेमोरी की जांच) उम्मीदवार के लिखित अनुरोध पर विनिर्माण कंपनियों के इंजीनियरों एक टीम द्वारा सत्यापित किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि इस प्रक्रिया में आने वाले



खर्च अनुरोध करने वाले संबंधित उम्मीदवारों द्वारा वहन किया जाएगा। इसके विपरित यदि ईवीएम के साथ छेड़छाड़ पाई जाती है तो अनुरोध करने वाले उम्मीदवार/उम्मीदवारों को खर्च वापस किया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि उसने ईवीएम और वीवीपैट प्रोटोकॉल का अध्ययन करने के बाद निर्देश पारित किये। न्यायमूर्ति दत्ता ने लोकतंत्र विश्वासों में सामंजस्य स्थापित करने पर जोर दिया कि है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह प्रणाली लोगों की उम्मीदों पर खरी उतरेगी। ■ शेष पेज 13 पर

### प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामले पर 29 को सुनवाई

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल।** दिल्ली हाई कोर्ट में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ भगवान और पूजास्थल के नाम पर वोट मांग कर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई नहीं हो सकी। इस मामले पर अब 29 अप्रैल को सुनवाई होगी। सुनवाई करने वाले जज जस्टिस सचिन दत्ता के उपलब्ध नहीं होने की वजह से सुनवाई टली है। याचिका में प्रधानमंत्री को छह साल के लिए चुनाव लड़ने पर रोक लगाने की मांग की गई है। याचिका वकील आनंद एस जोंधाले ने दायर की है। याचिका में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने 9 अप्रैल को उत्तर प्रदेश में अपने भाषण में हिन्दू और सिख गुरुओं के नाम पर भाजपा के लिए वोट मांगे।

## यौन शोषण मामला : बृजभूषण शरण सिंह की याचिका खारिज

- आरोप तय करने के मामले पर 7 मई को फैसला सुनाने का आदेश

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने महिला पहलवानों के यौन शोषण मामले में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें बृजभूषण ने इस मामले की फिर से जांच की मांग की थी। एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर 7 मई को फैसला सुनाने का आदेश दिया।

दरअसल, 18 अप्रैल को कोर्ट बृजभूषण के खिलाफ आरोप तय करने के मामले पर फैसला सुनाने वाला था लेकिन 18 अप्रैल को ही बृजभूषण शरण सिंह की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया था कि 7 सितंबर, 2022 को घटना वाले दिन वह भारत में नहीं थे।

बृजभूषण ने इस तथ्य की जांच करने के लिए दिल्ली पुलिस को आदेश देने की मांग की थी। उसके बाद आज कोर्ट का ये फैसला आया है। कोर्ट ने 4 अप्रैल को आरोप तय करने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।

27 फरवरी को दिल्ली पुलिस की ओर से कहा गया था कि अगर हम चाहते तो आरोपितों के खिलाफ छह अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर सकते थे लेकिन इससे ट्रायल में देरी होती।

इसका विरोध करते हुए बृजभूषण भूषण शरण सिंह के वकील ने कहा था कि अगर आरोपों में निरंतरता नहीं है तो अलग-अलग आरोपों में एक एफआईआर दर्ज नहीं हो सकती। इस पर बृजभूषण शरण सिंह की ओर से इस मामले में आरोप मुक्त करने की मांग की गई थी। बृजभूषण की तरफ से कहा गया था कि अपराध की सूचना देने में काफी देरी की गई। उन्होंने कहा था कि शिकायतकर्ता के बयानों में काफी विरोधाभास है। ■ शेष पेज 13 पर

## संक्षिप्त समाचार

### आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने का आह्वान

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल (हि.स.)।** रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद के प्रति जीरो-टॉलरेंस दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया है। अस्ताना में शुक्रवार को बैठक के दौरान सभी एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों ने एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए। बैठक के बाद एससीओ के रक्षा मंत्रियों ने अन्य पहलों के अलावा 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के विचार को विकसित करने पर सहमति जताई, जो 'वसुधैव कुटुंबकम' के प्राचीन भारतीय दर्शन का परिचायक है।

### गृह मंत्री 27 को गुजरात में 4 चुनावी सभाएं करेंगे

**अहमदबाद, 26 अप्रैल (हि.स.)।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को गुजरा में 4 चुनावी सभा करेंगे। वे पोरबंदर, भरुच, पंचमहाल और वडोदरा लोकसभा सीट के लिए आयोजित विजय संकल्प सभा में शामिल होंगे। गुजरात में आगामी 7 मई को तीसरे चरण में एक साथ 25 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। इसके अलावा 5 विधानसभा सीटों के लिए उपचुनाव में वोट डाले जाएंगे।

### सलमान खान के आवास पर फायरिंग मामले में दो आरोपित 30 तक पुलिस कस्टडी में

**मुंबई, 26 अप्रैल (हि.स.)।** सलमान खान हाउस फायरिंग मामले में पंजाब से गिरफ्तार किए गए दो आरोपितों को शुक्रवार को मुंबई की मजिस्ट्रेट कोर्ट ने 30 अप्रैल तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। इन दोनों पर फायरिंग के लिए हथियार और कारतूस सप्लाई करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार सुभाष चंदर और अनुज थापन को मुंबई पुलिस ने गुरुवार को पंजाब से गिरफ्तार किया था और शुक्रवार को सुबह में दोनों को मुंबई ले आई।

## रवि किशन का डीएनए टेस्ट कराने की याचिका खारिज

**लखनऊ, 26 अप्रैल।** गोरखपुर से निवर्तमान सांसद और इस लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रवि किशन को मुंबई की कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। डिंडोशी कोर्ट ने 25 साल की शिनोवा सोनी की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने रवि किशन के डीएनए टेस्ट की मांग की थी।

शिनोवा ने दावा किया था कि रवि किशन उसके बॉयोलॉजिकल पिता हैं। मुंबई की महिला अपर्णा ठाकुर ने रवि किशन को अपना पति बताते हुए 15 अप्रैल को एक प्रेस कांफ्रेंस की। इसमें अपर्णा ने अपनी बेटी शिनोवा सोनी को भी मीडिया के सामने पेश किया था। रवि किशन को अपना पिता बताने वाली एक्ट्रेस शिनोवा ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। शिनोवा ने याचिका दाखिल करके रवि किशन का डीएनए टेस्ट कराने की मांग की।

शिनोवा ने याचिका दायर कर कहा कि उसे आधिकारिक तौर पर रवि किशन की बेटी के रूप में पहचान मिले। शिनोवा ने कोर्ट से यह भी अनुरोध किया है कि वह यह आदेश दे कि रवि किशन एक बेटी के तौर पर उसकी जिम्मेदारी लेने से इनकार न करें। कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा कोई मामला नहीं है, जो अपर्णा और रवि किशन के बीच कोई रिश्ता बताता हो। खुद को रवि किशन की बेटी बताने वाली 25 साल की शिनोवा सोनी एक एक्टर और मॉडल हैं। शिनोवा ने बैचलर ऑफ आर्ट किया है।

## अमरोहा रहा 62.36 % वोटिंग के साथ अव्वल

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार को शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। 13 राज्यों की 88 सीटों पर शाम पांच बजे तक करीब 64 प्रतिशत वोटिंग हुई। हालांकि अभी अंतिम आंकड़े आने बाकी हैं। मतदान का समय शाम 6 बजे तक था. वोटिंग का समय होने तक जो लोग लाइन में लगे थे, उन्हें वोट डालने का मौका दिया गया।

चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, शाम पांच बजे तक त्रिपुरा में सबसे अधिक 77.53 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि उत्तर प्रदेश में सबसे कम 52.74 प्रतिशत वोट पड़े. हिंसा प्रभावित मणिपुर में 76.06 प्रतिशत वोटिंग दर्ज की गई है। पश्चिम बंगाल में शाम पांच बजे तक 71.84 प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में 72.13 प्रतिशत, असम में 70.66 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 53.51 प्रतिशत, बिहार में 53.03 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 54.83 प्रतिशत, राजस्थान में 59.19

**लोस चुनाव**



- यूपी की 8 लोकसभा सीटों पर मतदान खत्म, 46.96 प्रतिशत के साथ मथुरा फिसड्डी

प्रतिशत, केरल में 63.97 प्रतिशत, कर्नाटक में 63.90 प्रतिशत और जम्मू-कश्मीर में 67.22 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, भीषण गर्मी के कारण मतदाताओं की सुविधा के लिए बिहार के बांका, मधेपुरा, खगड़िया और मुंगेर संसदीय क्षेत्रों के कई मतदान केंद्रों पर मतदान का समय शाम छह बजे तक बढ़ा दिया गया थादूसरे चरण में 1202 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनकी चुनावी किस्मत का फैसला ईवीएम में कैद हो गया है। पहले और दूसरे चरण को मिलाकर कुल 190 लोकसभा सीटों पर वोटिंग पूरी हो चुकी है. दूसरे चरण में केरल की सभी 20 सीट, कर्नाटक की 14 सीट, राजस्थान की 13, उत्तर प्रदेश व महाराष्ट्र की 8-8 सीट, मध्य प्रदेश की छह, बिहार व असम की 5-5 सीट, बंगाल व छत्तीसगढ़ की 3-3 सीटें, जम्मू-कश्मीर, मणिपुर और त्रिपुरा की 1-1 सीट पर चुनाव हुआ। बात अगर यूपी के आठ सीटों की करें तो इन सीटों पर कुल 91 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं. इनमें 10 महिला प्रत्याशी भी हैं। इन सीटों पर कुल 1 करोड़ 67 लाख 77 हजार 198 वोटर हैं। इनमें 90 लाख 26 हजार 51 पुरुष, जबकि 77 लाख 50 हजार 356 महिला हैं। ■ शेष पेज 13 पर

### प्रियंका गांधी के स्वागत के लिए तैयार हो रहा है कार्यालय व गेस्ट हाउस

**रायबरेली, 26 अप्रैल।** आखिरकार कांग्रेस कार्यकर्ताओं का इंतजार अब खत्म होने वाला है। गांधी परिवार से प्रियंका वाड्रा गांधी के चुनाव लड़ने की आहट के बीच कांग्रेस कार्यालय को उनके स्वागत के लिए तैयार किया जा रहा है।

इसके साथ ही गांधी परिवार के आवास में भी रंग-रोगन शुरू हो गया है। कार्यकर्ताओं में इसे देखते हुए खासा उत्साह है। दरअसल सोनिया गांधी के राज्यसभा जाने के बाद रायबरेली से कांग्रेस का कौन प्रत्याशी होगा,यह अभी तक तय नहीं हुआ है,लेकिन जिस तरह से प्रियंका की प्रत्याशिता को लेकर तस्वीर साफ हुई है। इससे संगठन में अचानक जोश आ गया है। कांग्रेस के जिला कार्यालय तिलक भवन में चहलकदमी बढ़ गई है। साफ-सफाई भी शुरू हो गई है। भवन में रंग-रोगन किया जा रहा है। इसके साथ ही सोनिया गांधी के निवास भुएमऊ गेस्ट हाउस को भी चमकाया जा रहा है।

## जब इनकी सरकार थी, तब कहते थे कि राम हुए ही नहीं

**संभल, 26 अप्रैल।** सीएम योगी ने संभल में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। सीएम ने राहुल-प्रियंका के अयोध्या जाने की खबरों पर तंज कसा। कहा- मैंने सुना है कि भाई बहन दोनों अयोध्या दर्शन के लिए जाना चाहते हैं।

जब इनकी सरकार थी, तब कहते थे कि राम तो हुए ही नहीं और जब देश की जनता के संघर्ष के फल स्वरूप मंदिर में भगवान विराजमान हो गए हैं तब कहते हैं राम तो सबके हैं। सीएम योगी ने लोगों से इनसे सावधान रहने की अपील की।

कहा कि उन 'विषधरों' को वोट कतई नहीं जाना चाहिए, जो भारत माता की जय-जयकार और 'वंदे मातरम' का गायन करने में संकोच करते हैं। ■ शेष पेज 13 पर

**बोले सीएम**



- सीएम योगी ने संभल में कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

### सूरत में दोबारा चुनाव कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल।** गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभानी का पर्चा खारिज होने और अन्य प्रत्याशियों के द्वारा अपना पर्चा वापस लेने के बाद भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया था। अब सूरत में दोबारा चुनाव कराने को लेकर सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दाखिल की गई है। इसके लिए मतदाताओं के नोटा विकल्प पर वोट देने के अधिकार को आधार बनाया गया है। याचिका में कहा गया है कि कांग्रेस उम्मीदवार का पर्चा खारिज होने, और अन्य प्रत्याशियों के द्वारा पर्चा वापस लेने के बाद भी जनता के पास नोटा को वोट देने का विकल्प खुला हुआ था।



पूर्व विधानसभा उपचुनाव में नामांकन दाखिल करते प्रत्याशी ओ.पी. श्रीवास्तव।
-छाया तरुणमित्र

### वायनाड से चुनाव हार रहे राहुल गांधी : अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल (हि.स.)।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे वायनाड से चुनाव हार रहे हैं और संभव है कि वह जल्द किसी दूसरी जगह से भी नामांकन करेंगे। वायनाड चुनाव में पाकिस्तान परस्त और आतंकी विचारधारा वाले पीएफआई और एसडीपीआई का समर्थन लेना ही राहुल गांधी और कांग्रेस की गिरी हुई, भारत विरोधी सोच को स्पष्ट करता है। इससे पता चलता है कि एक चुनाव जीतने के लिए वह किसी भी हद तक गिर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट द्वारा वीवीपैट की पर्चियां के मिलान की याचिका को खारिज किए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए शुक्रवार को अनुराग ठाकुर ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं।

### तीसरी आंख




### सपा : मुस्लिम-यादव को छोड़ने की क्या है वजह ?

# क्या सपा की रणनीति होगी कारगर ?

कुमार सौवीर

**लखनऊ, 26 अप्रैल।** समाजवादी पार्टी इस बार लोकसभा चुनाव में पांच सीटों के बैरियर को पार कर पायेगी? यह सवाल इसलिए ज्यादा प्रासंगिक हैं कि टिकट वितरण को लेकर समाजवादी पार्टी में जिस तरह की उहापोह देखने को मिली, ऐसा बीते तीन दशक में कभी नहीं हुआ था। कई सीटों पर दो से तीन बार टिकट बदले गये, आरोप लगा कि अखिलेश यादव लोकसभा चुनाव को गंभीरता से नहीं लड़ रहे हैं।

बहरहाल, इस बार के आम चुनाव की बात करें तो ऐसा लग रहा है कि समाजवादी पार्टी दहाई के आंकड़े में पहुंच सकती है। इसके पीछे दो कारण है। पहला भाजपा का अति आत्मविश्वास तथा दूसरा सपा का गैर यादव पिछड़े एवं दलित प्रत्याशियों पर भरोसा। भाजपा ने जीत जाने के वहम में उन प्रत्याशियों को भी टिकट दे दिया है, जिनका अपने क्षेत्र में जबर्दस्त विरोध हो रहा है।

**सियासत**

- सोशल इंजीनियरिंग की राह पर चल रहे अखिलेश यादव
- क्षत्रिय समाज की नाराजगी दिलाएगी सपा को लाभ
- इस बार दहाई का आंकड़ा पार कर पाएंगे अखिलेश

भाजपा को मोदी तथा राम मंदिर का भरोसा था। उसे लग रहा था कि चुनाव आते-आते यह विरोध खत्म हो जायेगा, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हो पाया है। उत्तर प्रदेश की दर्जनों सीटों पर जनता में भाजपा प्रत्याशी को लेकर नाराजगी है, जिसका सीधा फायदा समाजवादी पार्टी को मिल रहा है।

समाजवादी पार्टी इस बार अपने परंपरागत एमवाई यानी मुस्लिम यादव समीकरण से अलग रणनीति बनाकर भाजपा को टक्कर दे रही है।

पार्टी की नजर गैर-यादव पिछड़े एवं दलित वोटरों पर है, जो फिलहाल भाजपा की ताकत हैं। सपा सबसे बड़ी सेंध भाजपा के कुर्मी वोटरों में लगा रही है। अब तक घोषित टिकटों में पार्टी ने सबसे ज्यादा नौ सीटों पर कुर्मी बिरादरी के प्रत्याशी उतारे हैं। 15 दलित वर्ग के प्रत्याशियों को भी टिकट दिये गये हैं।

मेरठ और अयोध्या जैसी सामान्य सीट पर भी दलित प्रत्याशी उतारकर सपा ने भाजपा एवं बसपा दोनों खेमों में सेंधमारी की कोशिश में है। समाजवादी पार्टी की यह ■ शेष पेज 13 पर

## नकाबपोश बदमाशों ने बच्चे का प्राइवेट पार्ट काटा

**मऊ, 26 अप्रैल।** नकाबपोश बदमाशों ने एक शादी समारोह से 12 साल के बच्चे का अपहरण कर लिया। नकाबपोश बच्चे को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। इसके बाद उसे बेहोशी का इंजेक्शन लगाया और उसके प्राइवेट पार्ट को काट दिया। खून से लथपथ बच्चे को नकाबपोश गांव के पास ही छोड़कर भाग गए। गांववालों ने बच्चे को इस हालत में देखा तो पुलिस को सूचना दी। फिलहाल बच्चे को पीजीआई में भर्ती कराया गया है।

मामला कोपागंज थाना क्षेत्र के देवकली विशनपुर का है। इलाके में गुरुवार रात एक बारात आई थी। इस बारात में आए दो अज्ञात व्यक्तियों ने 12 साल के बच्चे को अपने पास बुलाया। उसे बहला-फुसलाकर कोल्ड ड्रिंक की दुकान तक ले गए। इस दौरान वे उससे बात करते रहे। यहां से नकाबपोश बदमाश बच्चे को पास ही सुनसान इलाके में ले गए। यहां बदमाशों ने बच्चे को बेहोशी का इंजेक्शन लगाया। उसके बाद बच्चे का प्राइवेट पार्ट काट दिया। बच्चा खून से लथपथ हो गया तो बदमाश उसे उसी जगह छोड़कर फरार हो गए। गांववालों ने बच्चे को घायल अवस्था में पड़े देखा तो पुलिस को सूचना दी। क्षेत्राधिकारी घोसी गणेश दत्त मिश्र ने बताया कि बच्चे के घर के पास ही बारात आई हुई थी। इसमें बच्चा भी गया हुआ था। वहीं से कुछ अज्ञात बदमाश उसे बहला फुसलाकर कोल्ड ड्रिंक की दुकान तक ले गए और सुनसान इलाके में उसका प्राइवेट पार्ट काट दिया।

# निर्वाचन कार्य में बाधा उत्पन्न करने वालों के विरुद्ध हो कार्रवाई : डीएम

## डीएम व एसपी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत थाना रानीगंज का किया निरीक्षण




**प्रतापगढ़, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, पारदर्शी एवं सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा ने थाना रानीगंज का निरीक्षण किया। थाना रानीगंज में डीएम एवं एसपी ने उपजिलाधिकारी रानीगंज, सीओ रानीगंज से अति संवेदनशील बूथों पर होनी वाली घटनाओं व निर्वाचन के दृष्टिगत अब तक की गयी तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान गुण्डा एक्ट रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर, लोकसभा चुनाव रजिस्टर आदि का अवलोकन किया एवं उनके द्वारा की गयी कार्यवाहियों के सम्बन्ध में जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु आपस में समन्वय स्थापित कर समय से प्लान बनाकार तैयारी करा ली जाये जिससे मतदान दिवस के दिन किसी भी प्रकार की समस्यायें न उत्पन्न हो। उन्होने कहा कि मतदेय स्थलों पर ईवीएम मशीन, वेबकास्टिंग, वीडियोग्राफी, माइक्रो आब्जर्बर आदि की व्यवस्था आवश्यकतानुसार पूर्ण कर ली जाये तथा मतदेय स्थलो पर बिजली, पानी, रैम्प, शौचालय आदि की व्यवस्था देख लें यदि कहीं पर कोई कमी पाये जाये तो उसे पूर्ण करायें।

उपजिलाधिकारी रानीगंज एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्वाचन में बाधा उत्पन्न करने वाले अराजक तत्वों पर सतर्क दृष्टि बनाये रखे, क्रिटिकल बूथों पर अतिरिक्त फोर्स की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये, यदि किसी भी अराजक तत्वों द्वारा निर्वाचन कार्य में बाधा डाले तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाये। क्षेत्रों में जाकर लोगों को निर्भीक होकर मतदान करने हेतु प्रेरित करें। उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि तालाबों व ग्रामसभा की जमीनों पर किये गये अवैध कब्जों को हटवाया जाये, यदि अवैध कब्जा नही हटाया जा रहा है तो सम्बन्धित के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाये।

पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाये रखे, यदि किसी के द्वारा कानून व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न किया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाये। पुलिस अधीक्षक ने थाना रानीगंज क्षेत्र के अन्तर्गत शस्त्र लाइसेंस के जमा कराये जाने व अब तक निरस्त किये गये शस्त्र लाइसेंस के सम्बन्ध में जानकारी ली।

# लोस चुनाव को ले प्रशासन ने की सभी तैयारियां पूरी

**कौशाम्बी, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** जिले में लोकसभा चुनाव पांचवें चरण में है। चुनाव के मद्देनजर शुक्रवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरे करने का दावा किया है। कलेक्ट्रेट स्थित जिला मजिस्ट्रेट के न्यायालय में नामांकन पत्र दाखिल किए जाने की व्यवस्था की गई है।

कलेक्ट्रेट की सुरक्षा के लिए इंट्री प्वाइंटों पर पुलिस सुरक्षा तैनात की गई है, जबकि सामान्य तौर पर कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाले रास्तों को डायवर्ट किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय की ओर से 26 अप्रैल को संसदीय क्षेत्र के चुनाव की अधिसूचना जारी की गई है। जिसके तहत शुक्रवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। जो सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेगी। नामांकन की करवाई 3 मई तक पूरी की जानी है। एडीएम राजेश कुमार राय ने बताया उम्मीदवार को नामांकन स्थल से 100 मीटर की परिधि तक सिर्फ तीन वाहन ले जाने की अनुमति होगी।

प्रत्याशी समेत कुल पांच व्यक्ति ही एक साथ रिटर्निंग अफसर के कार्यालय में उपस्थित हो सकते हैं। नामांकन की प्रक्रिया वीडियोग्राफी की निगरानी में होगी। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरे भी सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए हैं। नामांकन प्रक्रिया के मद्देनजर सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस पीएसी के जवानों को सौंप गई है। जिस पर सुरक्षा की कमान 2 सर्किल स्तर के अधिकारी के भरोसे होगी। एसपी बृजेश श्रीवास्तव के मुताबिक, कलेक्ट्रेट जाने वाले दो रास्ते हैं। एक तरफ से डायट मैदान तो दूसरी तरफ विकास भवन आने जाने वाले मार्ग हैं। छात्रावास के सामने बैरिकेडिंग की गई है।

इस बैरिकेडिंग के आगे सुबह 11 बजे से 3 बजे तक सामान्य व्यक्ति का प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा मंझनपुर चौराहे से समदा की ओर जाने वाले मार्ग को डायवर्ट किया गया है। आम वाहन एवं नागरिक समदा नहर की ओर से होकर सिराथू एवं सिराथू की ओर से होकर ओसा की ओर जाने वाले वहान समदा होकर गुजरेंगे। प्रयागराज रेंज के आईजी प्रेम गौतम ने कौशांबी का दौरा किया है। अफसर ने बैठक के बाद नामांकन स्थल का निरीक्षण किया। जिला पुलिस को निर्देश दिया है कि वह अपराधियों एवं अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखें। नामांकन के दौरान सुरक्षा का कड़ाई से पालन कराया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### जनमत से निराश राम भुआल का अल्पसंख्यकों पर डोरा

**सुल्तानपुर, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** गठबंधन प्रत्याशी राम भुआल जैसे निषाद समुदाय के वोट मिलने से ना उम्मीद हो गए हैं। जुमे की नमाज के बाद वह अल्पसंख्यकों को रिझाने के लिए मुस्लिम समाज के प्रमुख लोगों से मुलाकात करेंगे। इसौली विधानसभा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान भी उन्हें घोर निराशा हाथ लगने की बात सामने आ रही है। 40 से 50 लोगों का जमावड़ा ही उनके कार्यक्रम स्थल पर देखा गया है। सांसद मेनका गांधी के कार्यक्रम में मुस्लिम महिलाओं की अधिकता देखी जा रही है। जिसकी वजह से समाजवादी पार्टी के खेमे में हलचल बढ़ गई है। ऐसे में मुस्लिम मतदाताओं को जोड़े रखना अब उनके लिए नई चुनौती के रूप में सामने आ रहा है। समाजवादी पार्टी के जिला महामंत्री सलाउद्दीन ने बताया कि जुमे की नमाज के बाद आज वे लोगों से मुलाकात करेंगे।

### प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में आज शामिल होंगे प्रमोद व मोना

**प्रतापगढ़, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज शनिवार को प्रतापगढ़ संसदीय चुनाव के तीन दिवसीय दौरे के तहत सदर विधानसभा क्षेत्र के नगर में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वह दिन में दो बजे नगर के तुलसी सदन (हॉदी हाल) में इण्डिया गठबंधन की ओर से आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वहीं सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना भी बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगी। विधायक मोना इसके बाद सायं साढ़े चार बजे लालगंज स्थित कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगी। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

### हिस्ट्रीसीटर के सिर-माथे लूटकांड

**सुल्तानपुर, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** आजमगढ़ के हिस्ट्रीशीटर के सिरमाथे पर गया जयसिंहपुर का लूटकांड। पहले किया गया 20 हजार का ईनाम, फिर हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने बताया लूटकांड का मुलजिम। जयसिंहपुर कोतवाली के राघवपुर शुकुलपुर में हुई लूटकांड का पुलिस ने किया खुलासा। नौशाद पुत्र शोएब निवासी धौरहरा जिला आजमगढ़ के पैर में गोली लगने की पुलिस द्वारा दी गई जानकारी। तमंचा और 8,500 के साथ पुलिस ने दिखाई गिरफ्तारी। पुलिस मुठभेड़ पर आम नागरिकों में तरह-तरह की चर्चा। जयसिंहपुर सीओ प्रशांत कुमार की तरफ से सार्वजनिक की गई सूचना।

### किसान का एटीएम कार्ड बदलकर टप्पेबाजी 4 लाख 53 हजार किए पार

**सलोन/रायबरेली,26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** दो महीने पूर्व किसान का एटीएम कार्ड बदलकर अलग अलग एटीएम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा बैंक खाते से 4 लाख 53हजार रुपये पार कर दिया गया।पीड़ित का आरोप है कि सूचना देने के बाद भी पुलिस ने उस दौरान कोई कार्यवाही नही की थी।दो महीने बाद अज्ञात व्यक्तियों पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।कोतवाली क्षेत्र के अजय प्रताप चन्द्र निवासी जौदहा ने बताया कि 3 फरवरी24 को वह अपने पिता ओम प्रताप चन्द्र का एटीएम लेकर एसबीआई करहिया एटीएम पर पैसा निकालने गया था।आरोप है कि उस दौरान पीछे खड़े एक अज्ञात व्यक्ति ने धोखे से उसका एटीएम बदलकर अलग अलग एटीएम से 4 लाख 53 हजार रुपये पार कर दिए गए।पीड़ित का आरोप है घटना ई सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई थी।लेकिन पुलिस कर्मियों ने कार्यवाही नही की थी।

### निमंत्रण के दौरान धारदार औजार से तीन लोग घायल

**सलोन/रायबरेली,26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है। एक हफ्ते के अंदर निमंत्रण के दौरान धारदार औजार से अबतक तीन लोग घायल हो चुके है। ताजा घटनाक्रम उमरी गांव का है। तहरीर के मुताबिक उमरी गांव निवासी आनंद तिवारी पुत्र देवेंद्र तिवारी 24 अप्रैल की रात्रि गांव स्थित एक निमंत्रण से लौट रहा था। आरोप है कि रात्रि लगभग साढ़े बारह बजे के दौरान पहले से घात लगाए बैठे गांव के ही हानि और बगहा निवासी सत्यम ने रास्ते मे उसे रोक लिया। युवक के मुताबिक उसने विरोध करने पर धारदार हथियार चाकू से मुंह और सिर पर ताबड़तोड़ काई वार कर दिए। जिससे युवक घायल हो गया। वही घायल युवक को परिजन लेकर कोतवाली पहुँचे। इसके बाद उसका इलाज कराया गया। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र ने बताया कि घटना की तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया गया।

### डा. अलका की पुण्यतिथि पर होंगे विविध कार्यक्रम

**लालगंज, प्रतापगढ़, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** प्रयागराज के मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज की प्रोफेसर तथा चिकित्सा विशेषज्ञ डा. अलका तिवारी की बारहवीं पुण्यतिथि आज शनिवार को यहां समारोहपूर्वक मनायी जाएगी। कार्यक्रम के संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि प्रातः सीएचसी में मरीजों को फल वितरण तथा दोपहर बारह बजे से तहसील के लाइब्रेरी हाल में पुण्यतिथि पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।

# नियमित टीकाकरण पर ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण




**रायबरेली, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** नियमित टीकाकरण माइक्रोप्लानिंग और सुदृढ़ीकरण विषय पर बृहस्पतिवार को शहर के होटल शालीमार में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान और विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से हुआ। इसमें यूएनडीपी और यूनिसेफ ने भी प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेंद्र सिंह ने कहा कि नियमित टीकाकरण से ही शिशु एवं बाल मृत्यु दर में कमी आई है। सही माइक्रोप्लानिंग से नियमित टीकाकरण कार्यक्रम सुदृढ़ हो सकता है` उन्होंने बताया कि शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए जिला अस्पताल एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिदिन टीकाकरण होता है इसके साथ ही शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सोमवार को छोड़कर प्रतिदिन टीकाकरण किया जाता है। शत प्रतिशत बच्चों का नियमित टीकाकरण विभाग की प्राथमिकता में शामिल है। इसलिए माइक्रोप्लान बनाते समय सावधानी बरतें। हर क्षेत्र की अपनी विशेषताएं और दिक्कतें है उनको ध्यान में रखते हुए माइक्रोप्लान बनाएं। जिन बच्चों को जन्म के बाद एक भी टीका नहीं लगा (जीरो डोज) ऐसे बच्चों की पहचान करें और उसका टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। दो साल तक की आयु के सभी बच्चों का पूर्ण टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें।

सुरक्षा चक्र टूटना नहीं चाहिए। इस मौके पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अरुण कुमार वर्मा ने जीरो डोज वाले बच्चों के मुद्दों और चुनौतियों पर जानकारी देने के साथ ही जीरो डोज इंप्लिमेंटेशन प्लान पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में नियमित टीकाकरण में संचार की भूमिका और शहरी क्षेत्र में नियमित टीकाकरण को गति देने पर चर्चा हुई। प्रशिक्षणार्थियों को हेडकाउंट सर्वे करने और ड्यू लिस्ट भरने का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही मीजल्स रूबेला सर्विलांस अपडेट के बारे में बताया गया।

यूविन, वैक्सीन सप्लाई चेन, कोल्ड चेन मैनेजमेंट और एचएमआईएस पर डाटा अपलोड करने संबंधी मुद्दों पर चर्चा हुई। इस मौके पर डॉ राधाकृष्ण, डॉ राकेश यादव, डॉक्टर शरद कुशवाहा जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डी.एस. अस्थाना, विश्व स्वास्थ्य संगठन से डा. पल्लबी. डा. छोटेलाल, शैलेंद्र, अमरेश, यूनिसेफ से वंदना त्रिपाठी और यूएनडीपी के प्रतिनिधि नीरज नागर, चिकित्सा इकाइयों के अधीक्षक और स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, बीपीएम, बीसीपीएम सहित कुल 66 प्रशिक्षणार्थी मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में बिजली कर्मी ने की आत्महत्या

**सलोन/रायबरेली, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** कोतवाली अंतर्गत गिलकैयापुर गांव में एक बिजली मैकेनिक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के दौरान मृतक की माँ वैवाहिक समारोह में शमलित होने बेटी की ससुराल गई हुई थी। घटना कि सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। नगर पंचायत सलोन के वार्ड नंबर 4 गिलकैयापुर निवासी आलोक यादव (22) पुत्र स्वर्गीय रामलखन की बहन सुमन के ससुराल ऊँचाहार में गुरुवार को शादी थी। युवक की माँ कुसुम बेटी सुमन की ससुराल वैवाहिक कार्यक्रम में गई हुई थी। घर पर युवक अकेला था। उसी बीच देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में उसने अपने कमरे के सीलिंग फैन में रस्सी का फंदा बनाकर खुदखुशी कर ली। सुबह लगभग पांच बजे से दस बजे तक उसकी माँ ने कई बार फोन किया लेकिन कोई उत्तर नही मिला।

बार-बार फोन की घण्टी खाली जाने पर माँ बेटी की अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद पड़ोस के रहने दिलीप को फोन कर बेटे से बात कराने के लिए उसकी माँ ने कहा। पड़ोसियों ने दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई उत्तर नही मिला। इसके बाद छत के रास्ते ग्रामीण घर के अंदर प्रवेश हुए तो कमरे का नजारा देख दंग रह गए। स्थानीय लोगो ने परिजनों के साथ घटना की सूचना पुलिस को दे दी। मृतका की बहन ने बताया कि देर रात नौ बजे अंतिम बार भाई आलोक से बात हुई थी। सुबह भाई के फांसी पर लटकने की सूचना मिली।

# मतदाता जागरूकता को ले निकाला मशाल जुलूस

**कौशाम्बी, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय के नेतृत्व में स्वीप के अंतर्गत आज बृहस्पतिवार की सायं को माध्यामिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा तथा पंचायतीराज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित मतदाता जागरूकता मशाल जुलूस रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता मशाल जुलूस रैली डायट मैदान से मंझनपुर चौराहा तक निकाली गई। जनपद के मतदाताओं को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान दिवस 20 मई 2024 को 'छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलों करें मतदान। पहले मतदान, फिर जलपान।

चाहे नर हो या नारी, मतदान है सबकी जिम्मेदारी। सबका यह अरमान है, करना अब मतदान है। भारत देश महान है, करते सब मतदान हैं। प्रजातन्त्र से नाता है, भारत के मतदाता हैं। आओ मिलकर अलख जगायें, शत-प्रतिशत मतदान करायें। हम अपना कर्तब्य निभायेंगे, सबसे मतदान करायेंगे।' आदि स्लोगन के माध्यम से अपने मताधिकार का अवश्य प्रयोग करने के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड, उप जिलाधिकारी आकाश सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ सच्चिदानंद यादव व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ कमलेंद्र कुमार कुशवाहा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध महिला की मौत

**सलोन/रायबरेली,26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** सड़क किनारे खड़ी महिला को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। घायल अवस्था मे अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते मे वृद्ध महिला मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर लेकर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली अंतर्गत माधवपुर पाठक निवासी वृद्धा कान्तिदेवी(59)पत्नी भगवत प्रसाद मिश्र सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान प्रतापगढ़ से सलोन की तरफ अनियंत्रित तेज रफ्तार से जा रही अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने महिला को घायल अवस्था अस्पताल ले जा रहे थे।

# सपा सरकार में था लूट का साम्राज्य : राजेन्द्र

**प्रयागराज, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** फूलपुर लोकसभा 51 के अंतर्गत इलाहाबाद उत्तरी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल ने पार्टी कार्यकताओं समर्थकों संग सघन जनसम्पर्क करते हुए जनता का समर्थन मांगा।

भाजपा मीडिया प्रभारी विवेक मिश्र ने बताया कि आज कम्पनी बाग में जनसम्पर्क करने के बाद वेणीमाधव, भारद्वाज, विश्वविद्यालय एवं शिवकुटी मंडल में भ्रमण एवं जनसम्पर्क किया। इस दौरान लोगों को सम्बोधित करते हुए भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा कि सपा सरकार में लूट का साम्राज्य था, अयोध्या में श्री राम मंदिर का विरोध किसने किया, सब जानते हैं। रामभक्तों पर गोलियां किसकी सरकार में चली, ये बताने की आवश्यकता नहीं। वहीं कांग्रेस ने तुष्टिकरण राजनीति की पराकाष्ठा पार की। नरेंद्र मोदी ने विपक्षियों को मुद्दा विहीन कर दिया है, इसलिए विपक्षी बौखलाए हुए हैं। भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल ने कहा कि उत्तरी विधानसभा में सबसे प्रबुद्ध वर्ग के लोग रहते हैं।

यहां के वोटर्स का खासा प्रभाव होता है। आजादी के बाद सबसे महत्वपूर्ण चुनाव है ये। आने वाले समय में भारत महाशक्ति के रूप में उभरने वाला है और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही यह सम्भव होगा। मोदी को तभी नेतृत्व मिल सकता है जब मतदाता घरों से बाहर निकलकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नरेंद्र मोदी ने देश की सामाजिक राजनैतिक व्यवस्था में मातृशक्ति को वास्तविक सम्मान दिलाया है। इसलिए आने वाले समय में देश की राजनैतिक जिम्मेदारियों की कमान पुरुषों से अधिक महिलाओं के कंधों पर होगी।

मातृ शक्ति के लिए अवसर है कि वे अपनी शक्ति का उपयोग नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए करें। इस दौरान गोपाल बाबू, शशि वार्ष्णेय, अनिल भट्ट, अवनीश तिवारी, भोला सिंह, भरत निषाद, रोहित पांडेय, अनुज सिंह परिहार, राकेश भारती, प्रशांत शुक्ला, नीलू शुक्ला, नीरज दीक्षित, प्रियंका पाराशर, लवलेश मिश्र, आनंद वैश्य सुदर्शन, सचिन जायसवाल, अजय राय, कंचन चंद्रा, उमेश मिश्रा, राघवेंद्र कुशवाहा, प्रेमलता गुप्ता, संदीप यादव, लोकेश मुखर्जी, अरुण सिंह पटेल, गणेश वर्मा, ज्ञानेंद्र गुप्ता, विनीता गुप्ता, पंकज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

# अप्रैल माह में तापमान 43 डिग्री पार

**प्रयागराज, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** जनपद का तापमान अप्रैल माह में 43 डिग्री पार कर गया। शुक्रवार को सड़कों पर सन्नाटा रहा और आसमान से आग बरसती रही। हीट वेव के चलते लोग मुंह में रूमाल बांधकर सड़कों पर देखे गए। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार दिनों तक इसी तरह की गर्मी और लू चलने की संभावना है।

बता दें कि जनपद में सुबह से ही सूरज ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। गर्मी से लोग बेहाल रहे। दिन में चल रही हल्की हवा सूरज के तेवर के आगे फेल रही। सुबह नौ बजे के बाद सड़कों पर लोग निकलने से परहेज करने लगे। जो लोग जरूरी काम से निकले उन्होंने गर्मी से बचाव के लिए शरीर को पूरी तरह ढककर रखा। मौसम के जानकारों के अनुसार अभी पारा और चढ़ने का अनुमान है। अप्रैल माह में पांचवी बार प्रयागराज उत्तर प्रदेश में सबसे गर्म जिला साबित हुआ है। जिसके चलते बृहस्पतिवार को अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। प्रदेश के 30 जिलों में हीट वेव का अलर्ट जारी किया गया है।

जिसमें प्रयागराज का नाम भी शामिल है। यह अलर्ट 25 व 26 अप्रैल के लिए किया गया है। मौसम विभाग ने भी अनुमान जताया है कि मंगलवार यानि 30 अप्रैल तक तापमान में निरंतर वृद्धि होगी। इसके अलावा मौसम पूरी तरह से साफ रहेगा। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने हीट वेव के खतरे को देखते हुए अपनी सभी तैयारियां कर ली है। बुधवार की तरह बृहस्पतिवार को भी सुबह से ही तेज धूप ने लोगों का घर से निकलना मुश्किल कर दिया। जिसकी वजह से जन जीवन अस्त व्यस्त रहा। रोजमर्रा के काम को लेकर घर से बाहर निकलने वालों को गर्मी के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आलम यह था कि हर 15 से 20 मिनट में गला सूख रहा था। हालांकि इस दौरान चल रही हल्की हवाओं ने थोड़ी बहुत राहत पहुंचाने का काम जरुर किया।

# एसएमपीएस रसूलपुर में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को वितरित की गई पुस्तकें



**सरेनी/रायबरेली, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** क्षेत्र का अग्रणी एवं प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान शिव मेमोरियल पब्लिक स्कूल रसूलपुर सरेनी में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तकों का वितरण किया गया। किताबें पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

हर हाथ किताब की मंशा से विद्यालय में कक्षा 9 से 12 तक के सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ पुस्तकें वितरित की गई। विद्यालय के संरक्षक अरुण कुमार त्रिवेदी ने कहा कि कई बार ग्रामीण स्तर के बच्चे सुख सुविधाओं के अभाव में अच्छी शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। मैंने भी पुस्तकों के अभाव में अपनी पढ़ाई की है, जिसका दर्द मुझे पता है। प्रत्येक शिक्षार्थी अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सके व उनके अभिभावकों के मन में प्राइवेट स्कूल की लूट का डर खत्म हो,इस उद्देश्य से निःशुल्क पुस्तकों का वितरण किया गया।

विद्यालय द्वारा निःशुल्क पाठ्य पुस्तकों के वितरण पर क्षेत्र के अभिभावकों व विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है। अभिभावकों का कहना है कि जहां एक तरफ दूसरे प्राइवेट विद्यालय फीस,एडमिशन और किताबों के नाम पर अभिभावकों से मोटी रकम वसूल रहे हैं तो वहीं इस विद्यालय में न्यूनतम शिक्षण शुल्क में व निःशुल्क पाठ पुस्तकें देकर बेहतर शिक्षा देने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

विद्यालय के व्यवस्थापक आनंद त्रिवेदी ने कहा कि क्षेत्र में प्रत्येक बच्चे को विद्यालय द्वारा न्यूनतम शुल्क में अच्छी शिक्षा देने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। निर्धन व असहाय बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने का कार्य भी संस्थान द्वारा किया जा रहा है और आगे भी यही प्रयास रहेगा की कोई भी बच्चा धन व पाठ्य पुस्तकों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# सार्वजनिक रास्ते को अवरुद्ध करने पर उतारू दबंग, ग्रामवासियों में आक्रोश

**सुलतानपुर, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** कोतवाली देहात अंतर्गत प्रयागराज हाईवे पर स्थित ग्राम पंचायत अहिमाने में बाजार के मध्य से निकलकर चकरपुर, जनऊपुर, रायमनपुर, तिवारीपुर, पितांबरपुर, उतुरी आदि गांवों तक जाने वाले संपर्क मार्ग में दबंग किस्म के जय प्रकाश मिश्र पुत्र स्वर्गीय कमला प्रसाद मिश्र आदि द्वारा सार्वजनिक रास्ते में सीढ़ी बनाने व छज्जा निकालकर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है, जिससे भारी वाहन एवं आवागमन के अन्य साधन लेकर आने-जाने में सभी ग्राम वासियों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा !जिसकी शिकायत सभी ग्राम वासियों ने कोतवाली देहात पुलिस को लिखित रूप से देकर सार्वजनिक रास्ते में हो रहे अवैध निर्माण को शीघ्र रोके जाने की मांग की है।

# दिव्यांगता क्षेत्र में उत्कृट कार्य करने वाले पुरस्कार के लिए करें आवेदन

**प्रतापगढ़, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया है कि 3 दिसम्बर 2024 हेतु विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों/ संस्थाओं को राज्य स्तरीय पुरस्कार दिये जाते है। इच्छुक व्यक्ति एवं स्वैच्छिक संस्थान राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र पूर्ण विवरण/ अभिलेखों/ प्रपत्रों के साथ 3 प्रतियों में अविलम्ब कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतापगढ़ कक्ष संख्या 25 में जमा कर सकते है।

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा राज्य पुरस्कार हेतु 12 विभिन्न श्रेणियों की व्यवस्था की गयी है। राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु 12 श्रेणियों का निर्धारिण किया गया है जिनमें दक्ष दिव्यांग कर्मचारी/ स्वनियोजित दिव्यांगजन के लिये, दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेन्ट अधिकारी या एजेन्सी के लिये सेवायोजकों को, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिये, प्रेरणास्त्रोत हेतु, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिये, दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिये, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवायें प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिला के लिये, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग व्यस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिका हेतु, सर्वश्रेष्ठ ब्रेसप्रेस के लिये, दिव्यांगजन के लिये सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट हेतु, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ियों के लिये तथा दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी/ कर्मचारी के लिये राज्य स्तरीय पुरस्कार निर्धारित किया गया है।

# निर्वाचन तैयारियों के सम्बन्ध में प्रभारी अधिकारियों की हुई बैठक

## आदर्श चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन कराया जाये : जिनिअ

**प्रतापगढ़, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने मतदान कार्मिक, मतगणना कार्मिक, माइक्रो प्रेक्षक, सहायक व्यय प्रेक्षक, सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेट, ईपीडीएस व्यवस्था, शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा वलनैरैबिलिटी मैपिंग, वाहन/ईंधन व्यवस्था, मतपत्र व्यवस्था, मतदान/ मतगणना कार्मिकों, माइक्रो प्रेक्षकों, सहायक व्यय प्रेक्षकों, सेक्टर/ जोनल मजिस्ट्रेटों आदि का प्रशिक्षण, टेन्ट, फर्नीचर बैरीकेडिंग एवं विद्युत व्यवस्था, लेखन सामग्री/निर्वाचन सामग्री, इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन एवं वीवी पैट व्यवस्था, मतदान पार्टी प्रस्थान तथा वापसी, मतदाता सूची व्यवस्था, मतगणना व्यवस्था, सांख्यकीय सूचनाओं के प्रेषण की व्यवस्था एवं डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन मैनेजमेन्ट प्लान तथा अन्य बुकलेट, भोजन एवं खान पान व्यवस्था, मतगणना के पश्चात ईवीएम एवं वीवी पैट की सुरक्षा, कन्ट्रोल रूम व्यवस्था, प्रभारी अधिकारी वीडियोग्राफी, वेब कास्टिंग, मानचित्र, रूट चार्ट एवं सेक्टर/जोन का गठन, प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय लेखा तथा यात्रा भत्ता, प्रभारी अधिकारी पेड न्यूज, प्रभारी अधिकारी डाक इन्डेक्स, प्रभारी अधिकारी स्वीप आदि की तैयारियों की बिन्दुवार समीक्षा की गयी एवं सम्बन्धित प्रभारी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

बैठक में दौरान समस्त प्रभारी अधिकारियों ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन में सौपे गये कार्यो/तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी दी एवं जो भी समस्यायें आयी उनके सम्बन्ध में अवगत कराया। उन्होने प्रभारी अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन कार्य को कुशलतापूर्वक, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से समयान्तर्गत सम्पन्न कराने के प्रति उत्तरदायी होगें, यदि किसी कार्य के सम्पादन में कोई कठिनाई हो रही है तो उसे सम्बन्धित उच्चाधिकारी को संज्ञान में लाकर उसका निराकरण करते हुये लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सम्पन्न करायें।

उन्होने सभी आरओ/एआरओ से कहा कि निर्वाचन कार्य में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जो जांच हेतु टीमे लगायी गयी है वह अपने क्षेत्रों के अन्तर्गत क्रियाशील रहे एवं विधानसभावार जो भी निर्वाचन के कार्य किये जाये उन सबका लेखा-जोखा रखा जाये और उसकी जानकारी भी रखें, अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाये। उन्होने निर्देशित किया कि उड़नदस्ता टीमों द्वारा जो भी नकदी पकड़ी जाये उसे कोषागार के डबल लॉक में रखा जाये।

उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता का क्षेत्रों में कड़ाई से अनुपालन कराया जाये, अपने अपने क्षेत्रों में निरन्तर निगरानी करते रहे, यदि कहीं भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन पाया जाये तो आवश्यक कार्रवाई की जाये। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक कर लें जिससे निर्वाचन कार्य में वाहन की पूर्ति हो सके। उन्होने प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न करायें, सभी अपने-अपने कार्यो के प्रति सजग रहे, निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता न बरती जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद सहित समस्त उपजिलाधिकारी, प्रभारी अधिकारी एवं निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# प्रेक्षकों ने स्ट्रांग रूम, मतगणना हॉल का किया निरीक्षण



**शाहजहांपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल शान्तिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह के साथ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए बनाए गए सामान्य प्रेक्षक बाबूलाल गोयल, पुलिस प्रेक्षक राजीव रंजन एवं व्यय प्रेक्षक अंबालाल नायक ने रोजा मंडी समिति में बनाए गए स्ट्रांग रूम, मतगणना हॉल का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रेक्षकगणों ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन एवं ददरौल विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन हेतु बनाये गये स्ट्रांग रूम एवं मतगणना हॉल की गहनतापूर्ण निरीक्षण किया।

प्रेक्षकगणों ने निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम, बैरिकेडिंग व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ सफाई, सुरक्षा सहित आदि यवस्थाओं का जायजा लिया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षा के दृष्टिगत सभी बिन्दुओं को चेक करते हुये निर्देश दिये कि स्ट्रांग रूम एवं मतगणना हॉल में निर्धारित दूरी पर टॉवर स्थापित कर निरंतर निगरानी की जाये। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कक्ष को भी देखा तथा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी सीसीटीवी सुचारू रूप से निरंतर संचालित रहे।

स्ट्रांग रूम एवं मतगणना सहित संपूर्ण परिसर में अग्नि सुरक्षा का प्रबन्ध करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। सुरक्षा के दृष्टिगत विशेष स्थिति हेतु उन्होंने सभी कक्षों के टीन शेड में छेदों की मरम्मत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को सकुशल रूप से संपन्न कराया जाएगा। जनपद में 13 मई को मतदान एवं 4 जून को मतगणना होगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

## स्कूल में सीबीएसई के नियमों का होता है पालन: जसवीर

**बेंडा/शाहजहांपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** गुरु तेग बहादुर एजुकेशनल एकेडमी के प्रबंधक जसवीर ने एक भेंट में बताया कि उनके स्कूल के बच्चों के बैग सरकारी बैग पालिसी के अनुसार है।



छात्र-छात्राओं के टाइम टेबल के तहत छात्र-छात्राओं की पुस्तके बैग में रखी होती है। जिनका बजन बहुत कम होता है। जसवीर सिंह ने बताया कि उनकी संस्था सीबीएसई के नियमों के मानकों के अनुसार सभी कार्य करती है। छात्र-छात्राओं की पढ़ाई पर अधिक ध्यान दिया जाता है। पढ़ाई लिखाई में कोई लापरवाही नही बरती जाती है। यही कारण की उनकी संस्था का परीक्षा फल टॉपटेन रहता है। उन्होंने बताया कि हमारी संस्था में योग्य शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शिक्षण कार्य किया जाता है। बच्चों की मानीटरिंग के लिए अलग से स्टाफ की व्यवस्था की गयी है, किसी बच्चे को कोई परेशान हो तो वह अपने प्रधानाचार्य से कह सकता है उसकी समस्या का तुरन्त निस्तारण किया जाता है।

## सपा से राजेश का परचा खारिज ज्योत्सना हो सकती गठबंधन प्रत्याशी



**शाहजहांपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी राजेश कश्यप का नामांकन पत्र खारिज हो गया है। शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच के दौरान कलक्ट्रेट पहुंचे सपा प्रत्याशी ने खुद इसकी पुष्टि की है। उन्होंने सपा के एमएलसी राजपाल कश्यप पर खेल करने का आरोप लगाया। अब ज्योत्सना गौड़ सपा प्रत्याशी हो सकती हैं। इन्होंने भी सपा से नामांकन कराया था। ज्योत्सना राजपाल कश्यप की भांजी हैं।

आपको बता दे कि शाहजहांपुर लोकसभा चुनाव के लिए 21 प्रत्याशियों ने परचा दाखिल किया था। जिसमे भाजपा से एक, समाजवादी पार्टी से दो, बसपा से एक, सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से एक, सीपीआई से एक, राष्ट्रीय सनातन पार्टी से एक, संयुक्त विकास पार्टी एक, राष्ट्रीय क्रांति पार्टी से एक, भारतीय भाईचारा पार्टी से एक, नेताजी सुभाष चंद्र बोस राष्ट्रीय आजाद पार्टी से एक, मानव क्रांति पार्टी से एक, भारतीय मजदूर जनता पार्टी से एक, आजाद अधिकार पार्टी से एक और सात निर्दलीय उम्मीदवारों ने नामांकन कराए थे।

शुक्रवार को नामांकन पत्रों की जांच हो हुई इस बीच सपा प्रत्याशी राजेश कश्यप कलक्ट्रेट पहुंचे। कलक्ट्रेट से बाहर निकलने पर सपा प्रत्याशी ने बताया कि राजपाल कश्यप ने उनके साथ खेल करके अपनी भांजी ज्योत्सना गौड़ को सपा से प्रथम प्रत्याशी करा दिया। जबकि उनका परचा खारिज कर दिया गया है। सपा के एमएलसी राजपाल कश्यप समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष हैं। उनकी भांजी ज्योत्सना गौड़ हरदोई के मझरेता की रहने वाली हैं।

उन्होंने सपा से अपना नामांकन कराया था। फिलहाल अभी नामांकन पत्रों की जांच चल रही है। बता दें कि शाहजहांपुर लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। अगर ज्योत्सना गौड़ का परचा वैध पाया जाता है तो वह सपा की प्रत्याशी हो सकती हैं।

## छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में उच्च प्राथमिक विद्यालय गुलामऊ से 3 छात्र चयनित

**हरदोई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा में उच्च प्राथमिक विद्यालय गुलामऊ, विकास खंड बावन,हरदोई के 3 छात्रों का चयन हुआ।



जनपद सूची में सुधाकर सिंह,चन्दन सिंह, आर्यवर्धन सिंह चयनित हुये हैं। सुधाकर सिंह ने 113/150 में जनपद में 22 वीं रैंक,चन्दन सिंह ने 112/150 में जनपद में 23 वीं रैंक तथा आर्यवर्धन सिंह ने 109/150 में जनपद में 26 वीं रैंक प्राप्त की है। इन चयनित छात्रों को कक्षा 09 से 12 तक प्रतिवर्ष 12000 रुपए की छात्रवृत्ति सरकार द्वारा प्रदान की जायेगी। छात्रों की मेहनत व हौसले पर सभी गुरुजनों व परिजनों हौसला अफजाई किया है, साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## बुखार व उल्टी दस्त से पिता-पुत्र की मौत, गलत दवाई देने का आरोप

**बिलग्राम/हरदोई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** कोतवाली क्षेत्र के भिख्खापुरवा कटरी छिबरामऊ में उल्टी दस्त और बुखार से बीमार पिता पुत्र की मौत हो गयी ।परिजनों ने प्राइवेट क्लीनिक संचालक पर गलत दवाई देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

मृतक मान सिंह के भाई राजेश कुमार ने बताया कि मेरा भाई मान सिंह उम्र 32 वर्ष व मेरा भतीजा गोलू उम्र 7 वर्ष बुखार व उल्टी दस्त से बीमार थे जिनको इलाज के लिए छिबरामऊ के प्राइवेट क्लीनिक पर ले जाया गया ,डॉक्टर ने दोनों को दवाई दी जिसके बाद रात में बच्चे की हालत बिगड़ गयी। परिजनों ने दोबारा फिर उसी डाक्टर को दिखाया ,डाक्टर ने फिर दवाई दी और बच्चे को घर ले जाने को कहा, गुरुवार रात को पिता मानसिंह और पुत्र गोलू की फिर हालत बिगड़ती देख घरवालों ने दोनों को बिलग्राम सीएचसी में दिखाया ,जहां पर इलाज के दौरान गोलू की मौत हो गई और पिता मान सिंह को हरदोई के लिए रेफर कर दिया गया ।जहां पर मान सिंह की भी मौत हो गई। मृतक के भाई राजेश कुमार का आरोप है कि झोलाछाप डॉक्टर ने भतीजे गोलू व मेरे भाई का गलत इलाज किया,जिस कारण उनकी मौत हुई है। उन्होंने बताया कि यदि समय रहते झोलाछाप डॉक्टर मेरे भाई व भतीजे को अस्पताल भेज देता तो भाई व भतीजे की जान बच सकती थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मर्चरी भेज दिया है और भाई की तहरीर पर प्राइवेट क्लीनिक संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। सीएचसी अधीक्षक राजेन्द्र कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है जो भी तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर कार्रवाई होगी।

## पटाखा फटने से बालक घायल

**बिलग्राम/हरदोई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** थाना क्षेत्र के ग्राम कलेनापुर गांव में पड़ोसी के घर में चल रहे कार्यक्रम में आतिशबाजी के दौरान एक पटाखा बिना दगे जमीन पर गिर गया। पास ही में खेल रहे एक 9 वर्षीय बालक दुर्गेश पुत्र खुशीराम उसे उठाने को दौड़ा। पटाखा उठाते ही वो दग गया जिससे बालक का हाथ व शरीर गंभीर रूप से झुलस गया। बच्चे के पिता खुशीराम ने बताया कि गांव में शादी के बाद विदाई का कार्यक्रम चल रहा था जिसमें घर वाले खुशी में पटाखे फोड़ रहे थे एक पटाखा फोड़ने के दौरान मिस हो गया ।पास में ही खेल रहा मेरा पुत्र दुर्गेश उसे उठाने के लिए दौड़ पड़ा जैसे ही दुर्गेश ने पटाखे को हांथ में उठाया , पल भर में ही पटाखा दग गया। जिससे उसका शरीर झुलस गया और हाथ की अंगुलियां फट गईं।

पिता ने अपने पुत्र को आनन फानन में उपचार के लिए सीएचसी बिलग्राम में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों द्वारा बालक का उपचार किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### लीक हो रहे सीवर कनेक्शन

**शाहजहांपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** शहर में अभी सीवर लाइन का कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है लेकिन डाली गयी सीवर लाइन के कनेक्शन लीक होने व चैम्बर लीक होने की शिकायतें मिलने लगी है, जिससे कराये गये कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। हालांकि सीवर लाइन के कार्य का पर्यवेक्षण लगातार निगम के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा किया जाता रहा है और कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक बतायी जाती है, तो यह कमियां कहां से हो रही हैं। घरों की नाली का पाइप जिस चैम्बर से जोड़ा जाता है उस चैम्बर का पानी वापस नाली में जा रहा है। कई-कई जगह पर घरेलू कनेक्शन के लिए डाले गए पाइप ही दब गए हैं, कई जगह पाइप उखड़े पड़े हैं। शहर की कई गलियां ऐसी हैं जहां सीवर लाइन डालने के बाद रोड तो बनाया गया है लेकिन सिर्फ मिट्टी भरकर सीमेन्ट का घोल डाल दिया है मिट्टी दबने के बाद रोड के बीच में एक नाली बन गयी है जिसमें दो पहिया वाहन सवार फंसकर गिर जाते हैं, और राहगीरों को चोट भी आ जाती है। निगम में शिकायत करने के बाद दोबारा वहीं प्रक्रिया अपनायी जाती है और उस नाली के ऊपर मसाले का घोल बनाकर इतिश्री कर ली जाती है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बिलग्राम/हरदोई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** कन्नौज मार्ग छिबरामऊ गांव के पास एक तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जानकारी के अनुसार बाइक सवार नेम सिंह 25 वर्ष पुत्र मांगू लाल निवासी ग्राम पैंदापुर जिला कन्नौज अपने गांव से बिलग्राम क्षेत्र के नाऊ पुरवा गांव में रिश्तेदारी में आ रहा था जैसे ही उसकी बाइक छिबरामऊ गांव के पास पहुंची तभी तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों की मदद से घायल बाइक सवार नेम सिंह को आनन फानन में उपचार के लिए नजदीकी सीएचसी बिलग्राम लाया गया जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद घायल बाइक सवार की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# कांग्रेस भ्रष्टाचार व सपा माफियाओं की जननी: अग्रवाल

**हरदोई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल ने एक कार्यकर्ता सम्मेलन में सपा और कॉग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होने कहा कि कॉग्रेस ने भ्रष्टाचार को जन्म दिया जबकि सपा ने गुण्डो और माफियाओं को पैदा किया। मोदी जी ने न केवल भ्रष्टाचार खत्म किया बल्कि गुण्डों और माफियाओं पर भी नकेल कसी है, इसीलिए आज भी समूचा विपक्ष मिलकर मोदी हटाओ अभियान चला रहा है।



पूर्व सांसद श्री अग्रवाल, यहॉ गॉधी मैदान में हरदोई से भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत के समर्थन में कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे ।उन्होंने विपक्षी दलों को तुष्टीकरण का पोषक बताते हुए कहा कि सभी दलों को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित किया गया लेकिन विपक्षी नेताओं ने वहॉ जाना मुनासिब नहीं समझा। श्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार, जातिवाद और गरीबी उन्मूलन की पक्षधर है। भाजपा सबको समान रूप से बिना किसी भेद-भाव के एक सूत्र में पिरोकर देश व समाज के विकास के लिए काम कर रही है। श्री अग्रवाल ने सम्मेलन में मौजूद कार्यकताओं को अपनी सियासत का आधार बताते हुए कहा यह विशाल परिवार हमेशा उनके साथ खड़ा रहा एक बार फिर इन कार्यकताओं के दिली सहयोग की आवश्यकता हैं उन्होने लोक सभा चुनाव को देश की अस्मिता से जोड़ते हुए कहा कि यह चुनाव साधारण चुनाव नहीं बल्कि देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाने का चुनाव है इसलिए एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करना है।

उप्र सरकार के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि भाजपा के 10 वर्ष के शासन काल में भ्रष्टाचार का एक भी मामला प्रकाश में नहीं आया जबकि कॉग्रेस शासन में हरदिन भ्रष्टाचार का कोई न कोई मामला निकलकर सामने आता था उन्होंने सपा पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि सपा ने अतीत जैसे माफिया पैदा किये, उन्हें एमपी, एमएलए बनाया जबकि भाजपा ने गुण्डों और माफियाओं को मिट्टी में मिलाने का काम किया है। आबकारी मंत्री ने नारा दिया 'अबकी बार, जयप्रकाश 3 लाख पार' उन्होने कहा कि इस नारे को चरितार्थ करना होगा। मंत्री श्री अग्रवाल ने क्षेत्रीय लोगों से सवाल किया कि उनका परिवार 50 साल से लोगों की सेवा कर रहा है इसके विपरीत कुछ लोग केवल चुनाव में आते हैं और भारी संख्या में वोट ले जाते हैं। यह विषय उनके लिए बहुत खेदजनक है उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि वह हमेशा की तरह क्षेत्र के लोगों के साथ उनके दुख-सुख में खड़े रहेंगे। श्री अग्रवाल ने विपक्ष पर अधर्म की राजनीति करने का भी आरोप लगाया। श्री अग्रवाल ने सम्मेलन में भारी संख्या में मौजूद लोगों से हाथ उठवाकर भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देने का आश्वासन लिया। भाजपा प्रत्याशी जयप्रकाश रावत ने कहा कि लगभग 6 दशक तक क्षेत्र की राजनीति में एक ही परिवार का दबदबा रहा है, उस परिवार ने स्वजातीय होने के आधार पर वोट हासिल किये लेकिन अपने समाज का भला नहीं किया। वह न केवल समाज को आगे बढ़ायेगे बल्कि मान-सम्मान की सुरक्षा भी करेंगे।

अजीत सिंह 'बब्बन' ने भाजपा सरकार की योजनाओं का बखान करके पूर्ववर्ती सरकारों की नाकामियों का ब्यौरा रखा उन्होंने भाजपा के दोनों प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताने की अपील की। सम्मेलन का संचालन अरविन्द कुमार, इटोरिया ने किया इस मौके पर मुख्यरूप से संदीप वर्मा, श्रीराम वर्मा, रामनाथ फौजी, रतीराम वर्मा, सुरेश नाहर, महेश वर्मा, रामगोपाल, श्यामलाल हरसिंगपुर, विजयपाल सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवती को भगा ले जाने का आरोप

**शाहाबाद/हरदोई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले पिता ने अपनी 22 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए एक युवक पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि जब वह अपनी पुत्री को भगा ले जाने की शिकायत करने के लिए आरोपी के घर गया तो उसके परिजनों ने उसे गाली गलौज करते हुए जान माल की धमकी दी। क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले पीड़ित पिता ने बताया ,धर्मवीर यादव पुत्र सेवाराम निवासी मोहल्ला खलील उसकी 22 वर्षीय पुत्री को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता का आरोप है कि जब वह शिकायत करने के लिए विपक्षी के घर पहुंचा तो उसके परिवार के लोगों ने गाली गलौज करते हुए उसे जानमाल की धमकी दी।

# बस व बुलेरो की टक्कर से सात घायल

**खुदागंज/शाहजहांपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** बस और बोलेरो की आमने सामने टक्कर हो गई। हादसे में बुलेरो सवार सात लोग घायल हो गए। हादसे के बाद बस चालक बस छोड़ कर भाग गया। सूचना मिलते पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को पीएचसी पर भिजवाया। जहां चार की हालत गंभीर देखते हुए उनको मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। बुलेरो सवार सभी लोग एक शादी में जा रहे थे। बताया जा रहा है कि जिस बस ने टक्कर मारी है वह मोदी की रैली में आये हुए कार्यकर्ताओ को छोड़कर वापस लौट रही थी।

घटना थाना खुदागंज क्षेत्र के गांव अकबरपुर के पास की है जहां बस ने बुलेरो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बुलेरो में बैठे सात लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही खुदागंज थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए उसके सभी को खुदागंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। जहाँ चार की हालत गंभीर होने पर उनको राजकीय मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। सभी घायल तिलहर थाना क्षेत्र के बताए जा रहे है। सभी खुदागंज एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे।

गुरुवार की शाम पीएम नरेंद्र मोदी मोदी की शाहजहांपुर में बरेली मोड़ के पास जनसभा थी। स्कूल की बस जनसभा खत्म होने के बाद कार्यकर्ताओ को छोड़कर वापस लौट रही थी तभी अकबरपुर के पास आमने-सामने टक्कर हो गई। तीन घायलो का पीएचसी और चार का राजकीय मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। वही खुदागंज प्रभारी ने बताया कि बस बुलेरो को टक्कर मारी है। बुलेरो सवार सात लोग घायल हुए है। सभी को अस्पताल भेजा गया है जहां उनका इलाज किया जा रहा है साथ ही बस चालक बस छोड़कर फरार हो गया है उसकी भी तलाश की जा रही है।

## दबंगों पर लगाया मारपीट का आरोप

**शाहाबाद/ हरदोई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक युवक को पीट कर उसके दांत तोड़ दिए। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। क्षेत्र के दौलतियापुर निवासी रामदत्त पुत्र अंगद ने बताया ,राजीव,विनीत अमित कुमार पुत्रगण कृपा शंकर निवासी मंगलीपुर ने पुरानी रंजिश के चलते उसको गाली गलौज किया।

गाली गलौज का विरोध करने पर उपरोक्त लोगों ने राम दत्त को पीटना शुरू कर दिया। उसका भाई राम प्रकाश जब बचाने के लिए आया तो दबंगों ने राम प्रकाश के मुंह पर बार कर दिया, जिससे उसके दांत टूट गए।

घटना की रिपोर्ट राजीव, विनीत और अमित कुमार के विरुद्ध दर्ज कराई गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# उल्जा रोड पर लगा कूड़ा, गंदगी का अंबार

## गोवंशों सहित आम जनमानस को दे रहा बीमारी की दावत

**बघौली/हरदोई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** प्रधानमंत्री द्वारा चलाई गई स्वच्छ भारत मिशन योजना के जिम्मेदार जमकर धज्जियां उड़ा रहे हैं। केंद्र सरकार स्वच्छ भारत मिशन योजना का सपना साकार करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। मगर आज भी शासन प्रशासन में बैठे जिम्मेदार उसकी अनदेखी कर रहे हैं।



बता दें, जनपद हरदोई के नगर पंचायत बेनीगंज में स्वच्छ भारत मिशन योजना पर साफ तौर पर पानी फिरता नजर आ रहा है जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते कई वर्षों से नगर से निकलने वाला कूड़ा करकट गंदगी का अंबार उल्जा रोड पर लगा है जो बेनीगंज देहात वासियों के लिए किसी बड़ी मुसीबत से कम नहीं है। इसकी वजह से गोवंशों सहित आम जनमानस के लिए बीमारी का खतरा मंडराता रहता है जो कूड़ा स्वच्छ भारत मिशन का एक अनूठा प्रमाण साबित कर रहा है। घूम रहे आवारा छुट्टा गोवंश गंदे कूड़ा गंदगी को अक्सर खाया करते हैं जो गोवंशों के लिए हानिकारक है। इसी रोड से दर्जनों गांवों के ग्रामीणजनों सहित स्कूली बच्चों का आना-जाना बना रहता है। आसपास रहने वाले लोगों के लिए भी बीमारी पनपने का खतरा बना रहता है। हालांकि इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया के माध्यम से भी इसकी दर्जनों बार आवाज उठाई गई लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते इस ओर अभी तक ध्यान नहीं दिया गया। वहीं शासन की मंशानुसार गंगापुर गांव के पास कूड़ा को डंप करने के लिए लाखों रुपए की लागत से बनाया गया एमआरएफ सेंटर जो केवल शो पीस बनकर रह गया है। बेनीगंज देहात प्रधान प्रतिनिधि रियासत अली का कहना है वर्षों से लगे कूड़े को ढेर को जल्द ही हटवाया जाए। गंदगी से लोगों को राहत मिल सके। उपरोक्त विषय पर अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ता ने बताया, एमआरएफ सेंटर को शुरू कर दिया गया है नगर से निकलने वाला कूड़ा एमआरएफ सेंटर में डंप हो रहा है। उल्जा रोड पर लगा कूड़ा जल्द ही वहां से हटवा दिया जाएगा। फिलहाल अब देखना दिलचस्प होगा भोली-भाली जनता व राहगीरों को कूड़ा करकट गंदगी से निजात मिल पाएगी या फिर इसी तरीके से कूड़ा करकट का जमावड़ा लगा रहेगा।


**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि**

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएँ भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी:-

**01015/01016 दादर-गोरखपुर-दादर विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में 2 दिन) — 06 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01015 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01016 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:30 | दादर | 00:25 | --- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | --- | गोरखपुर | --- | 15:30 |

**चलने के दिन: 01015 दादर** से 27.04.2024 से 04.05.2024 (शनिवार, बुधवार) तक। और **01016 गोरखपुर** से 29.04.2024 से 06.05.2024 (सोम., शुक्र.) तक।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल जं., खांडवा, इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**01427/01428 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)-गोरखपुर-लोकमान्य तिलक(टर्मि.) एक्सप्रेस विशेष — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01427 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01428 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:50 | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | 00:25 | --- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | --- | गोरखपुर | --- | 15:30 |

**चलने के दिन: 01427 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)** से 26.04.2024 एवं 01.05.2024 को और **01428 गोरखपुर** से 28.04.2024 एवं 03.05.2024 को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य;
**ठहराव:** ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड, जलगांव, भुसावल जं., खांडवा, इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**01411/01412 पुणे-गोरखपुर-पुणे विशेष एक्सप्रेस — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01411 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01412 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 06:30 | पुणे | 06:40 | --- |
| 09:35 | 09:40 | लखनऊ | 23:50 | 23:55 |
| 14:50 | --- | गोरखपुर | --- | 18:20 |

**चलने के दिन: 01411 पूणे** से 27.04.2024 को और **01412 गोरखपुर** से 28.04.2024 को।; **स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य;
**ठहराव:** हडपसर, दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल जं., खांडवा, इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं., उरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**02250/02249 दिल्ली जं.-पटना जं.-दिल्ली जं. विशेष एक्सप्रेस — 02 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 02250 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 02249 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 19:30 | दिल्ली जं. | 05:40 | --- |
| 11:45 | --- | पटना जं. | --- | 13:00 |

**चलने के दिन: 02250 दिल्ली जं.** से 27.04.2024 को और **02249 पटना जं.** से 28.04.2024 को।
**स्थान:** 3 टियर वाता. एकोनॉमी; **ठहराव:** कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा स्टेशन।

**09478 पटना जं.-साबरमती विशेष एक्सप्रेस — 01 फेरा**

| रेलगाड़ी सं. 09478 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन |
|---|---|---|
| --- | 11:30 | पटना जं. |
| 22:45 | 22:55 | लखनऊ |
| 19:40 | --- | साबरमती |

**चलने के दिन: 09478 पटना जं.** से 27.04.2024 को
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य; **ठहराव:** आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., वाराणसी, जौनपुर सिटी, सुलतानपुर, लखनऊ, कानपुर सेन्ट्रल, टूण्डला जं., आगरा फोर्ट, अछनेरा जं., भरतपुर जं., बाँदीकुई जं., जयपुर, फुलेरा जं., अजमेर जं., आबू रोड, पालनपुर जं. एवं महेसाना जं. स्टेशन।

**08481/08482 पुरी-आनन्द विहार(टर्मि.)-पुरी विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 18 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 08481 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 08482 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 23:45 | पुरी | 21:30 | --- |
| 09:50 | --- | आनन्द विहार(टर्मि.) | --- | 11:50 |

**चलने के दिन: 08481 पुरी** से 29.04.2024 से 24.06.2024 (सोमवार) तक और **08482 आनन्द विहार(टर्मि.)** से 01.05.2024 से 26.06.2024 (बुधवार) तक
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य;
**ठहराव:** साक्षीगोपाल, खोरधा रोड, भुवनेश्वर, कटक, जखपुरा, हरिचन्दनपुर, केन्दुझरगढ़, बांशपानी, डांगोवापोसी, चाईबासा, चाण्डिल, मूरी, बोकारो स्टील सिटी, एनएससी गोमोह, कोडरमा, गया, सासाराम, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज, कानपुर सेन्ट्रल एवं टूण्डला स्टेशन।

**04672 जम्मू तवी-नई दिल्ली विशेष एक्सप्रेस — 01 फेरा**

| रेलगाड़ी सं. 04672 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन |
|---|---|---|
| --- | 17:35 | जम्मू तवी |
| 04:20 | --- | नई दिल्ली |

**चलने के दिन: 04672 जम्मू तवी** से 27.04.2024 को
**स्थान:** 3 टियर वाता.; **ठहराव:** पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना, धूरी, जाखल, जीन्द, रोहतक एवं शकूरबस्ती स्टेशन

**04221 वाराणसी-दिल्ली जं. विशेष एक्सप्रेस — 01 फेरा**

| रेलगाड़ी सं. 04221 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन |
|---|---|---|
| --- | 19:20 | वाराणसी |
| 10:55 | --- | दिल्ली जं. |

**चलने के दिन: 04221 वाराणसी** से 27.04.2024 को
**स्थान:** 3 टियर वाता.,
**ठहराव:** भदोही, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., अमेठी, राय बरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहांपुर जं., बरेली, मुरादाबाद, हापुड़ जं. एवं गाजियाबाद स्टेशन

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

You Tube पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा—हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1246/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

शनिवार, 27 अप्रैल 2024

विक्रम संवत्- 2081, बैशाख कृष्ण पक्ष- तृतीया

## सुप्रीम फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वीवीपैट से डाले जाने वाले हर वोट के सत्यापन की मांग करने वाली याचिकाओं को भले खारिज कर दिया हो, लेकिन ईवीएम के इतिहास में पहली वार उसने इन मशीनों की जांच का रास्ता खोल दिया है। ऐसे में यह विपक्षी दलों के लिए बड़ा झटका होने के बावजूद राहत की बात भी है। सुप्रीम फैसले के बाद अब यह साफ हो गया है कि भले ईवीएम से निकली पर्ची का वीवीपैट मशीनों से 100% मिलान भले न हो पाए लेकिन अगर चुनाव में हारे दूसरे या तीसरे नंबर के प्रत्याशी को ईवीएम मशीन पर शक हो तो वह परिणाम आने के सात दिन के अंदर इसकी शिकायत कर सकता है। हाँ, शिकायतकर्ता पराजित उम्मीदवार को इसका खर्च उठाना पड़ेगा। यह खर्च शिकायत सही पाए जाने की स्थिति में ही वापस होगा, अन्यथा इसे जब्त कर लिया जाएगा। प्रधानमंत्री और भाजपा सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद से विपक्ष पर दमदारी से हमलावर है। भाजपा ने आईएनडीआईए में शामिल कांग्रेस समेत अन्य दलों को निशाने पर लिया है। पीएम मोदी ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा ईवीएम वोटों के वीवीपैट के वोटों की सत्यापन की मांग करने वाली याचिका खारिज होने पर विपक्ष को निशाने पर लिया और कहा कि ऐसी याचिकाओं के जरिए भारत की चुनावी प्रक्रिया को कमजोर करने के लिए उसे माफी मांगनी चाहिए। मोदी के अनुसार वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल के साथ ईवीएम का उपयोग कर-के डाले गए वोटों के क्रॉस-सत्यापन की मांग करने वाली याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में खारिज होना विपक्ष के लिए एक करारा तमाचा है। हालांकि याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण भी अदालत द्वारा ईवीएम मशीनों की जांच के पराजित प्रत्याशी को अवसर मिलने को जीत मान रहे हैं। बता दें, ईवीएम मशीनों से चुनाव कराए जाने को लेकर विपक्ष निरंतर विरोध करता आ रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव के पहले विपक्ष के 21 दलों ने ईवीएम से निकली कम से कम 50% परचियों के वीवीपैट मशीनों से मिलान की मांग की थी। उस समय चुनाव आयोग हर चुनाव क्षेत्र में 1 ईवीएम से निकली पर्ची का मिलान कर रहा था जिसे बाद में 5 कर दिया गया था। इसके बाद समय समय पर विभिन्न संस्थाएं याचिकाएं लगाती चलीं आई हैं किन्तु सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें नजरअंदाज किया। दिलचस्प बात ये है कि भाजपा ने भी 2009 का लोकसभा चुनाव हारने के बाद ईवीएम पर उंगलियां उठाई थीं तो कांग्रेस 2014 का लोकसभा चुनाव हारने के बाद से लगातार ईवीएम को कठघरे में खड़ा कर रही है। हालांकि सुप्रीमकोर्ट 2014 में ही ईवीएम मशीनों के सुरक्षित होने की पुष्टि कर चुका है। ईवीएम निर्माता कम्पनियां भी बार बार कहती आई हैं कि उनकी बनाई इलेक्ट्रॉनिक मशीनें पूरी तरह विश्वसनीय और सुरक्षित हैं। शुक्रवार को फैसला सुनाए जाने के पहले भी कोर्ट विपक्ष द्वारा ईवीएम मशीनों पर प्रश्न उठाए जाने को अनुचित ठहरा चुका है, लेकिन साथ में लोकतंत्र की गरिमा व पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए भी चुनाव आयोग को कोर्ट ने कुछ निर्देश दिए थे। यह कहना मुश्किल है कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद भी ईवीएम मशीनों पर विपक्ष की उंगलियां उठनी बंद हो जाएंगी लेकिन चुनाव आयोग को जरूर इस निर्णय के बाद क्लीनचिट मिली है।

### कविता

#### रहे वो निकल !



छोड़ अपनी पार्टी । रहे वो निकल ।।
राजनीतिक हलकों में । मची है हलचल ।।

थाम लिया दामन । बहती अलग बयार ।।
बाकी लगता है अभी । अगला चमत्कार ।।

सबका अपना दांव है । और व्यक्तिगत मत ।।
अंदरखाने सबको । मिल रहे हैं खत ।।

होना अभी अजूबा । करना होगा इंतजार ।।
जो थे धुर विरोधी । बन बैठे अब यार ।।

कृष्णेन्द्र राय

### इतिहास के पन्ने से

## अटवाल की हत्या पर संसद में बहस स्वीकृत

**नई दिल्ली, 27 अप्रैल (तरुणमित्र)।** लोकसभा में लोकदल के सदस्य श्री बी.डी. सिंह का यह प्रस्ताव स्वीकृत हो गया कि पंजाब की विगड़ती हालत एवं जालंधर के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री ए.एस. अटवाल की कल प्रातः गुरुद्वारा साहित्य प्रवेश द्वार पर गोली मारकर हत्या कर दी गयी। विरोध पक्ष बाद में रायबात करके बहस में भाग लेगा। लोकसभा अध्यक्ष श्री बलराम जाखड़ ने बताया कि पंजाब की हालत गम्भीर हो गयी है। गोली लगने से मरने वाला गाला वीरेन्द्र जीत सिंह नामक बालक भी है और एक जवान श्री कुल विन्दरसिंह गम्भीर रूप से घायल है।

यह लोग गुरूद्वारे में प्रार्थना करने गये थे। श्री जाखड ने बताया कि स्व.अटवाल की विधवा पत्नी को उनकी सर्विस के दिनों तक पूरा वेतन एवं बाद में भी आवश्यक सुविधायें प्रदान की जाएगी।

आपने बताया कि आज संसद में बजट का अन्तिम दिन है इसलिए पंजाब की स्थित पर कल बहस सम्भव है। पोस्ट मार्टम की रिपोर्ट के अनुसार डी.आई.जी. साहेब पर 6 फायर किया गया था।

### सूडोकु नवताल- 7048

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

#### सूडोकु नवताल -7047 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# दुनिया का सबसे महंगा चुनाव गंभीर चुनौती



ललित गर्ग

**विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के लोकसभा चुनाव 2024 अनेक दृष्टियों से यादगार, चर्चित, आक्रामक एवं ऐतिहासिक होने के साथ-साथ अब तक का सबसे महंगा एवं दुनिया का सबसे खर्चीला चुनाव है।**

सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज की हालिया रिपोर्ट के अनुसार इस बार का चुनावी खर्च एक लाख बीस हजार करोड़ रुपये के खर्च के साथ दुनिया का सबसे महंगा चुनाव होने की ओर अग्रसर है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के खर्च की तुलना में इस बार दुगुना खर्च होगा। चुनाव प्रक्रिया अत्यधिक महंगी एवं धन के वर्चस्व वाली होने से राजनीतिक मूल्यों का विसंगतिपूर्ण एवं लोकतंत्र की आत्मा का हनन होना स्वाभाविक है। चुनाव जनतंत्र की जीवनी शक्ति है। यह राष्ट्रीय चरित्र का प्रतिबिम्ब होता है।

जनतंत्र के स्वस्थ मूल्यों को बनाए रखने के लिए चुनाव की स्वस्थता, पारदर्शिता, मितव्ययता और उसकी शुद्धि अनिवार्य है। चुनाव की प्रक्रिया गलत होने पर लोकतंत्र की जड़े खोखली होती चली जाती हैं।

करोड़ों रुपए का खचीर्ला चुनाव, अच्छे लोगों के लिये जनप्रतिनिधि बनने का रास्ता बन्द करता है और धनबल एवं धंधेबाजों के लिये रास्ता खोलता है। इन चुनावों में अर्थ का अनुचित एवं अतिशयोक्तिपूर्ण खर्च का प्रवाह जहां चिन्ता का कारण बन रहा है, वहीं समूची लोकतांत्रिक प्रणाली को दूषित करने का सबब भी बन रहा है। इस तरह की बुराई एवं विकृति को देखकर आंख मूंदना या कानों में अंगुलियां डालना दुर्भाग्यपूर्ण है, इसके विरोध में व्यापक जनचेतना को जगाना जरूरी है। यह समस्या या विकृति किसी एक देश की नहीं, बल्कि दुनिया के समूचे लोकतांत्रिक राष्ट्रों की समस्या है।

18वीं लोकसभा चुनाव में हर राजनैतिक दल अपने स्वार्थ की बात सोच रहा है तथा येन-केन-प्रकारेण ज्यादा से ज्यादा वोट प्राप्त करने की अनैतिक तरकीबें निकाल रहा है। एक-एक प्रत्याशी चुनाव का प्रचार-प्रसार करने में करोड़ों रुपयों का व्यय करता है। यह धन उसे पूंजीपतियों, उद्योगपतियों, राजनीतिक दलों एवं प्रायोजकों से मिलता है। चुनाव जीतने के बाद वे उद्योगपति उनसे अनेक सुविधाएं प्राप्त करते हैं। इसी कारण सरकार उनके अनुचित दबाव के विरुद्ध कोई आवाज नहीं उठा पाती और अनैतिकता एवं आर्थिक अपराध की परम्परा को सिंचन मिलता रहता है। यथार्थ में देखा जाए तो जनतंत्र अर्थतंत्र बनकर रह जाता है, जिसके पास जितना अधिक पैसा होगा, वह उतने ही अधिक वोट खरीद सकेगा। लेकिन इस तरह लोकतंत्र की आत्मा का ही हनन होता है, इस सबसे उन्नत एवं आदर्श शासन प्रणाली पर अनेक प्रश्नचिन्ह खड़े होते हैं।

सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज रिपोर्ट के मुताबिक आमतौर पर चुनाव अभियान के लिए धन अलग-अलग स्रोतों से अलग-अलग तरीको से उम्मीदरवारों और राजनीतिक दलों के पास आता है। राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को चुनाव खर्च के लिए मुख्य रूप से रियल इस्टेट, खनन, कारपोरेट, उद्योग, व्यापार, ठेकेदार, चिटफण्ड कंपनियां, ट्रांसपोर्टर, परिवहन ठेकेदार, शिक्षा उद्यमकर्ता, एनआआई, फिल्म, दूरसंचार जैसे प्रमुख स्रोत है।

इस साल डिजिटल मीडिया द्वारा प्रचार बहुत ज्यादा हो रहा है। राजनीतिक दल पेशेवर एजेंसिया की सेवाएं ले रहे हैं। इनसे सबसे अधिक राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा प्रचार अभियान, रैली, यात्रा खर्च के साथ-साथ सीधे तौर पर गोपनीय रूप से मतदाताओं को सीधे नकदी, शराब, उपहारों का वितरण भी शामिल है। देश में 1952 में हुए पहले आम चुनाव की तुलना में 2024 में 500 गुणा अधिक खर्च होने का अनुमान है। प्रति मतदाता 6 पैसे से बढ़कर आज 52 रुपये खर्च होने का अनुमान है।

हालांकि रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में होने वाले वास्तविक खर्च और अधिकारिक तौर पर दिखाए गए खर्चे में काफी अंतर है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 के लोकसभा चुनाव में देश के 32 राष्ट्रीय और राज्य पार्टियों द्वारा आधिकारिक तौर पर सिर्फ 2,994 करोड़ रुपये का खर्च दिखाया।

इनमें दिखाया गया कि राजनीतिक दलों ने 529 करोड़ रुपये उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने के लिए दिए थे। रिपोर्ट के मुताबिक चुनाव में राजनीतिक दलों द्वारा निर्वाचन आयोग में पेश खर्च का ब्यौरा और वास्तविक खर्च के साथ-साथ उम्मीदवारों द्वारा अपने स्तर पर किए जा रहे खर्चे में काफी अंतर है। अमेरिकी चुनाव पर नजर रखने वाली एक वेबसाइट के रिपोर्ट का हवाला देते हुए, सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज के अध्यक्ष एन भास्कर राव ने कहा कि यह 2020 के अमेरिकी चुनावों पर हुए खर्च के लगभग बराबर है, जो 14.4 बिलियन डॉलर यानी 1 लाख 20 करोड़ रुपये था। उन्होंने कहा कि दूसरे शब्दों में कहें तो भारत में 2024 में दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव अब तक का सबसे महंगा चुनाव साबित होगा। भारत में होने वाले चुनाव में हो रहे बेसुमार खर्च की तपीश समूची दुनिया तक पहुंच रही है। समूची दुनिया के तमाम देशों में भारत के चुनाव को न केवल दम साध कर देखा जा रहा है बल्कि इन चुनाव के खर्चों एवं लगातार महंगे होते चुनाव की चर्चा भी पूरी दुनिया में व्याप्त है। लोकसभा चुनाव में भाजपा, कांग्रेस, सपा, बसपा, तृणमूल कांग्रेस आदि दलों एवं उनके उम्मीदावारों ने मतदाताओं को प्रभावित करने के लिये तिजोरियां खोल दी है।

यह चुनाव राष्ट्रीय मसलों के मुकाबले राजनीतिक दलों के हित सुरक्षित रखने के वादे पर ज्यादा केंद्रित लग रहा है और टकराव के मुद्दे थोड़े ज्यादा तीखे हैं। लेकिन अगर मुद्दों से इतर अभियानों की बात करें तो यह खबर ज्यादा ध्यान खींच रही है कि इस बार चुनाव अब तक के इतिहास में सबसे खचीर्ला साबित होने जा रहा है। इस चुनावों के अत्यधिक खचीर्ले होने का असर व्यापक होगा। चुनाव के तवे को गर्म करके अपनी रोटियां सेंकने की तैयारी में प्रत्याशी वह सब कुछ कर रहे हैं, जो लोकतंत्र की बुनियाद को खोखला करता है। काफी लंबे और जटिल प्रक्रिया के तहत चलने वाले चुनाव में जनता के बीच समर्थन जुटाने के लिए उम्मीदरवार जितने बड़े पैमाने पर अभियान चलाते हैं, उसमें उन्हें स्थानीय कार्यकताओं से लेकर सामग्रियों और जनसंपर्कों तक के मामले में कई स्तरों पर खर्च चुकाने पड़ते हैं। यों किसी भी देश में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत होने वाले चुनावों में ऐसा ही होता है, लेकिन भारत में इसी कसौटी पर खर्च में कई गुना ज्यादा होना चिन्ता का सबब बनना चाहिए।

दुनिया की आर्थिक बदहाली एवं युद्ध की विभीषिका से चौपट काम-धंधों एवं जीवन संकट में लोकसभा के चुनाव कहां कोई आदर्श प्रस्तुत कर पा रहे हैं? इस बात का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, जो लोग चुनाव जीतने के लिए इतना अधिक खर्च कर सकते हैं तो वे जीतने के बाद क्या करेंगे, पहले अपनी जेब को भरेंगे, अर्थव्यवस्था पर आर्थिक दबाव बनायेंगे। और मुख्य बात तो यह है कि यह सब पैसा आता कहां से है?

कौन देता है इतने रुपये? धनाढ्य अपनी तिजोरियां तो खोलते ही है, कई कम्पनियां हैं जो इन सभी चुनावी दलों एवं उम्मीदवारों को पैसे देती है, चंदे के रूप में। चन्दा के नाम पर यदि किसी बड़ी कम्पनी ने धन दिया है तो वह सरकार की नीतियों में हेरफेर करवा कर लगाये गये धन से कई गुणा वसूल लेती है। इसीलिये वर्तमान देश की राजनीति में धनबल का प्रयोग चुनाव में बड़ी चुनौती है। सभी दल पैसे के दम पर चुनाव जीतना चाहते हैं, जनता से जुड़े मुद्दों एवं समस्याओं के समाधान के नाम पर नहीं। कोई भी ईमानदारी और सेवाभाव के साथ चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# डीहाईड्रेशन से बचने के लिए लें फलों का रस और छाछ



डा. अवनीश पाण्डेय

गर्मी का मौसम यानि पसीना, आलस, दिनभर सुस्ती, खाने पीने का दिल न करना और पानी से खास लगाव। जी हां, इसके अलावा सेहत से जुड़ी छोटी-मोटी समस्याएं तो इन दिनों में बेहद आम है। इन सभी से बचने के लिए जरूरी है चुस्ती-फुर्ती बनाए रखना और दिनचर्या में कुछ बदलाव भी। जानिए ऐसे ही कुछ जरूरी टिप्स, जो हीट वेव और गर्मी की परेशानियों से आपको राहत देंगे - प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर जारी है। इस गर्मी के चलते लोगों का बुरा हाल हो रखा है। हर दिन पारा एक नई ऊंचाई पर पहुंच रहा है। इसी के साथ गर्मी में होने वाली बीमारियों ने भी दस्तक दे दी है।

बढ़ती गर्मी के साथ बीमारियों का सिलसिला शुरू हो चुका है। गर्मी में धूप और लू के अलावा गंदगी और गलत खान-पान से भी कई लोग बीमार होते हैं। लू लगना या हीट स्ट्रोक ऐसी स्थिति है, जिसका तुरंत इलाज ना कराया जाए तो व्यक्ति की मौत भी हो सकती है कुछ सावधानियां बरतने से इस मौसम की मार से बचा जा सकता है।

धूप में निकलने से बचें- पहले तो धूप में निकलने से बचें लेकिन अगर दिन में निकलना जरूरी है तो छतरी, टोपी और ठंडा पानी साथ लेके निकलें।

खाने में स्वच्छता का ध्यान रखें- बाहर का तला भुना और खुले में बनाई गई कोई भी खाने की चीज से बचें, क्योंकि इस मौसम में साफ-सफाई पर बहुत ध्यान देने की जरूरत होती है। ऐसे मौसम में दूषित खान-पान से बचना चाहिए। हल्का, ताजा और जल्दी पचने वाला भोजन करें। भूख से कम खाएं और पानी ज्यादा पिएं।

लिक्विड चीजों का ज्यादा सेवन करें : गर्मी के मौसम में ठोस आहार की बजाए तरल पेय पदार्थ जैसे ठंडा पानी, नीबू पानी, नींबू शिकंजी, शर्बत, कैरी का पना, फलों का रस, छाछ, लस्सी ज्यादा मात्रा में लें, इनसे शरीर में तरावट बनी रहेगी और ऊर्जा का स्तर भी बना रहेगा। रसीले फल जैसे - तरबूज, आम, संतरा, अंगूर, खरबूज आदि से पेट भी भरेगा और ये शरीर में पानी की जरूरत की पूर्ति भी करेंगे।

एक बार में अधिक खाने से परहेज इससे- गर्मी में अधिक खाना खाने से परहेज करें। इससे अच्छा आप अपने दिन की शुरूआत मीठे और रसीले फल से कर सकते हैं जिसमें चीकू, खरबूज और संतरा एक अच्छा विकल्प है। प्याज और खीरा सलाद के तौर पर जरूर खाएं क्योंकि इसमें पर्याप्त मात्रा में पानी पाया जाता है जो शरीर का तापमान नियंत्रित रखता है।

आरामदायक कपड़े पहनें- गर्मी में बाहर निकलें तो अधिक डार्क रंग के और टाइट कपड़े ना पहनें, इससे पसीना अधिक आता है। डार्क रंग के कपड़ों में गर्मी अधिक लगती है। बेहतर है कि आप ढीले-ढाले और कॉटन के कपड़े पहनें, स्काई ब्लू, वाइट, ऑफ वाइट, लाइट पिंक आदि कलर बेस्ट होंगे इन दिनों पहनने के लिए, क्योंकि इनमें गर्मी अधिक नहीं लगती है।

मसालेदार भोजन ना करें- गर्मी में बहुत अधिक तेल और मसालेदार भोजन करने से बचें, साथ ही, बाहर ठेले पर मिलने वाले फूड आइटम्स का सेवन भी ना करें, क्योंकि इससे फूड पॉइजनिंग भी हो सकती है।

ऐसा इसलिए, क्योंकि देर तक रखा भोजन जल्दी खराब हो जाता है। बाहर ना तो हाइजीन का ख्याल रखा जाता है और ना ही फ्रेश खाना मिलता है। लू, हीट स्ट्रोक से बचने के लिए घर का बना फ्रेश खाना खाएं, साथ ही डाइट में मौसमी सब्जियों और फलों को खूब शामिल करें।

व्यायाम पर ध्यान दें- गर्मी और उमस में किया गया थोड़ा-सा वर्क आउट शरीर को थका देता है, लेकिन इसका ये कतई मतलब नहीं है कि एक्सरसाइज छोड़ दें। हल्के व्यायाम, आसान, ध्यान, योग, प्राणायाम को अपनाएं या फिर सुबह-शाम घूमकर भी व्यायाम की पूर्ति की जा सकती है। हीटवेव से बचने के ये टिप्स अपनाकर आप इस भीषण गर्मी की चपेट में आने से बच सकते हैं।

(लेखक प्रभारी चिकित्साधिकारी, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय छितपालगढ़, प्रतापगढ़ में कार्यरत हैं।)

# कम मतदान के सभी पहलुओं पर विचार की जरूरत



डॉ. आशीष वशिष्ठ

बीती 19 अप्रैल को देश की 102 लोकसभा सीटों के लिए प्रथम चरण का मतदान हुआ। 21 राज्यों में औसत 62 प्रतिशत मतदाताओं ने ही मताधिकार का उपयोग किया। यह 2019 की तुलना में 4 फीसदी कम रहा है। मतदान कम हुआ इसने सबकी चिंता बढ़ाई हुई है। बूथ मैनेजमेंट का कौशल जिन राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों के पास है उन्हें ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाना था, जो जहां से जीते हैं उन्हें वहां से अपनी जीत के आंकड़े को बढ़ाना है, ये लक्ष्य भी दिया गया था, फिर क्या हुआ?

सबसे अधिक मतदान संघशासित क्षेत्र लक्षद्वीप में 84.16 फीसदी किया गया। पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और सिक्किम में 80 फीसदी से ज्यादा मतदान हुए, लेकिन फिर भी 2019 की तुलना में 2 फीसदी तक कम हुए। सिर्फ छत्तीसगढ़ में 2 फीसदी मतदान ज्यादा किया गया। जम्मू-कश्मीर सरीखे संवेदनशील क्षेत्र में 68.27 फीसदी मतदान शानदार माना जा सकता है, लेकिन वहां भी 2019 से 1.88 फीसदी मतदान कम हुआ। सबसे कम मतदान बिहार की सीटों पर 49 फीसदी से कुछ ज्यादा रहा, लेकिन 4 फीसदी कम मतदाता वोट देने घर से निकले।

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे भाजपा वर्चस्व के राज्यों में 5-6 फीसदी मतदान कम किया गया। मध्यप्रदेश, राजस्थान और मिजोरम आदि राज्यों में अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ। इनसे भाजपा के 370 और 400 पार वाले लक्ष्यों को ठेस पहुंच सकती है, क्योंकि भाजपा उत्तरी भारत में ही शानदार जनादेश के भरोसे है। दक्षिण, पूर्व, पश्चिम में सब कुछ अनिश्चित है। हालांकि मध्यप्रदेश में 67.76 फीसदी मतदान हुए, लेकिन ये 7.31 फीसदी कम रहे। क्या मतदाताओं में भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को जनादेश देने का उत्साह और जुनून कम हो गया है? पूर्वोत्तर में दो विरोधाभास उभर कर सामने आए हैं। मणिपुर में हिंसा के बावजूद 72.17 फीसदी लोगों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया, लेकिन टूटी ईवीएम, लुटे बूथ, फटी वीवीपैट पर्चियों के चित्र मणिपुर में ही देखे गए हैं, जिनसे मतदान के दौरान हालात के अनुमान लगाए जा सकते हैं।

पूर्वोत्तर में ही नागालैंड राज्य में 4 लाख मतदाताओं से अधिक, राज्य के करीब 30 फीसदी वोटरों ने, 6 जिलों की 20 विधानसभा सीटों पर, बहिष्कार के कारण एक भी वोट नहीं डाला। वे अधिक स्वायत्तता वाले अलग क्षेत्र की मांग करते रहे हैं और केंद्र सरकार फिलहाल उसमें नाकाम रही है, लिहाजा उन्होंने चुनाव के बहिष्कार का आह्वान किया था। फिर भी 56.91 फीसदी मतदान हुआ। बेशक 2019 की तुलना में वह 26 फीसदी कम रहा। मणिपुर में भी 10.52 फीसदी मतदान कम हुआ। समग्रता में देखें, तो आम चुनाव के प्रथम चरण में 16 करोड़ से अधिक मतदाताओं को मताधिकार का इस्तेमाल करना था, लेकिन 6.12 करोड़ भारतीयों ने वोट ही नहीं डाले।

2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में मतदान के घटने से राजनीतिक विश्लेषक हैरान हैं। बीते काफी लंबे समय से सत्ता और विपक्ष में बैठे नेता जनता के बीच जाकर अपना पक्ष रख रहे थे। समाचार माध्यमों में भी चुनावी चर्चा को जरूरत से ज्यादा महत्व दिया जाने लगा है। टीवी और यूट्यूब चैनल पर तो राजनीतिक बहस के सिवाय और कुछ होता ही नहीं। इसके बाद भी यदि मतदान औसतन 75 फीसदी भी न पहुंचे तो इसका सीधा अर्थ यही निकलेगा कि मतदाता राजनीति के अतिरेक से ऊबने लगा है। यद्यपि असम, त्रिपुरा, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में 70 फीसदी से अधिक मतदान ये साबित करने के लिए पर्याप्त है कि इन राज्यों में राजनीतिक जागरूकता बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में कहीं ज्यादा है।

वहीं इसका दूसरा पहलू ये भी है जहां कम या ज्यादा मतदान हुआ वहां का सामाजिक ढांचा किस प्रकार का है ? उदाहरण के लिए मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में अधिक मतदान ऐलनिया भाजपा के विरुद्ध जाता है। लेकिन हिन्दू बहुल क्षेत्रों के मतदाता पूरी तरह भाजपा को मत देंगे ये कह पाना कठिन है। बावजूद इसके कि भाजपा हिन्दू समुदाय का ध्रुवीकरण अपने पक्ष में करने में काफी हद तक सफल रही है। इसी तरह जातीय समीकरण बिठाने में भी उसने काफी महारत हासिल की है। भाजपा के साथ मध्यम वर्ग परम्परागत जुड़ा रहा है जो पूरी तरह खुश नहीं होने के बाद भी उसकी राष्ट्रवादी नीतियों से प्रभावित होकर उसके पक्ष में खड़ा रहता है। असल में पहले चरण के मतदान में कोई 'लहर' महसूस नहीं हुई। ऐसा लगता है मानो औसत मतदाता ने यह धारणा बना ली है कि मोदी को ही आना है! यह सोच कर ही मतदाता पोलिंग स्टेशन से तटस्थ रहा है। कुछ मुस्लिम बहुल इलाकों की खबरें सामने आई हैं कि उन्होंने भी मोदी को ही तीसरी बार प्रधानमंत्री मान लिया है, लिहाजा कोई भी ध्रुवीकरण दिखाई नहीं दिया।

बीते 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कद राष्ट्रीय राजनीति में इतना बड़ा हो चुका है कि कोई अन्य नेता उनके आस-पास भी नजर नहीं आता। इस वजह से भाजपा को लगभग 5 प्रतिशत मत उस तबके के मिलने लगे हैं जो नीतियों के बजाय करिश्माई नेतृत्व से ज्यादा प्रभावित होता है। बुद्धिजीवी, विशेष रूप से पेशेवर वर्ग में पीएम मोदी की छवि बड़े निर्णय लेने वाले राजनेता की बन जाने से वह उनका प्रशंसक बन बैठा है। इन सबसे अलग गरीब जनता के मन में उनकी मुफ्त अनाज और मकान योजना का गहरा असर है। हालांकि पष्चिम बंगाल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेष, दिल्ली, पंजाब और कर्नाटक की गैर भाजपाई राज्य सरकारें भी ऐसे ही तमाम जन कल्याणकारी कार्यक्रम चला रही हैं किंतु देश के बड़े भूभाग पर भाजपा का राज होने से मोदी की गारंटी का असर अपेक्षाकृत ज्यादा नजर आता है। पिछले साल पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में मतदाताओं ने कांग्रेस के वादों की बजाय मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया था।

वैसे तो सभी पार्टियां कम मतदान को अपने पक्ष में बताने का प्रयास कर रही हैं किंतु सभी के लिए विचारणीय प्रश्न ये है कि शिक्षा और सूचना तंत्र का इतना प्रसार होने के बावजूद मतदान कम क्यों होता है ? चुनाव आयोग प्रतिशत बढ़ाने के लिए खूब प्रयास करता है। वोटर स्लिप भी घर-घर पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। लेकिन गत दिवस कुछ राज्यों को छोड़ बाकी में 2019 के लोकसभा और 2023 के विधानसभा चुनाव से कम मतदान होना राजनीतिक पार्टियों के लिए चिंता और चिंतन का कारण होना चाहिए। हालांकि परिणाम के बाद ही ये स्पष्ट हो सकेगा कि कम मतदान से किसे फायदा या नुकसान हुआ किंतु लोकतंत्र के लिए जिस तरह से मजबूत विपक्ष आवश्यक है उसी तरह मतदाताओं की जागरूकता भी।

मतदाताओं को भी अपने एक वोट की शक्ति को समझना चाहिए। लोकतंत्र के पर्व चुनाव के प्रति उदासीनता का सीधा असर देश के विकास और जनकल्याण पर पड़ता है। उस दृष्टि से पहले चरण में जहां-जहां मतदान 70 प्रतिषत से कम हुआ वहां मतदाताओं का मतदान से दूरी बनाये रखना अध्ययन का विषय है। इसका कारण पिछले वादे पूरे न होना भी हो सकता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

## आज का दिन

**पं0 सुभाष पाण्डेयः हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918**

**मेष :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृष :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**मिथुन :** राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**कर्क :** आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**सिंह :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे।

**कन्या :** कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**तुला :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृश्चिक :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा।

**धनु :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**मकर :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। श्रम साध्य कार्यों में सफल होंगे। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है।

**कुंभ :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**मीन :** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी।

# राजश्री इन्स्टीट्यूट में इन्टरनेशनल कान्फ्रेंस आयोजित

**रिठौरा-बरेली, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** राजश्री इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टैक्नोलॉजी, बरेली में लुम्बनि टेक्नोलॉजीकल यूनिवर्सिटी नेपाल के सहयोग से आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस चैलेंज अपार्च्युनिटि एण्ड इट्स इम्पैक्ट ऑन सोसायटी विषय पर दो दिवसीय इंटरनेशनल कान्फ्रेस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो॰ बी॰पी॰ ढाकल, कुलपति लुम्बनि टेक्नोलॉजीकल यूनिवर्सिटी नेपाल, संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल, सचिव राकेश कुमार अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि प्रो॰ के॰वी॰ आर्य अटल बिहारी वाजपेयी आई॰आई॰आई॰टी॰एम॰ ग्वालियर, एवं प्रबंध निदेशक रोहन बंसल ने दीप प्रज्वलन कर कान्फ्रेस का उद्घाटन किया। भारत के अतिरिक्त नेपाल व मलेशिया से आये लगभग 250 शोध पत्रों में सुदूरवर्ती प्रतिभागियों के लिये ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यम से शोध पत्रो का प्रस्तुतिकरण किया गया। मुख्य अतिथि प्रो॰ बी॰पी॰ ढाकल ने अपने सम्बोधन में कहा कि समाज के उत्थान के लिये आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित इंटर-डिसीप्लेनिरी कोलैब्रेशन छात्रों में रचनात्मकता एवं नवाचार के लिये वेहद आवश्यक है।

संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने प्रतिभागियों को अपने सम्बोधन में बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के द्वारा अत्याधुनिक तकनीकी के विकास में शोध के नये आयामों को जन्म दिया है। जिससे समाज का प्रत्येक पहलू लाभान्वित हुआ है। और रोजगार की भविष्य मे अपार संभावनाएं हैं। विशिष्ट अतिथि प्रो॰ के॰वी॰ आर्य ने मशीन एवं डीप लर्निंग आधारित विकास के लिये नकारात्मक पहलूओं को न्यूनतम करना जरूरी है। संस्थान के प्रबन्ध निदेशक रोहन बंसल ने बताया कि चिकित्सा क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की भागीदारी से मरीजों के रोग की सटीक जाँच, निदान , सर्वोपयुक्त उपचार उपलब्ध कराना संभव हुआ है। कान्फ्रेंस के प्रथम दिवस पर आमंत्रित वाताओं में डॉ॰ सरन के॰ सेट्टी ने विश्व में छात्रों द्वारा संचालित स्टार्टअप पर, आशीष कुमार ने ए॰आई॰ के आगमन द्वारा रोजगार संकट विषय पर, प्रो॰ के॰वी॰ आर्य मशीन लर्निंग विषय पर व्याख्यान दिये। इनके अतिरिक्त लुम्बनि टेक्नोलॉजीकल यूनिवर्सिटी नेपाल से डॉ॰ कीर्ति कुसुम जोशी, डॉ॰ रेग बहादुर भंडारी, नेपाल पब्लिक सर्विस कमीशन से प्रो॰ कृष्ण पी॰ घिमिरे ने अपने विचार साझा किये।

कान्फ्रेंस के द्वितीय दिवस पर शोध पत्रों के प्रस्तुतिकरण के साथ-साथ समापन समारोह में सर्टिफिकेट प्रदान किये जायेगें।



# ऑल इंडिया किसान यूनियन ने उपेंद्र राजपूत को दिया समर्थन

**फिरोजाबाद, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** ऑल इंडिया किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश लोधी ने कहा है कि फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र सिंह राजपूत को अपना पूर्ण समर्थन देने का ऐलान गुरुवार को किया है ऑल इंडिया किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश लोधी ने कहा है, कि लोकसभा में दलित पिछड़ों अपेक्षित समुदाय विमुक्ति जनजातियां का करीब 15 लाख वोट बैंक है, जिसमें प्रमुख रूप से लोधी, बंजारा ,मल्लाह ,निषाद कहार, गुर्जर, गडरिया ,मदारी, सपेरा आदि समुदाय के लोग शामिल हैं। यह सभी एकजुट होकर फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ रहे, भारतीय किसान परिवर्तन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र राजपूत को अपना मत देंगे उन्होंने कहा है, कि फिरोजाबाद लोकसभा सीट पर ऑल इंडिया किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश लोधी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। जो निरस्त कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है। कि आवेदन की प्रमाणित प्रति मांगने पर जिला निर्वाचन अधिकारी फिरोजाबाद द्वारा किसी भी प्रत्याशी को उपलब्ध नहीं कराई जो चुनाव आयोग के निदेशों की धज्जियां उड़ाना है। उन्होंने कहा है, कि 23 में से 16 आवेदन निरस्त कर दिये गये जो लोकतंत्र पर कठोर प्रहार है, इन सभी बातों के मध्य नजर उनकी यूनियन ने किसान परिवर्तन पार्टी के उपेंद्र राजपूत का समर्थन किया है।

वार्ता के दौरान परिवर्तन किसान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र राजपूत एडवोकेट राष्ट्रीय संयोजक प्रोफेसर रघुवीर सिंह लोधी, डी एन टी फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ डी आर वर्मा, विजय राम लोधी, यतेंद्र सिंह लोधी, थान सिंह राजपूत, आगरा लोकसभा प्रत्याशी कुलदीप कुमार, संदीप प्रजापति, अखिलेश लोधी ,मनोज यादव, जयदयाल यादव, विद्याराम उपाध्याय, लाखन सिंह बघेल, हरिओम कुशवाहा, संतोष सविता और रघुनाथ सिंह उपस्थित थे।

## ईवीएम-वीवी पैट की कमीशनिंग के समय मौजूद रहें प्रत्याशी

**बदायूँ, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** अपर जिलाधिकारी (वि.रा), उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वैभव शर्मा ने जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के परिपेक्ष्य में आयोग के निदेर्शानुसार ई.वी.एम. वी.वी पैट के द्वितीय रैण्डमाईजेशन 24 अप्रैल के उपरान्त ई.वी.एम.-वी.वी.पैट की विधानसभा मतदेय स्थलवार (विधानसभा 112-बिसौली (अ.जा.) , 113-सहसवान, 114-बिल्सी, 115-बदायूँ 116-शेखूपुर, 117-दातागंज) छंटाई के बाद ई.सी.आई.एल. के इंजीनियर की उपस्थिति में सम्बन्धित एआरओ द्वारा कमीशनिंग/मॉकपोल आदि का कार्य 27 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ कर कार्य की समाप्ति तक किया जायेगा।

## आज उपलबध कराएं मतदान अभिकर्ताओं की सूचना

**बदायूं, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिला मजिस्ट्रेट, जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के द्वारा 85 प्लस व पीडब्ल्यूडी मतदाताओं को डाकमत की सुविधा प्रदान की गई है, इस क्रम में 23 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बदायूँ की समस्त विधानसभाओं के अन्तर्गत समस्त 85 प्लस व पीडब्ल्यूडी मतदाताओं को फार्म 12डी का वितरण किया गया है, जिसकी सूची एआरओ द्वारा प्रारुप-9 पर प्रमाणित करते हुए रिटर्निंग आफीसर 23 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बदायूँ को उपलब्ध करायी गई है।

उन्होंने बताया कि रिटर्निंग आफीसर 23 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बदायूँ द्वारा प्रारुप 12 पर हस्ताक्षर करते मतदान हेतु 85 प्लस व पीडब्ल्यूडी मतदाताओं की सूची तैयार कर ली गयी जिसके आधार पर 29 व 30 अप्रैल को मतदाताओं के घर घर जाकर पोलिंग पार्टियों द्वारा मतदान की कार्यवाही सम्पन्न करायी जायेगी।

उन्होंने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 23-बदायूँ व 24-आंवला के समस्त अभ्यर्थियों को 85 प्लस व पीडब्ल्यूडी मतदाताओं की तैयार की गई मतदाता सूची को प्रेषित करते हुए कहा कि वह 29 अप्रैल व 30 अप्रैल के मतदान हेतु निर्धारित प्रपत्र पर अपने मतदान अभिकर्ता नियुक्त करते हुए उसकी सूचना 27 अप्रैल तक समय मध्यान्ह 12 बजे उपलब्ध करा दें।

## मतदान के दिन न मनाएं छुट्टी, अवश्य करें मतदान

**बदायूँ, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** राजकीय महाविद्यालय में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के महाविद्यालय, इण्टर कालेज द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेंहदी प्रतियोगिता में सामान्य प्रेक्षक केके सुदामाराव, पुलिस प्रेक्षक डा. प्रियंका नरवररे, व्यय प्रेक्षक आर कुमारन, अपर जिलाधिकारी (प्र.) रेनू सिंह द्वारा आर्कषक मेंहदी डिजाइन का अवलोकन कर उसे सराहा गया व सभी को मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम में सामान्य व्यय प्रेक्षक केके सुदामा राव ने कहा कि मतदान के दिन छुट्टी न मनाएं। खुद भी मतदान करें और आस-पास के लोगों को भी मतदान करवाएं। पुलिस प्रेक्षक डा. प्रियंका नरवररे ने कहा कि कला से बड़ा कोई हुनर नहीं होता है। जब भी कोई बात कला के माध्यम से कही जाती है तो वह लोगों के जहन पर लंबे समय तक असर करती हैं। सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में समाज के सभी लोगों को मतदान करना चाहिये। व्यय प्रेक्षक आर कुमारन ने कहा कि मतदान करने की सिर्फ सोचने से काम नहीं चलेगा। हमें संकल्प लेना होगा कि मतदान स्वयं तो करना ही है, साथ ही अन्य लोगों को भी जागरूक करते हुए उन्हें भी मतदान करवाना है। अपर जिलाधिकारी (प्र.) रेनू सिंह ने छात्रों के उत्साह और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि मेहंदी कला प्रतियोगिता ने चुनावी प्रक्रिया के साथ समझ और जुड़ाव को गहरा करने के लिए एक रचनात्मक मंच के रूप में कार्य किया, जो जिम्मेदार मतदान के माध्यम से राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में प्रत्येक व्यक्ति के योगदान के महत्व को सुदृढ़ करता है।



## संक्षिप्त समाचार

### चले लाठी डंडे, भाई ने किया लहूलुहान

**फिरोजाबाद, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** नगला खंगर थाना क्षेत्र के गांव भदान में एक चिता पर जमकर लाठी डंडे चले। जिससे दाह संस्कार में पहुंचे लोगों में भगदड़ मच गई। घायल का पुलिस ने मेडिकल कराया है।भदान निवासी शिव सहाय (70) की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई। परिजन शव को लेकर खेत पर पहुंचे। चिता को छोटे भाई के खेत पर रख दिया और वहीं पर दाहसंस्कार की व्यवस्था करने लगे। इस पर मृतक के छोटे भाई रामप्रसाद ने विरोध किया। जिसको लेकर शिव सहायक के लड़कों ने उसकी पिटाई कर दी। मारपीट होते ही शव के साथ पहुंचे ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। चीख पुकार मचने से गांव में सनसनी फैल गई। कुछ सभ्रांत ग्रामीणों ने मामले को शांत कराया और शव को शिव सहाय के खेत पर चिता बना कर अंत्येष्टि कराई। घटना की जानकारी होते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल रामप्रसाद का मेडिकल कराया है। इस संबंध में नगला खंगर प्रभारी का कहना है। कि दो भाइयों में विवाद हो गया था। जिसमें एनसीआर दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### मतदान ड्यूटी से अनुपस्थित कर्मचारियों के विरुद्ध होगी कार्यवाई

**बिजनौर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** प्रथम चरण के लोक सभा चुनाव में मतदान ड्यूटी से अनुपस्थित 250 मतदान कार्मिकों को जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी /प्रभारी अधिकारी ( कार्मिक) पूर्ण बोरा द्वारा विभिन्न विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव कराने के लिए लगाई गई थी किंतु मतदान ड्यूटी से नदारत रहने पर कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस्र निर्गत करते हुए उनका स्पष्टीकरण मांगा गया।यदि नियत समय पर अनुपस्थित कार्मिकों द्वारा साक्ष्य सहित अपना स्पष्टीकरण नही दिया जाता है,तो उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के साथ साथ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत FIR दर्ज कराई जाएगी।

### आबकारी निरीक्षकों ने कच्ची शराब बरामद की

**फरुखाबाद, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** आबकारी आयुक्त, के आदेश एवं जिलाधिकारी, डॉ बीके सिंह के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी जीपी गुप्ता के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत आज जनपद के आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1, क्षेत्र 2 एवं क्षेत्र 3 मय स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्राम/अड्डों पर दबिश दी गई।दबिश के दौरान लगभग 140 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया।कुल 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर 2अभियोग पंजीकृत किए गये आबकारी दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया।स्टाक रजिस्टर, कैमरा का परीक्षण किया गया। जिला आबकारी अधिकारी जीपी गुप्ता ने बताया है की जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

### आईवीआरआई में विश्व पशु चिकित्सा दिवस आज

**बरेली, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान दिनांक 27 अप्रैल को विश्व पशु चिकित्सा दिवस का आयोजन कर रहा है जिसमें पशु कल्याण से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर दिनांक 27 अप्रैल को संस्थान के रेफरल वेटनरी पॉलीक्लीनिक में प्रातः 9बजे से 12:30 बजे तक श्वानों को मुफ्त एन्टी रैबीज टीका लगाया जायेगा। कार्यक्रम सम्बन्धी जानकारी देते हुए संस्थान के डा. अमरपाल, प्रभारी रेफरल पोलिक्लीनिक ने बताया की दिनांक 26 अप्रैल को सांय 5 बजे संस्थान के समविश्वविद्यालय से विश्व पशुचिकित्सा दिवस की पूर्व संध्या पर छात्रों द्वारा जागरूकता मिशन पदयात्रा का आयोजन किया गया तथा पोस्ट ग्रेजुएट/पीएचडी छात्रों के लिए क्लिनिकल केस प्रतियोगिता का आयोजन तथा बीवीएससी के चतुर्थ वर्ष के छात्रों के लिए ग्रुप प्रेसेंटेसेशन तथा प्रथम द्वितीय तथा तृतीय छात्रों के किए वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इस अवसर पर डॉ अभिजीत पावड़े, डॉ. मिराज हेदर खान, डॉ. एस. के. घोष , डॉ एस के महरोत्रा, डॉ. रेखा पाठक, डॉ रजत गर्ग, डॉ उज्जल कुमार डे, डॉ महेन्द्रन, डॉ अभिषेक सक्सेना डॉ. रोहित कुमार आदि उपस्थित रहे ।

### अवैध सम्बन्धों के चलते युवक की हत्या

**फिरोजाबाद, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** थाना एका के नगला मान्धाती के रहीस पाल का 25 वर्षीय बेटा राजीव उर्फ रासू का पड़ोस में रहने वाले मनीष की पत्नी शिवानी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिसकी जानकारी परिजनों को हो गई, कई बार मारपीट कर समझाने की कोशिश की परन्तु वह नहीं माना, गुरुवार को सुबह 9:00 बजे के बाद रासू अपने घर से निकला तो आरोपी उसके पीछे पड़ गये। नहर पुल के पास बने मंदिर से खेतों की तरफ गीगना जहांनपुर रोड पर फोन करते हुए भाग रहा था, तभी आरोपियों ने पीछे से मैक्स से जबरदस्त टक्कर मारी दी जिससे रासू की मौके पर ही मौत हो गई। इतने पर भी आरोपियों को विश्वास नही रहा कि कहीं जिंदा ना रह जाये, और गाड़ी को मोड़कर फिर से मृतक के ऊपर चढ़ाते हुए पीड़ित पुल की तरफ से भाग गये। मौके पर थाना एका थाना जसराना के साथ क्षेत्राधिकारी सिरसागंज अरुण कुमार भारी फोर्स साथ पहुंचे। ग्रामीण मौके पर डीएम एसपी को बुलाने की मांग कर रहे थे, क्षेत्राधिकारी सिरसागंज ने समझा बुझाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। रासू बीएससी तक पढ़ा हुआ था। उसका भाई राजू एक बहन रश्मी में वह सबसे बड़ा था। माँ के साथ- साथ परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## रंगोली, मेहंदी,पोस्टर प्रतियोगिता की स्पर्धा से मतदान का कराया संकल्प

**फिरोजाबाद, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** सखी क्लब के समन्वय से शुक्रवार को फिरोजाबाद विधानसभा कस्तूरबा गर्ल्स इंटर कॉलेज में विद्यालय स्तरीय मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता,पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया प्रतियोगिताओं में स्कूल की छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।मतदाता जागरुकता सम्बन्धी नारे लिखकर,भारत निर्वाचन आयोग के प्रतीक चिन्ह की आकृतियां बनाकर आगामी सात मई को मतदान आवश्यक रूप से करने का संदेश दिया।रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता में महिलाओं व बालिकाओं ने लोकतंत्र की यह पहचान 100 प्रतिशत हो मतदान, मतदान मेरा अधिकार,मतदान हमारी जिम्मेदारी,लोकतंत्र की जान आपका मतदान,सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो,हाथों में मेहंदी लगाकर वोट डालने जाना है,अपना फर्ज निभाना,मतदाता सूची में मैं हूं ना,जैसे नारे लिखकर मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ईएलसी के सहायक नोडल अधिकारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ निशा अस्थाना के निर्देशन पर सभी माध्यमिक विद्यालयों में प्रोग्राम आयोजित किये जा रहे हैं। लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में प्रतिभाग करने का जोश छात्राओं में भी पूरी तरह से नजर आया।प्रतियोगिता में छात्राओं ने बड़- चढ़कर हिस्सा लिया और मेहंदी से हाथों पर मतदान करने का संदेश हाथों पर जागरूकता की खातिर डिजाइन उकेरे ने।

## ग्राम शादीपुर में आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**फिरोजाबाद, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के अंतर्गत शुक्रवार को विधानसभा जसराना के ग्राम शादीपुर में मतदाता जागरूकता संगोष्ठी व रैली का आयोजन किया गया।कम्पोजिट विद्यालय शादीपुर के छात्रों,शिक्षकों, अभिभावकों व ग्रामवासियों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। छात्र आकाश ने मेरा वोट मेरा अधिकार विषय पर भाषण देकर सभी को मतदान का संदेश दिया।। छात्रा शिवानी ने आओ नैतिक मतदान करें विषय पर अपने विचार व्यक्त किये।बच्चों ने मां बेटी और सास बहू चले बूथ की ओर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।। विधानसभा जसराना स्वीप ब्रांड एम्बेसडर सुमन राजपूत ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया।। उम्र अठारह पूरी है वोट देना जरूरी है।। हम सबने यह ठाना है शत-प्रतिशत मतदान कराना है नारे लगाते हुए प्रभात फेरी निकाली गई।।

रैली के दौरान शिक्षकों ने ग्रामवासियों से अपील की कि सात मई को पोलिंग बूथ पर पहुंचकर मतदान अवश्य करें। बीएलओ अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि गांव में शत प्रतिशत मतदान हेतु लोगों को जानकारी दी जा रही है।। इस अवसर पर महिला मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से ब्रांड एम्बेसडर सुमन राजपूत ने आओ सखी मतदान करें अभियान की शुरूआत की।। इस अभियान के अंतर्गत अठारह से बीस वर्ष की बालिकाओं की समिति गठित की और उनको ज़िम्मेदारी दी गई कि गांव में सभी महिला,बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को सात मई को पोलिंग बूथ पर पहुंचने में सहयोग करें।अंत में सभी ग्रामवासियों को शपथ दिलाई गई।सुमन राजपूत ने बताया कि प्रभारी नोडल अधिकारी स्वीप फिरोजाबाद एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय के निर्देशन में सभी शिक्षक अपने सेवित क्षेत्र में निरन्तर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक कर रहे हैं।इससे निश्चित ही लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी। इस दौरान हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें सभी ग्रामवासियों ने हस्ताक्षर कर शत प्रतिशत मतदान का संकल्प लिया।कार्यक्रम का संचालन जयराज सिंह ने किया। प्रधानाध्यापक अवनीश कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में अवनीश कुमार,अमित कुमार, श्यामसुंदर, जयराज सिंह,सुधा,नीलम यादव, आशीष चंदेल,आरती व्यास, किरन, नगेंद्र सिंह, गुरदयाल सिंह, विक्रम सिंह,नवल किशोर, संजेश, रनवीर, पूजा, गिरंद सिंह, सुनील, संजीव,कमला देवी,मीरा देवी,गुड्डी देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## 100 प्रतिशत पर्चियां का वितरण सुनिश्चित करें -प्रेक्षक

**फर्रुखाबाद , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में सामान्य प्रेक्षक दीपक कुमार मीना, पुलिस प्रेक्षक बी जुगल किशोर कुमार व व्यय प्रेक्षक श्री श्रीनिवास राव वाना द्वारा जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की उपस्थिति में सभी प्रभारी अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, प्रेक्षक द्वारा निर्वाचन क्षेत्र के सभी पोलिंग बूथों की संख्या, सखी बूथ, युवा बूथ, दिव्यांग बूथों की जानकारी प्राप्त की गई, प्रेक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि सभी मतदान केंद्रों पर बॉउंड्रीबाल हो, सभी बूथों पर छाया व पीने के पानी की व्यवस्था हो सभी ए आर ओ यह सुनिश्चित करे कि किसी भी बूथ पर कोई समस्या न हो, प्रेक्षक द्वारा सखी बूथ बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया व मतदान पर्ची का 100 प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, सभी प्रभारी अधिकारियो को प्रतिदिन निर्धारित प्रारूप पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि सभी बूथों को क्रॉस चेक करने के निर्देश दिए गये है ,जिलाधिकारी द्वारा स्वय लगभग 125 बूथों का निरीक्षण किया गया है, प्रेक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी सीजर एक सप्ताह में निस्तारित करे, सभी वरनेविल व क्रिटिकल बूथों की जानकारी प्रेक्षक द्वारा प्राप्त की गई एवं अभी तक पुलिस द्वारा की गई कार्यबाही की जानकारी प्राप्त की गई ,सभी विधानसभा क्षेत्रों में एस एस टी व एफ एस टी टीमो द्वारा की जा रही कार्यवाही की जानकारी प्राप्त की गई इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



### हत्यारोपी अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** थाना एका पुलिस ने युवक की गाड़ी से कुचलकर हत्या के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे जेल भेजा है। पुलिस ने फरीदा मोड़ से हत्या के अभियुक्त को पकड़ा है। पुलिस को देख उसने भागने का प्रयास किया था।पुलिस कर्मियो ने दौड़ कर उसे पकड़ लिया। अभियुक्त का नाम विजय सिंह पुत्र ओसपाल है। वह नगला मानधाती का रहने वाला है। विजय ने नगला मंधाती में राजीव उर्फ राशू की अपने परिजनों के साथ मैक्स गाड़ी से कुचलकर हत्या कर दी थी। आरोपियों की गिरफ्तारी को 2 टीमों का गठन किया गया था। अभियुक्त विजय ने पुलिस को बताया राजीव उर्फ राशू के उसके भाई मुनीश की पत्नी से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। राजीव को कई बार समझाया कि उसकी पत्नी से दूर रहे लेकिन वह नहीं माना। राजीव गांव के प्रोग्राम में मुनेश की पत्नी के साथ 23 अप्रैल को डीजे पर नाच रहा था।

## दाऊदयाल महाविद्यालय में हुआ मिस फ्रेसर फेयरवेल कार्यक्रम

**फिरोजाबाद, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** में गुरुवार को महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सामूहिक रूप से फ्रेशर - फेयरवेल कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की प्राचार्या प्रो रेनू वर्मा एवं साथी शिक्षिकाओं द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया । तत्पश्चात शिक्षिकाओं द्वारा माँ शारदे के चरणों में पुष्पार्पण के साथ ही छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना का गायन किया गया । कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए स्नातकोत्तर की छात्रा सोनी द्वारा मनमोहक नृत्य और छात्रा आरुषि द्वारा आनंदित करने वाले गीतों को प्रस्तुत किया गया ।

कार्यक्रम की अगली श्रृंखला में नवागंतुक छात्राओं के मध्य मिस फ्रेशर के चुनाव हेतु विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसके प्रथम द्वितीय व तृतीय चरण में क्रमशः परिचयात्मक रैंपवॉक, रुचिकर कार्य का प्रदर्शन व सामान्य ज्ञान के प्रश्नों को चुनाव का आधार बनाया गया । इन तीनों चरणों की प्रतियोगिता को पार कर महाविद्यालय की छात्रा अंजली मिस दाऊ दयाल बनी । फ्रेशर प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ शमा बी, सुश्री नम्रता वर्मा व डॉ सरिता रानी की मुख्य भूमिका रही।

फ्रेशर प्रतियोगिता की समाप्ति के उपरांत महाविद्यालय की छात्रा दिव्या दक्ष द्वारा ऊर्जस्वित गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में मिस फेयरवेल के चुनाव के लिए तीन चरणों की प्रतियोगिता पूर्व में आयोजित फ्रेशर चुनाव के आधार पर ही रखी गई । इसमें महाविद्यालय की छात्रा 'महक जैन' मिस फेयरवेल चुनी गईं।

# माई बूथ बरेली एप से मतदाताओं को हो रही सुविधा

- अब तक 35,000 से अधिक मतदाताओं ने किया माई बूथ एप डाउनलोड
- एक ही क्लिक पर जान सकेंगे अपने चुनाव सेंटर का हाल

**बरेली, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदाताओं के प्रतिभाग को बढ़ाने हेतु मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल की प्रेरणा और जिलाधिकारी बरेली रविन्द्र कुमार के सतत मार्गदर्शन में एनआईसी टीम बरेली द्वारा एक मोबाइल एप्लीकेशन माई बूथ बरेली बनाई गई है, जिसमें मतदाताओं की सुविधा हेतु कई फैसिलिटी दी गई है। इस ऐप के द्वारा बरेली जनपद में आने वाले तीन लोक सभा क्षेत्र 24-आंवला, 25-बरेली व 26-पीलीभीत के बहेड़ी क्षेत्र के मतदान बूथ के लोकेशन, संबंधित बी0एल0ओ0 के बारे में जानकारी, मतदान की तिथि और मतदान के दिन बूथ पर कतार में लगे लोगों की संख्या जानी जा सकती है। इस एप्लीकेशन में गूगल मैप की सहायता से बूथ तक पहुंचने का मार्ग दर्शाने की भी सुविधा है। मतदान के दिन किसी भी समय पर लाइन में खड़े मतदाताओं की संख्या भी इस एप्लीकेशन द्वारा पता लग जाएगी, जिससे मतदाता अपनी सुविधा के अनुसार वोट डालने जा सकते हैं और बिना लंबी प्रतीक्षा किए वोट डालकर तुरंत वापस आ सकते हैं। शुरू में जिलाधिकारी बरेली रविन्द्र कुमार द्वारा जनपद बरेली के शहरी क्षेत्र में वोटिंग परसेंटेज बढ़ाने हेतु यह ऐप बनाने की पहल की गई थी क्योंकि बरेली नगर निगम क्षेत्र में आने वाले दो विधान सभा क्षेत्र यानी बरेली सिटी और बरेली कैण्ट विधान सभा क्षेत्र में पूर्व के चुनाव में वोटिंग परसेंटेज लगभग 51 प्रतिशत रहा है, जो कि जिले के औसत वोटिंग परसेंटेज 61 प्रतिशत से काफी कम है, लेकिन बाद में जिलाधिकारी द्वारा यह सेवा पूरे जनपद के लिये लागू करने का निर्णय लिया गया।



जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के अधिकतर क्षेत्रों में मतदान 7 मई 2024 को है, जब अन्य वर्षों की तरह इस वर्ष भी मई में कड़ाके की धूप और काफी गर्मी रहने की संभावना है। वैसे गर्म मौसम में मतदाता विशेषकर शहरी क्षेत्र के मतदाता बूथ पर ज्यादा समय प्रतीक्षा नहीं करना चाहते हैं और यही सोचकर वोट डालने नहीं आते हैं। ऐसे तो जिला प्रशासन द्वारा हर एक बूथ पर शेड की व्यवस्था की गई है लेकिन उसके अलावा अब इस ऐप के माध्यम से अब मतदाता को यह पता लग जाएगा कि उनके बूथ पर मतदान के दिन उस समय कितने लोग वोट देने के लिए कतार में खड़े हैं, जिससे मतदातागण अपनी सुविधानुसार उस समय घर से निकलेंगे, जब बूथ पर लंबी कतार खत्म हो जाएगी। कोई अन्य सूचना के लिये या शंका होने पर ऐप में दिये गये बी0एल0ओ0 के मोबाइल नंबर पर फोन करके पूछ लेंगे। इससे मतदान में अवश्य ही मतदाता का प्रतिभाग बढ़ेगा, जो कि माननीय भारत निर्वाचन आयोग की मंशा है।

इस ऐप के डेटाबेस में जनपद बरेली के समस्त 3492 बूथ के विधानसभा वार विवरण जैसे- बूथ संख्या और नाम, बूथ का अक्षांश-देशांतर में लोकेशन, बूथ के बी0एल0ओ0 का नाम और मोबाइल नंबर आदि फीड किए गए हैं, जिससे मतदाताओं को सही जानकारी मिल सके।

### फांसी पर झूली विवाहिता,मौत

**फिरोजाबाद, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** थाना लाइन पार क्षेत्र के मोहल्ला छारबाग में गुरुवार की रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई सूचना पर आये मृतका के पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस को दी पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है छारबाग निवासी 26 वर्षीय रिंकी पत्नी मुन्ने खां की गुरुवार की रात संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगने से मौत हो गई ,जिससे परिवार में कोहराम मच गया इधर सूचना मिलते ही मृतका के पिता आस मोहम्मद निवासी फरिया अपने परिजनों सहित रिंकी के घर पहुंच गये, और उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है।

## चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने को कल से कार्मिकों का दूसरे चरण का होगा प्रशिक्षण

**बरेली, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार के कुशल निर्देशन में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु कार्मिकों का दूसरे चरण का प्रशिक्षण कार्य कल से राजकीय इण्टर कॉलेज में आरम्भ किया जायेगा।

निर्वाचन कार्य को सम्पन्न कराने में पीठासीन अधिकारी व अन्य मतदान कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और सभी का क्या-क्या दायित्व है उसका प्रशिक्षण भली प्रकार दिया जाएगा। समस्त कार्मिक प्रशिक्षण के समय ईवीएम के बारे में अच्छे से जानकारी प्राप्त करे और अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए निर्वाचन को निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न करायें। ज्ञातव्य हो कि विगत प्रशिक्षण में 55 कार्मिक अनुपस्थित पाए गए थे, उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की गयी थी।

कल से शुरू होने वाले प्रशिक्षण में जो भी कार्मिक अनुपस्थित होंगे उनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कठोर कार्यवाही की जायेगी। अतः समस्त कार्मिक समय से पहुंच कर प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

# पहले दिन सिर्फ पर्चे बिके, नहीं हुआ एक भी नामांकन



● नामांकन की सम्पूर्ण प्रक्रिया पर सीसीटीवी कैमरे के साथ वीडियोग्राफर की रही नजर

फतेहपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। लोकसभा चुनाव की पांचवें चरण की होने वाली निर्वाचन प्रक्रिया शुक्रवार से आरंभ हो गई। समूची प्रक्रिया की निगरानी को सीसीटीवी कैमरे के साथ वीडियोग्राफर्स तैनात नजर आए। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के चलते कलेक्ट्रेट और आसपास के क्षेत्र का आवागमन चुनौती पेश करता रहा।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन की 26 अप्रैल से तीन मई तक पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक चलने वाली इस प्रक्रिया का पहला दिन सिर्फ पर्चा खरीद के नाम रहा। किसी भी पार्टी या निर्दल उम्मीदवार की तरफ से सांसद बनने के लिए नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कुछ इस कदर रहे कि कलेक्ट्रेट परिसर और उसके आसपास का इलाका छावनी में तब्दील रहा। प्रत्याशी को तीन वाहनों के साथ गणेश शंकर विद्यार्थी चैराहे के बैरियर तक पहुंचने का मौका दिया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में बने नामांकन कक्ष तक उन्हें पैदल आवागमन की व्यवस्था की गई। अधिकारियों का प्रवेश, विकास भवन गेट से रहा। पटेल नगर चैराहे के निकट बने बैरियर से लोगो को पैदल आवागमन की सुविधा दी गई। हरेक बैरियर पर पुलिस बल तैनाती देखने को मिली। व्यवस्था की बेहतरी को दो मजिस्ट्रेट में उप जिलाधिकारी खागा प्रदीप कुमार रमन को कलेक्ट्रेट परिसर में और अपर उप जिलाधिकारी न्यायिक बिंदकी शुभेंद्र गोपाल की कलेक्ट्रेट आउट साइड में तैनाती रही। बैरिकेटिंग के अन्दर आम जनमानस का प्रवेश वर्जित रखा गया। उधर समूची निर्वाचन प्रक्रिया पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा अलर्ट रखे गए। बाकी का काम वीडियोग्राफर्स करते नजर आए। कलेक्ट्रेट के कक्ष नंबर 1 में नामांकन पत्र दाखिल करने की व्यवस्था रही। यह अलग बात रही कि पहले दिन किसी ने भी अपना नामांकन पर्चा नहीं दाखिल किया। अकेले नाम निर्देशन पत्रों की बिक्री हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी सी. इंदुमती ने बताया कि तीन मई तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। छह मई का दिन नाम वापसी के लिए मुकर्रर रहेगा।

**14 नामांकन पत्र में बसपा का भी दावाः फतेहपुर।** पहले दिन की नामांकन प्रक्रिया में बसपा उम्मीदवार डा. मनीष सिंह सचान के लिए संजय कुमार सचान ने 04 सेट में नामांकन प्रपत्र खरीदे। विकास इंसाफ पार्टी से नीरज सिंह लोधी ने 01 सेट में नामांकन प्रपत्र स्वयं जाकर खरीदा। परिवर्तन समाज पार्टी के उम्मीदवार कमलेश कुमार सिंह ने 02 सेट में नामांकन प्रपत्र खरीदे। राष्ट्र उदय पार्टी के उम्मीदवार रामकिशोर पाल ने 03 सेट में नामांकन प्रपत्र खरीदे। पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक के उम्मीदवार राजबहादुर ने 02 सेट में नामांकन प्रपत्र स्वयं खरीदे। भारती शक्ति चेतना पार्टी से रामबिहारी शुक्ला ने 02 सेट में नामांकन प्रपत्र की खरीद की। निर्दलीय उम्मीदवार दुर्गा प्रसाद ने 01 सेट में नामांकन प्रपत्र खरीदा। सबका दल यूनाइटेड से राधेश्याम पुत्र कल्लू सिंह के लिए अजय कुमार ने 01 सेट में नामांकन प्रपत्र खरीदा। निर्दलीय उम्मीदवार बीरेन्द्र सिंह ने स्वयं 02 सेट में नामांकन प्रपत्र खरीदे। अखिल भारतीय अशोक सेना के उम्मीदवार रामस्वरूप मौर्या ने स्वयं 01 सेट में नामांकन प्रपत्र खरीदे। बहुजन मुक्ति पार्टी के उम्मीदवार फूल सिंह लोधी ने 01 सेट में स्वयं नामांकन प्रपत्र खरीदे। राष्ट्र निर्माण पार्टी के उम्मीदवार गुड्डी ने स्वयं 01 सेट में नामांकन प्रपत्र खरीदे। मुस्लिम मजलिस उ.प्र. के उम्मीदवार गयास अहमद ने स्वयं 01 सेट में नामांकन प्रपत्र खरीदा। राष्ट्रीय जातिगत आरक्षण विरोधी पार्टी के उम्मीदवार रामबरन सिंह ने स्वयं 01 सेट में नामांकन प्रपत्र खरीदे।

# आईपीएल में प्रतिदिन लगता लाखों का सट्टा

● युवाओं को बनाया जा रहा निशाना

खागा/फतेहपुर , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। इस समय आईपीएल का जुनून सिर चढ़कर बोल रहा है। नगर में आईपीएल के नाम पर प्रतिदिन लाखों का सटटा लग रहा है। इस खेल में युवाओं को निशाना बनाया जा रहा है। इस अवैध ऑनलाइन सट्टे के कारोबार की जानकारी पुलिस तक अवश्य पहुंच जाती है। हालांकि पुलिस कभी सटोरिए के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती। बड़े सटोरियों तक नहीं पहुंचने के कारण ये कारोबार निरंतर चलता है। इन बुकियों ने कस्बे, ग्राम स्तर पर अपने गुर्गें और ग्राहकों का नेटवर्क जोड़ रखा हैं। आइपीएल को सटोरिए के लिए सट्टे का महाकुंभ कहा जाता है। सट्टे के शौकीन प्रत्येक मैच के परिणाम से लेकर बाल पर लगने वाले शार्ट, कैच, रन से लेकर हार जीत पर दाव लगाते हैं। जानकार सूत्र बताते हैं कि सोनारी गली में जुआंड़ियों का हब है, बस स्टॉप, गिरजा देवी व चैक चैराहे के समीप एक दुकान में काफी समय से ये धंधा फल फूल रहा हैं, सेटिंग के खेल से पुलिस द्वारा इन सटोरियों पर कार्यवाही की आंच नहीं आने दी जाती। क्रिकेट मैचों पर सट्टा लगाने वाले लोग इसके नशे में इतने चूर हो जाते हैं कि चोरी से अपने परिवार की जमापूंजी सट्टे में उड़ाने में जरा भी गुरेज नहीं कर रहें हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### आज और कल नहीं भरे जा सकेंगे पर्चे

फतेहपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। पहले दिन नामांकन शून्य रहा। 27 अप्रैल को चतुर्थ शनिवार एवं 28 अप्रैल को रविवार होने के कारण नामांकन/प्रपत्र बिक्री का इन कार्य दिवस पर नही होगा।

### पुरानी विद्युत लाइन संचालित करवाने की मांग

फतेहपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। शहर के सिविल लाइन फतेहपुर नर्सिंग होम के पीछे रहने वाले प्रेमचंद्र मौर्य पुत्र स्व. रामनाथ ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी पतनी उर्मिला देवी के नाम पांच बीघा भूमि ग्राम पतहा मजरे लकड़ी परगना व तहसील में स्थित है। भूमि के दक्षिण सड़क किनारे राजेश सिंह चैहान के दरवाजे के पास लगे ट्रांसफार्मर से होकर पुरानी विद्युत लाइन संचालित हो रही थी। 19 दिसंबर 2023 को जानकारी हुई कि सड़क किनारे विद्युत लाइन के बावजूद दूसरी लाइन उसके खेतों के बीचो-बीच पोल गाड़कर खींचकर संचालित की जा रही है। जिस पर उसने उच्च न्यायालय की शरण ली। उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित सिविल रिट पर जिलाधिकारी को तीन माह के अंदर प्रकरण को निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया। इसके बावजूद नई संचालित विद्युत लाइन को संचालित नहीं किया गया। जिससे उन्हें क्षति का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने मांग किया कि पुरानी विद्युत लाइन को संचालित किया जाए। यदि ऐसा नहीं होता है तो वह उच्च न्यायालय में जाने के लिए बाध्य हो जाएंगे।

### दो शातिर साइबर ठग गिरफ्तार

एटा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। पुलिस ने दो शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया, जो भोले भाले लोगों के बैंक खाता खुलवा कर खातों की सप्लाई अन्य राज्यों में करते थे। इस ऑपरेशन में 2 मोबाइल बरामद किए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र सिंह के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी अमित राय के पर्यवेक्षण में, अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने धारा-420 के तहत सन्जू उर्फ संजय माथुर, पुत्र सूरजपाल सिंह, कपिल माथुर पुत्र टीकम सिंह निवासी समसपुर, थाना मारहरा को गिरफ्तार किया। आरोपितों के कब्जे से एंड्राइड मोबाइल, 3 सिमकार्ड, 12 बैंक खातों में 101, 695 रुपये की धनराशि बरामद की है। पुलिस ने बताया कि आरोपित भोले-भाले लोगों का बैंक खाता खुलवाकर धोखाधड़ी करते थे। उन्होंने भोले भाले लोगों से बैंक खातों की किट प्राप्त कर, उन्हें अन्य राज्यों में सप्लाई किया। आरापित अपने मंहगे शौक पूरे करने के लिए भोले भाले लोगो को अपने जाल में फंसाते थे।

### डीएम व एसएसपी ने किया ग्राउंड का निरीक्षण

एटा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 अप्रैल को दोपहर 2 बजे जलेसर नगर के एमजीएम इंटर कॉलेज के ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा को दृष्टिगत जहां भाजपा अपनी तैयारी कर रही है, भीड़ जुटाना के लिए मंथन बैठकों का आयोजन चल रहा है, वहीं प्रशासन भी अलर्ट मोड पर हैं। डीएम प्रेम रंजन सिंह और एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने ग्राउंड का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। प्रदेश के मुख्यमंत्री की जनसभा को लेकर दोपहर 2 बजे जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस, अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह, उप जिलाधिकारी जगमोहन गुप्ता, नायब तहसीलदार वंशिका सिंह सहित राजस्व विभाग, पालिका एवं कोतवाली पुलिस मौके पर मौजूद थी। शासन से प्राप्त निदेर्शों का पालन करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय मंत्री एवं प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल ने प्रातकाल भाजपा कार्यकताओं की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए रैली में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए इसके लिए भी कार्यकताओं को निर्देशित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### उद्योग व्यापार मंडल ने लगाया मटका प्याऊ

इटावा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने शहर के पचराहे पर भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों को शुद्ध एवं शीतल जल मिले इस लिए मटका प्याऊ का शुभारंभ किया। जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल, जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने कहा व्यापार मंडल के द्वारा शहर के प्रमुख स्थानों पर व्यापार मंडल द्वारा मटका प्याऊ लगाये जा रहे हैं जिससे लोगों को भीषण गर्मी में शीतल जल के साथ शुद्ध पानी मिल सके। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता इकरार अहमद, युवा जिलामहामंत्री रंजीत सिंह कुशवाहा, नगर अध्यक्ष चैधरी सचिन अग्रवाल एडवोकेट, अंकित अग्रवाल, संचित अग्रवाल, डॉ. तोमर सहित स्थानीय व्यापारी शामिल रहे।

### आदर्श इंटर कॉलेज का परिणाम घोषित



इकदिल, इटावा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। आदर्श इंटर कॉलेज ईश्वरीपुर इटावा का हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में ललित कुमार ने 89.16ः अंक पाकर प्रथम, पारुल ने 88.83ः अंक पाकर द्वितीय तथा आरती व उर्वशी ने 85.5ः अंक पाकर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रमुख समाजसेवी डॉ. सुशील सम्राट ने सभी छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नितेश कुमार ने किया। कार्यक्रम के अवसर पर प्रबंधक तिलक सिंह राजपूत एडवोकेट, प्रधानाचार्या श्रीमती शशि राजपूत व शिक्षक प्रेमशंकर, विवेक कुमार, जगत सिंह, गौरव राजपूत, ममतेश कुमार, योगेश, उपदेश, विजय, दिलीप, आरती, नेहा, नीरू व अभिभावक मौजूद रहे।

### थ्रेसर में पल्लू फंस जान से महिला की मौत

बकेवर, इटावा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। थाना क्षेत्र के ग्राम सैदपुर में गेंहू काटते समय 65 वर्षीय महिला की साड़ी का पल्लू थ्रेसर में फस जाने से गंभीर रूप से हुई घायल। उपचार के लिए ले जाते समय घायल महिला की रास्ते में हुई मौत। थाना क्षेत्र के ग्राम सैदपुर निवासी जीतू पुत्र महेश चंद्र यादव ने बताया कि गुरुवार की शाम अपनी 65 वर्षीय माँ शीतला देवी के साथ अपने खेतो में रखे गेंहू की फसल काट रहे थे कि तभी अचानक माँ की साड़ी का पल्लू अचानक में चला गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी गांव वालो को हुई तो वह खेत की तरफ भागने लगे और देखते ही देखते तमाम ग्रामीण एकत्रित हो गए। घायल मां को आनन फानन उपचार के लिए पुत्र जिला अस्पताल ले जा रहा था कि तभी माँ शीतला देवी की रास्ते में मौत हो गई। महिला की मौत की सूचना जैसे ही स्वजनो को हुई तो वह रोने विलखने लगे। घटना की सूचना ग्राम प्रधान ने थाना पुलिस को दी सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतक महिला का शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर कार्रवाई की।

# गांजा के साथ दो शातिर तस्कर गिरफ्तार

● दस किलो गांजा के साथ घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद

फतेहपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। सुल्तानपुर घोष थाना पुलिस ने मधुकरी आश्रम से शुक्रवार सुबह दो तस्करों को 10 किलो 300 ग्राम गांजा व एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया है। मुकदमा दर्ज करते हुए उसका चालान न्यायालय भेज दिया। सुल्तानपुर घोष थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मधुकरी आश्रम में दो लोग अलग-अलग झोला लेकर खड़े थे। तभी मुखबीर ने इशारा किया कि झोले में गांजा भरा हुआ है और पुलिस ने तस्करों को घेरा बंदी कर दबोच लिया। पूंछे जाने पर तस्करों ने अपना नाम पता बताया जिसमें इजूरा बुजुर्ग निवासी इरफान और किसनी पुरवा अरखा ऊंचाहार जनपद रायबरेली निवासी शेर मोहम्मद के रूप में हुई। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल बाइक नं. यूपी-33सीसी/1220 को भी कब्जे में ले लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपितों के ऊपर कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है। वहीं तस्करों को पकड़ने में प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र त्रिपाठी, नौबस्ता चैकी प्रभारी सूरज कुमार कनौजिया, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक आनंद वर्मा, हेड कांस्टेबल संदीप कुमार, कांस्टेबल संदीप कुमार गौतम मौजूद रहे।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

ऊसराहार, इटावा। परिवार में विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली परिवार में हुई शादी में विवाद हुआ था जिसमें मारपीट कर दी गई थी जिससे क्षुब्ध होकर फांसी लगाकर आत्महत्या की। मामला ऊसराहार थाना क्षेत्र के अघीनी पुलिया निवासी मुकेश कुमार उर्फ मिस्टर (30) ने शुक्रवार सुबह करीब सात बजे घर के पीछे खडे नीम के पेड से लटककर जीवन लीला समाप्त कर ली, परिवार के लोग खेतों में काम करने के लिए घर के पीछे गये तो उन्हें युवक लटका हुआ मिला, जिसे परिजनों ने उतरवाकर पुलिस को बिना सूचना दिये अंतिम संस्कार कर दिया। ग्रामीण के अनुसार दो बर्ष पूर्व युवक की पत्नी की मौत हो गई थी, जिससे वह अपने माता पिता के साथ रह रहा था।

# विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी

फतेहपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। थरियांव थाना क्षेत्र के एकारी गांव निवासी अनीता देवी पत्नी महेंद्र मौर्य ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि उसका पति कम पढ़ा-लिखा है। सिलाई का काम करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं। गांव के ही सियाराम ने नेहाल नाम के एक व्यक्ति से मिलवाया। जिसका आफिस आबूनगर थाना कोतवाली के समीप स्थित है। जो वीजा एजेंट का काम करता है। वह और उसका पति नेहाल के आफिस पहुंचे। जहां नेहाल ने एक लाख पंद्रह हजार रूपए की मांग करते हुए कहा कि वर्किंग वीजा देकर वह पति को दुबई भेज देगा। जहां प्रतिमाह 27000 रूपए मिलेगा व खाने व पीने के लिए अच्छी व्यवस्था रहेगी। दस घंटे काम करना होगा। जिस पर वह तैयार हो गए और रिश्तेदारों से कर्ज लेकर नौ सितंबर 2023 को एक लाख पंद्रह हजार रूपए लेकर नेहाल को दे दिया। उसके बाद नेहाल ने 22 सितंबर को एक टूरिस्ट वीजा दिया और उसी आधार पर नेहाल ने पति को 13 अक्टूबर 2023 को दुबई भिजवा दिया। उसके पति जब दुबई पहुंचे तो वहां न तो रहने के लिए और न ही भोजन मिला। दस घंटे की जगह चैदह घंटे काम करवाया गया। दो माह दस दिन बाद उसके पति को वहां मौजूद नेहाल के लोगों ने कहा कि वीजा बढ़वाने के लिए और पैसा मंगवाओ नहीं तो अब यहां नहीं रह पाओगे। उसके पति के किए गए काम का पैसा भी नहीं दिया। तब उसके पति ने उसको फोन करके जानकारी दी। जब वह नेहाल से पैसा मांगने गई तो हीलाहवाली करने लगा। वह रोज नेहाल के आफिस के चक्कर लगाती रही। नेहाल ने धमकी दिया कि चाहे जहां शिकायत करो उसका कुछ नहीं होगा। पीड़िता ने एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए उसका पैसा वापस दिलाए जाने की मांग की है।

## तमंचा-कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली पुलिस ने एक युवक को तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर उसे न्यायालय भेज दिया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उन्होंने शैलेंद्र परिहार पुत्र अवधेश सिंह निवासी मीरखपुर कस्बा बिंदकी को एक तमंचा 315 बोर व एक कारतूस 315 बोर बरामद करते हुए गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ थाने पर मु0अ0स0 109/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया।

# मतदाता रैली से छात्रों ने वोटरों को किया जागरूक

**वोटर्स मतदान कर लोकतंत्र के लिए भागीदारी करें सुनिश्चितः डा. राममोहन**



मैनपुरी, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। जपनद में आगामी 7 मई को लोकसभा के लिये मतदान होना है। इसी परिपेक्ष में सुदिति ग्लोबल एकेडमी छात्रों ने आस पास के गांवों में मतदाता जागरूकता अभियान रैली निकाली गई। उपप्रधानाचार्य जय शंकर तिवारी के नेतृत्व में छात्रों छात्रों की रैली आस-पास के गाँवों में जाकर लोगों को मतदान की शक्ति और महत्व के प्रति सचेत किया। मतदाता जागरूकता अभियान के मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. राम मोहन के प्रेरणादायक भाषण देकर लोगों को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। शिक्षकों ने भी इस अभियान में अपनी अहम भूमिका निभाई, छात्रों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर गाँवों के निवासियों तक पहुँचने में सहायता की और वोट डालने की प्रक्रिया के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्रों के इस प्रयास ने न सिर्फ गाँव के निवासियों को चुनाव के महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया, बल्कि उन्होंने उनसे उनके नजरिये को बदलने के लिए भी प्रेरित किया। वे गाँव के निवासियों से चर्चा करते हुए चुनाव में मतदान का महत्व और लोकतंत्र में नागरिक की भूमिका के बारे में बात की है। छात्रों के मतदाता जागरूकता अभियान युवा वर्ग के लिए एक प्रेरणा स्रोत बन गया है, जो अपने समाज के लिए सक्रिय रूप से आगे आए हैं और लोकतंत्र की मजबूती के लिए अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

## प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल ने एटा मेडिकल कॉलेज में किया औचक निरीक्षण



एटा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल ने एक औचक निरीक्षण के दौरान स्कूल की थर्ड फ्लोर पर गंदगी और बिल्डिंग के निर्माण से संबंधित अनेक गड़बड़ियों का खुलासा किया। डॉ. पटेल ने गंदगी को लेकर संबंधित अधिकारियों को जमकर लताड़ा और पूरी मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग की साफ-सफाई के दिए निर्देश दिए। उन्होंने बिल्डिंग के कुछ हिस्सों में किए गए घटिया निर्माण और बंद पड़े आरओ को लेकर संबंधित अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई। इसके अलावा, डॉ. पटेल ने अन्य विभागों के लिए हॉस्पिटल की बिल्डिंग में जल्द सुविधाएं स्थापित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, प्राचार्य डॉ. पटेल ने कर्मचारियों की ड्यूटी चेक की और विभिन्न विभागों में कार्यकताओं के साथ संवाद किया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल ने इस निरीक्षण को स्वस्थ और सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने के लिए किया और विद्यार्थियों व कर्मचारियों के हित में कठिन कदम उठाने का ऐलान किया।

## भरेह के जंगल में लगी भीषण आग

चकरनगर, इटावा। तहसील के भरेह क्षेत्र में आग लगने से एक हेक्टेयर से अधिक खेत व जंगल की भूमि में पेड़ पौधे जल गए। फायर ब्रिगेड, सैंक्चुअरी व पुलिस की टीम ने ग्रामीणों की मदद से खेतों की तरफ आग पर काबू पाया, लेकिन देर शाम तक जंगल की तरफ आग धधकती देखी गई।तहसील क्षेत्र चकरनगर के गांव भरेह के समीप बंजर खेतों में गुरुवार शाम करीब पांच बजे अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग की सूचना पर सैंक्चुअरी, पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद खेतों की आग पर काबू पा लिया, लेकिन देर शाम तक जंगल की तरफ आग पर काबू नही हो सका। आग से करीब पांच हेक्टेयर भूमि पर लगे पेड़-पौधे जल गए।

## श्रीराम कॉलेज आफ इंजीनियरिंग में मनाया गया विश्व बौद्धिक सम्पदा दिवस



मुजफ्फरनगर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर की इकाई श्री राम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग में ह्यआईआईसी-एसआरजीसी द्वारा ह्यवर्ल्ड इंटेलेक्चुअल प्रोपर्टी डे अर्थात ह्यविश्व बौद्धिक सम्पदा दिवसह्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्था के निदेशक डॉ. एस.एन. चौहान द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। प्रतिवर्ष 26 अप्रैल को विश्व बौद्धिक संपदा दिवस मनाया जाता है। यह दिवस विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा 2000 से मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने में बौद्धिक संपदा अधिकारों (जैसे-पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और डिजाइन) की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाना है। सरल शब्दों में कहें तो यह बौद्धिक संपदा अधिकारों के महत्व को समझने, नए विचारों को जन्म देने और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने का दिन है। यह दिन रचनाकारों, आविष्कारकों और उद्यमियों को उनके विचारों और कार्यों के लिए सम्मानित करने का अवसर प्रदान करता है।

## घायल अवस्था में लाया गया तेन्दुआ

इटावा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। 3 माह पूर्व बागपत वन प्रभाग से एक नर तेन्दुआ घायल अवस्था में इटावा सफारी पार्क लाया गया था। इटावा सफारी पार्क के पशु चिकित्सक डा. रोबिन सिंह यादव व डा. शैलेन्द्र सिंह के साथ साथ सुयश कुमार फार्मासिस्ट, कीपर जगदीश सिंह एवं हरीकिशन द्वारा पशु चिकित्सालय में लगातार किये जा रहे उपचार के परिणाम स्वरूप उक्त घायल तेन्दुआ का गहरा घाव जिसमें हड्डी भी दिख रही थी, पूरी तरह से भर गया है तथा उसके ऊपर धीरे-धीरे त्वचा स्किन आ रही है। तेन्दुए द्वारा पूर्ण रूप से भोजन पानी ग्रहण कर रहा है तथा उसकी स्थिति सामान्य प्रतीत हो रही है। यह जानकारी डा. विनय कुमार सिंह उपनिदेशक सफारी पार्क ने दी है।

# वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया




● सांस्कृतिक कार्यक्रमो की शानदार प्रस्तुतियां दी

सहारनपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। सहारनपुर मे आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि प्रो. अरुणा गर्ग व इएनटी स्पेशलिस्ट शिखा बंसल के द्वारा महाराजा अग्रसेन के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम मे अतिथियो व समिति की पदाधिकारियो के द्वारा महाराजा अग्रसेन की आरती भी की गई। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि प्रो. अरुणा गर्ग व इएनटी स्पेशलिस्ट शिखा बंसल का भव्य स्वागत किया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मे तेरे जैसा यार कहां गाने पर साधना बिन्दल, अलका बिन्दल, मोनू गर्ग तथा नेहा अग्रवाल द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। अरुणा गर्ग ने नारी शक्ति राष्ट्र शक्ति के विषय में अपने विचार प्रकट किये। मंजू मित्तल, कुसुम अग्रवाल, सुनीवा गोयल तथा बसल ने हास्य नाटिका की प्रस्तुत की पेश की। शिखा बंसल ने महिला सशक्तिकरण तथा अग्रकुल महिला समिति की सफलता की सराहना की। गत वर्ष की सचिव अलका बिन्दल ने पूरे वर्ष की रिपोर्ट प्रस्तुत की व पूरे वर्ष के खर्च का ब्यौरा भी प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि को विदुषी अग्रवाल तथा मंजू अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया। समयावधि पुरस्कार डा. खेता बंसल व रश्मि सिंहल को दिया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रणव मित्तल व भूमि गुप्ता के द्वारा गणेश वन्दना से किया गया। नवरात्रि के अलक्ष्य में हे नाम रे, सबसे बड़ा तेरा नाम गाने पर श्वेता बंसल, संगीता गोयल, उर्वशी मित्तल, रोमा गुप्ता रूचि मित्तल, संगीता, पुनीत गोयल द्वारा बहुत ही सुन्दर इंडिया की प्रस्तुति की गई जिस पर सभागार झूमने पर हो गया। कार्यक्रम के अन्त में नई कार्यकारणी की घोषणा की गई। जिसमें कुसुम अग्रवाल अध्यक्ष, श्वेता बंसल सचिव, संगीता गोयल कोषाध्यक्ष, कामना गुप्ता संयोजिका के पद पर मनोनीत किया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मे आरूषी अग्रवाल, दिव्या गुप्ता, संगीता गोयल, अल्पना मित्तल, नीलम, लवी, प्रियंका गर्ग, पूजा अग्रवाल, पूजा, धानुका गार्गी मित्तल, उमा गोयल, मधु गोयल आदि उपस्थित रही।

# गठबंधन प्रत्याशी घोषित न होने से लोगों में बेचैनी

फतेहपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। इंडी गठबंधन का प्रत्याशी अभी तक घोषित न होने से समाजवादी पार्टी एवं कांग्रेस के साथ ही आप से ताल्लुक रखने वाले नेताओं व समर्थकों तथा खासकर भाजपा या मोदी हटाओ के नाम पर काम करने वालों में बेचैनी साफ देखने को मिल रही है। फतेहपुर संसदीय सीट का चुनाव पांचवे चरण यानी 20 मई को होना सुनिश्चित है लेकिन अभी तक मैदान में भाजपा, बसपा और पीडीएम सहित अन्य कई छोटे दल का प्रत्याशी ही दिखाई दे रहा है लेकिन पूरे रण में प्रदेश की मुख्य विपक्षी दल सपा अभी तक इस सीट से नदारद है। वैसे प्रत्याशी के नाम में सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, पूर्व सांसद अशोक पटेल, बलिराज उमराव, समरजीत सिंह सहित भाजपा के दिग्गज नेताओं का नाम भी सामने आ रहा है लेकिन आधिकारिक प्रत्याशी घोषित न होने से मामला ऊहापोह की स्थिति में बना हुआ है। अगर इन प्रत्याशियों की सक्रियता की बात करें तो प्रदेशाध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल लगातार जनपद में दौरे पर रहते हुए बड़ी आक्रामकता के साथ पार्टी का प्रचार-प्रसार करते दिखाई पड़ रहे हैं लेकिन उनकी भी अभी तक प्रत्याशी के नाम पर मुहर नहीं लग सकी है जिससे कुछ का मानना है कि प्रदेश अध्यक्ष की सुनवाई भी शायद राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं कर रहे हैं और कुछ का मानना है कि प्रदेश अध्यक्ष महज पार्टी के प्रचार-प्रसार में लगे हुए हैं लेकिन 19 अप्रैल को इनके सोशल मीडिया (फेसबुक) प्लेटफार्म पर प्रणाम फतेहपुर लिखकर मैं आ रहा हूं लोकसभा फतेहपुर से आपकी उम्मीदों का सानी बनकर एक पोस्टर डाला गया है इतना ही नहीं इस पोस्टर में लिखा पाया गया है मेरी माटी, मेरी पहचान-मेरा जनपद, मेरा अभिमान। इसी कड़ी में डॉक्टर अशोक पटेल (पूर्व सांसद) भी जनता के बीच जाकर लगातार जनसंपर्क बनाते दिखाई पड़ रहे हैं। इनके सोशल मीडिया पर भी जनसंपर्क के फोटो आदि की भरमार देखने को मिलती है। वैसे समूचे जनपद में आम वोटरों में सपा की तरफ से इन्हीं दोनों प्रत्याशियों की चर्चा हो रही है इस सबके बाद सपा द्वारा अभी तक प्रत्याशी की घोषणा न किया जाना लोगों ने तमाम तरह की अफवाह को जन्म देती भी दिख रही है क्योंकि क्षेत्र में हर तरीके की चर्चा भी आम है जिसमें सबसे ज्यादा किसी क्षत्रिय बिरादरी के प्रत्याशी होने की भी बात सामने परोसी जाने लगी है। इसी क्रम में अफवाह में भाजपा के एक पूर्व विधायक जो कि ठाकुर समाज से आते हैं उनकी भी चर्चा आम है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि क्या समाजवादी पार्टी के पास भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति के मुकाबिल का कोई प्रत्याशी नहीं है जो उनको टक्कर दे सके। वहीं कुछ का मानना है कि सपा को किसी पर भरोसा नहीं है कि शायद प्रत्याशी घोषित करने के बाद वो प्रत्याशी दल न बदल ले या अन्य अन्य मामले न सामने आ जाएं। बसपा का भी यही हाल है क्योंकि कुछ अफवाहों में ये बात भी सामने आने लगी है कि वर्तमान के घोषित प्रत्याशी का कनेक्शन उत्तर प्रदेश सरकार के एक मंत्री से है। जिनकी टिकट दिलवाने में महती भूमिका है। समाचार लिखे जाने तक समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशी घोषित नहीं किया था।

# तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे क्षेत्रीय अध्यक्ष

इटावा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। 28 अप्रैल को नुमाइश पंडाल में होने वाली अमित शाह की जनसभा की तैयारियों का जायजा लेने क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल इटावा पहुंचे। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत एवं जिला पदाधिकारियों के साथ जाकर जनसभा स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रकाश पाल द्वारा क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं जिला पदाधिकारियों को आज से इटावा में डेरा डालने के निर्देश दिए गए एवं सभी को मंडलो में प्रवास के साथ साथ जनसभा को ऐतिहासिक बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गयी। गृहमंत्री अमित शाह जन सभा के दृष्टिगत जिला की पूरी जिला कमेटी को इटावा की जनता के घर एवं शहरी क्षेत्रों में टोली बनाकर पीले चावल देकर जनसभा में आने के लिए आमंत्रित करने का निवेदन किया गया है। माननीय अमित शाह पन्ना प्रमुखो एवं बूथ अध्यक्षों को चुनाव प्रबंधन हेतु मंत्र फूंकने का कार्य करगें। निरीक्षण कार्यक्रम में जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चैधरी, लोकसभा संयोजक रजनीश पांडेय, आनंद राजपाल, प्रभारी अनूप अवस्थी, रोहित अवस्थी, नीरज गुप्ता, देवेंद्र देव गुप्ता, जिलामंत्री राहुल राजपूत, जितेंद्र गौड़, रजत चैधरी, लोकसभा, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, मुकेश यादव, मनोज राजपूत सहित पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# बीडीओ ने पंचायत भवन का किया निरीक्षण

## पंचायत सचिव ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**सैदनपुर/बाराबंकी, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** खण्ड विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत डूंड़ी के पंचायत भवन की साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं पंचायत सचिव द्वारा मतदाता जागरुकता रैली निकाल करके शत प्रतिशत मतदान किए जाने की अपील की गयी।

खण्ड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी द्वारा ग्राम पंचायत डूंड़ी में निरीक्षण के दौरान सामुदायिक शौचालय बन्द मिला जिस पर बी डी ओ ने कड़ी नाराजगी जताई वहीं पंचायत भवन पर सफाई कर्मचारी श्याम किशोर मौजूद मिले जिनके द्वारा जानकारी दी गई कि यहां पंचायत सहायक का पद रिक्त है। पंचायत भवन की साज सज्जा देख खण्ड विकास अधिकारी संतुष्ट दिखे। वही ग्राम पंचायत सचिव धर्मेन्द्र वर्मा के द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाकर भांगड़ा (ढोल) के साथ मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन कर-के उन्होंने शत प्रतिशत मतदान किए जाने की अपील किया। इस अवसर ग्राम प्रधान रामसिंह वर्मा ग्राम पंचायत अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार वर्मा सतीश वर्मा विद्यालय के अध्यापक तथा बच्चे आशा आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।




## अग्निकाण्ड से प्रभावित 18 लोगों के खातों में भेजी 1.3 लाख की धनराशि

**बहराइच, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि शुष्क मौसम के दृष्टिगत जनपद में तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत 24 अप्रैल 2024 को ग्राम दुधाधारी में हुए अग्नि दुर्घटना में 13 व्यक्तियों को अहैतुक सहायता/गृह अनुदान के रूप में रू. 74,000=00 तथा तहसील नानपारा अन्तर्गत कोयलहवा, सिलेडनगंज, बरूही में हुए अग्निकाण्ड में 05 व्यक्तियों को अहैतुक सहायता/गृह अनुदान के रूप में रू. 29,000=00 की सहायता प्रदान की गई है।

डीएम ने बताया कि शुष्क मौसम के दृष्टिगत जनपद में हो रहे अग्नि घटनाओं के मद्देनजर समस्त तहसीलों को निर्देश दिया गया है कि तहसील अन्तर्गत अग्नि दुर्घटना की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर प्रभावित लोगों एवं परिवारों को मानवीय दृष्टिकोण हर संभव सहयोग प्रदान किया जाय तथा आग अथवा किसी अन्य दैवीय आपदा से होने वाली क्षति का आंकलन नियमानुसार पीड़ित पक्ष को अहैतुक सहायता, गृह अनुदान अथवा अन्य अनुमन्य सहायता भी प्रदान की जाय।

# सड़क दुर्घटना में 12 वर्षीय छात्र की दर्दनाक मौत

**आजमगढ़, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** अतरौलिया थाना क्षेत्र में पिकअप की चपेट में आने से एक 12 वर्षीय मासूम छात्र की दर्दनाक मौत हो गयी। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पिकअप चालक को हिरासत में ले लिया।

शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार अमारी गांव निवासी प्रभास जायसवाल (बेबू) उम्र 12 वर्ष पुत्र बृजेश कुमार अपने पिता ब्रजेश कुमार के साथ स्कूटी से ब्लू बेल्स पब्लिक स्कूल अतरौलिया में पढ़ने के लिए शुक्रवार सुबह घर से निकला था उससे पहले ही उसकी स्कूल बस चली गई। ततपश्चात घर से स्कूटी लेकर 7.30 बजे सुबह अपने विद्यालय ब्लू बेल्स पब्लिक स्कूल जा रहा था कि पंडौली, नंदना के समीप पहुँचा ही था कि तभी अतरौठ की तरफ से बर्फ की सिल्ली लेकर तेज रफ्तार आ रही पिकअप ने अनियंत्रित होकर स्कूटी सवार बृजेश कुमार और उसके 12 वर्षीय पुत्र छात्र को टक्कर मार दी जिससे छात्र वहीं गिर गया, तभी अनियंत्रित बर्फ की सिल्ली लदी पिकअप उसके ऊपर ही पलट गई जिसके कारण घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मौके पर पहुंच गए तथा पिकअप व चालक समेत शव को अपने कब्जे में ले लिया। मृतक तीन बहनों में इकलौता पुत्र था। मृतक के पिता ब्रजेश कुमार रेलवे में नौकरी करते हैं। पिता की तरफ से स्थानीय थाने में तहरीर दी गई है, तहरीर प्राप्त होते ही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इकलौते बेटे की दर्दनाक मौत से माता शांति देवी व तीनों बहनों का का रो-रो कर बुरा हाल है। पिता का इकलौते पुत्र की मौत से घर का चिराग ही बुझ गया।

मृतक ब्लू बेल्स पब्लिक स्कूल अतरौलिया में कक्षा 6 का छात्र था, सड़क दुर्घटना में प्रभास की मौत की जैसे ही सूचना प्रबंधन जितेन सिंह गुड्डू तथा डायरेक्टर हर्षित सिंह को मिली तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को सान्त्वना देते हुए विद्यालय में अवकाश कर मृतक प्रभास को श्रद्धांजलि दी गई।

## सीएवी साइंस एकेडमी के छात्रों का जेई मेंस सेशन द्वितीय की परीक्षा में चयन


रणवीर सिंह


अतुल वर्मा


उदयराज

**अंबेडकर नगर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** चाणक्य अमर वैदिक साइंस एकेडमी इंटर कॉलेज मिजार्पुर अकबरपुर के छात्रों ने यूपी बोर्ड की परीक्षा में जिले एवं प्रदेश में अपना स्थान बनाने के साथ ही आईआईटी की मेंस परीक्षा में भी जनपद का नाम रोशन किया है।

छात्र रणवीर सिंह ने जहां जेई मेंस की सेशन प्रथम की परीक्षा में 99.95 परसेंटाइल लाकर टॉपर बने थे वहीं जेई मेंस की सेशन द्वितीय की परीक्षा में भी 99.56 परसेंटाइल लाकर जनपद के साथ-साथ स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वही जेई मेंस की सेशन द्वितीय की परीक्षा में अतुल वर्मा को 87 परसेंटाइल तथा उदय राज को 60.59 परसेंटाइल प्राप्त हुआ है।विद्यालय परिवार इन छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं इसके पहले जिला समाज कल्याण अधिकारी विक्रम कौशल द्वारा छात्र रणवीर सिंह को अभ्युदय की ओर से सम्मानित किया गया है।

# व्यय प्रेक्षक ने किया नानपारा क्षेत्र का भ्रमण

### एसएसटी व एफएसटी की गतिविधियों से हुए रूबरू

**बहराइच, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र नानपारा का भ्रमण कर क्षेत्र में तैनात की गई फ्लाईंग स्क्वायड टीम तथा एस.एस.टी. बैरियर का निरीक्षण कर आदर्श आचार संहिता व व्यय अनुवीक्षण का पालन कराये जाने हेतु संचालित की जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।



व्यय प्रेक्षक ने भ्रमण के दौरान पाया कि ईमामगंज चौराहा के निकट एफ.एस. टीम द्वारा वाहन की जांच की जा रही है। यहां पर टीम के मुखिया अवर अभि सरयू नहर खण्ड नानपारा मो. जीशन, उप निरीक्षक संदीप कुमार द्विवेदी, मुख्य आरक्षी सुरेश यादव, आरक्षी विनय चौधरी व अजय चौधरी मौके पर मौजूद रहे। अवर अभि. ने व्यय प्रेक्षक को बताया कि अब तक 40 वाहनों की जांच की गई है। इसी प्रकार नानपारा रूपईडीहा मार्ग पर भविनयापुर के निकट एक अन्य एफएस टीम वाहनों की जांच करते हुए पायी गयी। यहां पर टीम के मुखिया अवर अभि. नलकूप खण्ड बहराइच विनय कुमार खरवार, उप निरीक्षक शिवानन्द सिसौदिया, मुख्य आरक्षी अवधेश यादव, आरक्षी सुनील कुमार व सत्यव्रत चौरसिया मौके पर मौजूद पाये गये। टीम मुखिया द्वारा बताया गया कि अब तक 25 वाहनों की जांच की जा चुकी है। निरीक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक द्वारा पंजिकाओं का भी अवलोकन किया गया। व्यय प्रेक्षक श्री मुरूगन ने कुरमियन चौराहा व राणा पेट्रोल पम्प के निकट एसएसटी बैरियर का निरीक्षण कर टीम प्रभारी आनन्द रूवरूप व हरिशंकर प्रजापति से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया गया कि मुस्तैदी के साथ कार्य करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गयी मानक प्रचालन प्रक्रिया का अनुपालन सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर प्रेक्षक के लाईजन आफिसर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मायके वालों ने की पिटाई

**सिरौलीगौसपुर/ बाराबंकी, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** खरीदा गया प्लाट बहू के नाम न करने से नाराज पहुंचे मायके वालों ने सास ससुर की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली व कस्बा बदोसरायं निवासी इन्द्रजीतराम ने पुलिस से शिकायत कर कहा है कि विगत चार अप्रैल को बहु किरन देवी के मायके से आए उसके भाई अनिल कुमार भाभी रीता देवी अविनाश सुमन देवी प्रेम सागर अखिलेश निवासी फखरुद्दीनपुर सठियाव थाना मुबारकपुर जनपद आजमगढ़ ने घर पहुंचते ही अभद्रता करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर सभी पीटने लगे मुझे पिटता देख बचाने आई पत्नी राधिका देवी की भी पिटाई कर दी। इस दौरान उन लोगों ने कहा कि यदि प्लाट किरन के नाम नहीं करोगे तो तुम्हें जान से मार देंगे। मौके पर मेरा पुत्र शैलेंद्र कुमार मौजूद नहीं था। आरोप है कि जाते समय बहू किरन देवी ने घर में रखी जेवरात व 40 हजार की नगदी तथा आवश्यक कागजात भी अपने साथ उठा ले गई। पीड़ित की शिकायत पर बदोसराय पुलिस ने भाई,भाभी सहित करीब एक दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

### सड़क हादसे में दो की मौत

**माधौगंज/हरदोई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** कार व ऑटो की आमने सामने की टक्कर से दो लोगो की मौत हो गई। वही दोनों वाहनों में सवार दस लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी ले गए। थाना क्षेत्र के बिल्हौर कटरा मार्ग शेखनपुर में पेट्रोल पंप के निकट कस्बे की ओर जा रहे ऑटो में तेज गति से जा रही अर्टिका कार सामने से टकरा गई। ऑटो में सवार अखिलेश कुमार पुत्र रामेश्वर निवासी ने परसा पुर थाना साण्डी ने बताया की वह ऑटो करके अपनी माँ रामकुमारी 70 वर्ष,पुत्र दिलीप,पत्नी गीता के साथ क्षेत्र के गांव पहुंतेरा में शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। उनके साथ हैबत पुर बिलग्राम निवासी वंदना 18 वर्ष पुत्री प्रेमलाल, अवनीश 20 वर्ष पुत्र प्रेमलाल, अनुराग 16 वर्ष, ऑटो चालक जाने आलम 29 वर्ष पुत्र शहाबुद्दीन निवासी चुलिया पुर बिलग्राम टक्कर लगने से घायल हो गए। वही कार में सवार विंध्याचल 30 वर्ष पुत्री राजेश सिंह हैदर गंज अयोध्या,मीनाक्षी सिंह 37 वर्ष निवासी नील गथा कैन्ट लखनऊ निवासी दीपक 59 वर्ष पुत्र अशोक सिंह,दक्ष सिंह 6 वर्ष पुत्र दीपक घायल हो गए। सीएचसी डॉक्टर लोकेश ने राम कुमारी व अनुराग को मृत घोषित किया।

# संवीक्षा में विधिमान्य पाये गये 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र

**बहराइच, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए दाखिल किये गये नामांकन पत्रों की संवीक्षा में 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र विधिमान्य पाये गये हैं।

रिटर्निंग आफिसर मोनिका रानी द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्य राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी भारतीय जनता पार्टी से आनन्द कुमार पुत्र अक्षयवर लाल, बहुजन समाज पार्टी से डॉ. बृजेश कुमार पुत्र रामहर्ष व समाजवादी पार्टी से रमेश चन्द्र पुत्र माता प्रसाद के नामांकन पत्र विधिमान्य पाये गये। इसी प्रकार रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलों (मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनैतिक दलों से भिन्न) के अभ्यर्थी भारतीय अवाम पार्टी (राष्ट्रीय) से अरविन्द कुमार पुत्र सुन्दर लाल, बहुजन मुक्ति पार्टी से बेचूलाल पुत्र लखराज, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से राम मिलन पुत्र अमरनाथ व राष्ट्र धारक दल से रिंकू साहनी पत्नी रोशन लाल नाविक तथा अन्य अभ्यर्थी निर्दलीय जगराम पुत्र बाबादीन, जनार्दन गोंड पुत्र शिवबचन तथा रमेश बाल्मीकि पुत्र राकेश बाल्मीकि के नामांकन पत्र भी संवीक्षा में विधिमान्य पाये गये।



## लोक सभा चुनाव को ले उड़न दस्ता टीम ने की वाहनों की चेकिंग

**सिरौलीगौसपुर/बाराबंकी, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उडन दस्ता प्रभारी कोतवाली बदोसराय पुलिस के साथ मरकामऊ तिराहे पर वाहनों की चेकिंग की। शुक्रवार को चौकाघाट गनेशपुर से मरकामऊ तिराहे पर आने वाले वाहनों को उडन दस्ता प्रभारी विनोद कुमार हिमांशू पान्डेय उपनिरीक्षक कोतवाली बदोसराय दीपक कुमार प्रजापति हेड कांस्टेबल, महिला हेड कांस्टेबल हिमांशी सिंह रमाकांत आदि के साथ मरकामऊ तिराहे पर चार पहिया वाहनों की चेकिंग की गई।

# हत्या के अभियोग का एक और वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**रामपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** थाना सैफनी पर 04 अप्रैल को अभियुक्तों द्वारा एक राय होकर वादी के पुत्र को चाकू मारकर घायल कर देना जिससे वादी के पुत्र की मृत्यु हो जाने के संबंध में पंजीकृत मु0अ0सं0 58/24 धारा 147/148/149/302/34 भादवि व 4/25 आर्म्स एक्ट की विवेचना के क्रम में शुक्रवार 26 अप्रैल को थाना सैफनी पुलिस द्वारा गस्त व संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियोग उपरोक्त के वांछित अभियुक्त कल्लू पाण्डेय उर्फ अमर पाण्डेय को बैरूआ जाने वाले मझरा घाट तिराहे से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। उक्त अभियोग के 02 अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।

# श्रद्धापर्व में चरन सिंह की उपस्थिति रही चर्चा का विषय




**रामपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** भावाधास (भीम) के तत्वावधान में श्रद्धा पर्व बड़े ही श्रद्धा भाव से सम्पन्न हुआ जिस में भारत के 11 प्रन्तों के श्रध्दालुओ ने वाल्मीकि तीर्थ सीताबनी (रामनगर) नैनीताल में अपने धर्म गुरु वीरेश विकल जी महाराज को श्रद्धासुमान अर्पित की और आज ही के दिन 26 अप्रैल 2010 को वह परमात्मा के चरणों में जा विराजे थे जिन की पूर्णेतिथि पर हर वर्ष श्रद्धा पर्व मनाया जाता है पंजाब,चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, राजस्थान, मध्य प्रदेश, व्रज प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और कश्मीर सहित अनेक प्रांतों के हजारों लोग शामिल हुए।

वीर श्रेष्ठ चरण सिंह बबरीक दिल्ली ने भजन गाकर समा बाँध दिया और उन्होंने वीरेश भीम अनार्य से कहा कि वह विकल जी नाम लेवा को एकत्र करे और उस के लिए सीतावानी सबसे अच्छा स्थान है भीम अनार्य ने कहा कि वह इसके लिए प्रयास करेंगे।चरण सिंह की उपस्थिति चर्चा का विषय रही।धर्मगुरु विराट नाथ ने अपने आशीर्वाद प्रवचन में विकल जी के कार्यों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर दिल्ली से सूरज प्रकाश चावरियाँ,उत्तराखंड से मनोज पवार,शिवानंदन टाँक,उत्तर प्रदेश सतीश पारचाकैलाश एकलव्य,मुकेश चौधरी,विजय अनार्य आदि लोग शामिल थे।

# विहिप ने झारखंड महादेव मंदिर पर आयोजित किया सत्संग

**अंबेडकरनगर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा लगातार रामोउत्सव कर लोगों को श्रीराम जी के जीवन से सीख लेकर उन्हें जीवन रामजी की तरह जीने की प्रेरणा देने का काम कर रहे है उसी निमित्त टाण्डा नगर के श्री झारखंड महादेव मंदिर के पास स्थित हनुमान जी महाराज के मन्दिर में श्याम बाबू प्रान्त सत्संग प्रमुख के नेतृत्व में सैकड़ों माताओं बहनों भाइयों ने अपनी सहभगिता इस आयोजन में दिखाई । श्याम बाबू ने कहा हम सबको एक सूत्र में बंधकर अपने पूर्वजों के अधूरे कामो को पूरा करना है इसके लिए आने वाले दिनों में जातीयता के बंधन से बाहर आना होगा तभी रामराज्य की स्थापना का मार्ग प्रसस्त होगा और यही हम सबका सपना होना चाहिए।

इस अवसर पर सैकड़ो आरती के थालो से हनुमान जी की आरती हुई लोगो ने बड़े ही श्रद्धा से इस कार्यक्रम को सफल बनाया। प्रमुख रूप से सुयश कसौधन,राकेश सोनकर,अभिषेक गुप्ता, जयपाल मौर्या, श्री कृष्णा,अरूण अग्रवाल,घिसियावन मौर्य, सुनील गौतम, श्रीप्रकास सिंह, संजय शर्मा,आदित्य मौर्य, अंकित गांधी, उर्मिला जायसवाल, पुष्पा जायसवाल,जिला संयोजिका मातृ शक्ति शोभना गुप्ता, उषा देवी, रचना, कुसुम देवी सहित बड़ी संख्या में भक्तजन और विहिप बजरंगदल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जेईई मेन्स में चमके डीएमए के छात्र

**रामपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** दयावती मोदी अकादमी के छात्रों ने जेईई मेन्स की परीक्षा पास की है।इनमें सुयश अग्रवाल ने 99 अंक हासिल किये।इनके पिता योगेश अग्रवाल और मां शोभना अग्रवाल ने खुशी जताई।आदित्य राज ने 98.85 अंक हासिल किये।पिता राजकुमार और मां रजनी बाला ने हर्ष व्यक्त किया। शिवांश पाठक ने 96.87 अंक अर्जित किये।पिता राजेश कुमार शर्मा और मां विमला शर्मा ने गर्व जताया।हर्ष यादव ने 95.73 अंक प्राप्त किये। पिता राजेश कुमार और मां रजनी देवी बेटे की उपलब्धि पर खुश है। वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्या डा0 सुमन तोमर ने सभी को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और निरन्तर आगे सफल होने को प्रेरित किया।

# जिनिअ ने निर्वाचन कार्यालय परिसर का लिया जायजा

**अंबेडकर नगर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा निष्पक्ष, पारदर्शी चुनाव कराने हेतु निर्वाचन कार्यालय परिसर का जायजा लिया गया।



जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त रूप से निर्वाचन कार्यालय परिसर, वेयर हाउस का जायजा लिया गया। जिसमें सुरक्षा व्यवस्था, बैरी केटिंग तथा अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित को दिया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल,जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा अन्य अधिकारी /कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण आयोजित

**अंबेडकर नगर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व सकुशल संपन्न कराने हेतु माइक्रो आब्जर्वर का दो पालियों में प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी की उपस्थिति में माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षकों द्वारा विस्तार पूर्वक भारत निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों को अवगत कराया गया साथ ही साथ 25 मई 2024 मतदान दिवस को रिपोटिंग कैसे की जाएगी इस बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया। जिससे वे समय से अपनी रिपोर्टिंग कर सकें। कंट्रोल यूनिट, वैलिड यूनिट व वीवी पैट को सुचारू रूप से संचालित करने के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ ही डेमो करके दिखाया गया।

# बड़े ही धूमधाम से निकाली गई भगवान श्रीराम की बारात

**बघौली/हरदोई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जनपद के लोधी गांव में श्री राम मंदिर दरबार में भगवान श्री राम की मूर्ति स्थापना को लेकर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया था जिसका आज कथा का पंचम दिवस है।कथा का समय शाम 7 बजे से 10 बजे तक होती है।जिसमे कथा वक्ता पं०विनोद कुमार तिवारी,यज्ञाचार्य रामगोविंद शास्त्री, सह आचार्य रवि दीक्षित,आचार्य पंडित विनय तिवारी,आचार्य पंडित अनुराग तिवारी आचार्य पंडित निशांत दीक्षित के द्वारा श्रोताओं को कथा श्रवण कराई जाती है।इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी व क्षेत्र के सभी भक्तगण बड़े ही भाव से कथा श्रवण करते हैं। कथा व्यास पंडित विनोद कुमार तिवारी जी के द्वारा अवगत कराया गयाकि दिनांक 25 अप्रैल 2024 दिन गुरुवार को

दूध,जल, फूल, व अनुवा फल से भगवान श्रीराम का अभिषेक किया गया जिसके बाद बड़े ही धूम धाम से गाजे व बाजे के साथ भगवान श्रीराम की बारात निकाली गई।जिसमे समस्त ग्राम वासी व क्षेत्रवासी व श्रद्धालुओं व सभी भक्तगण भगवान श्रीराम की बारात में सामिल होकर बड़े ही भाव से भगवान श्रीराम की बारात कराई गई।उसके बाद प्रभू श्रीराम की स्थापना की गई।इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी व क्षेत्रवासी व श्रद्धालुओं एवम भक्तगण काफी संख्या में लोग भगवान श्रीराम की बारात को देखने के लिए मौजूद रहे।



## प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**शाहाबाद/ हरदोई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** कस्बे के कई विद्यालयों में अच्छे अंक से उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों को अभिवावकों की उपस्थिति में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया।

कैरियर पब्लिक स्कूल में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह, नगद राशि और साइकिल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में अभिभावक गण मौजूद रहे। कैरियर पब्लिक स्कूल संकटा देवी मार्ग स्थित बिल्डिंग में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में हाई स्कूल की परीक्षा में 93% अंक पाकर प्रथम स्थान पाने वाले शेखर आनंद को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह मुख्य अतिथि प्रोफेसर इमरान खान एवं चौधरी उमेश गुप्ता ने प्रदान किया।

इसके अतिरिक्त हाई स्कूल की ईफा मुईन, शुजातहुसैन, चांदनी शर्मा, रमसा खान, अफसाना सिद्दीकी तथा इंटरमीडिएट की शुभी मिश्रा, प्रताप त्रिपाठी, तूबा, सुहाना सिद्दीकी, वर्षा, नाजिया, नीतीश मिश्रा आदि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर प्रबंधक सलीम सिद्दीकी ने समस्त प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रोफेसर इमरान खान ने कहा कैरियर पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया स्कूल, शहर और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया, आगे भी मेहनत करके ऐसे ही नाम रोशन करें।

## शिक्षा से होता बच्चों का बहुमुखी विकास: खां

**शाहाबाद/हरदोई, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** कस्बे के बिल्किस गर्ल्स इंटर कॉलेज मुजागढ़ में स्कूल के प्रबंधक शाहिद खान द्वारा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण विद्यार्थियों के सम्मान समारोह कार्यक्रम में विद्यालय की 10 छात्राओं को माल्यार्पण कर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक इकाई के प्रदेश सचिव मुजीब खान ने इंटरमीडिएट की तृप्ति रस्तोगी, हुजैफा, मोहित, सकीना सिद्दीकी तथा कक्षा 10 की छात्रा कोमल गुप्ता, जारा मलिक, हैदर अली खान, सल्तनत, सिंबुल एवं उन्जिला को माल्यार्पण कर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुजीब खां ने सभी सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा,शिक्षा से ही बच्चों का बहुमुखी विकास होता है।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **17.05.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैन्युअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे यदि कोई मैन्युअल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदाकर्ता निविदा फॉर्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एफडीआर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना सं. | 03402024 दिनांक 25.04.2024 | | |
| निविदा सं. | 09-Sr.DEN-VI/LKO/2024-25 | | |
| कार्य का नाम | वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर–VI, लखनऊ के अधीन सहायक मण्डल इंजीनियर–प्रयाग के अंतर्गत रेलवे ट्रैक के पास पेड़ों के तनों एवं शाखाओं की छंटाई और कटाई का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹61,38,576.80 | धरोहर राशि | ₹1,22,800/- |
| कार्य समापन की अवधि | स्वीकृत पत्रजारी करने की तिथि से 06 माह | | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | 03.05.2024 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 17.05.2024 को 15:00 बजे | | |

निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। 1245/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**बलरामपुर, 26अप्रैल (तरुण मित्र)** । लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 को सकुशल, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह की अध्यक्षता में 08 जोनल मजिस्ट्रेट एवं 122 सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।



प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेट को मतदान के दौरान किन किन बातों का ध्यान रखना है ,इसकी बारीकिया बताई गई तथा ईवीएम व वीवीपैट से जुड़ी बारीकियां भी बताई गई। इस अवसर पर डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी सिंह ने कहा की चुनाव को सकुशल एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने में सेक्टर मजिस्ट्रेट की भूमिका अतिमत्वपूर्ण हैं। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने कार्य एवं दायित्व को अच्छी तरह से जान ले तथा हैंडबुक एवं गाइडलाइन का गहन अध्ययन कर ले। मतदान के दिन सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट दृढ़ निश्चय एवं निपुणता के साथ सकुशल एवं निष्पक्ष मतदान संपन्न कराएंगे। उन्होंने कहा की सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने अपने सेक्टरों का चप्पा चप्पा देख ले। मतदान केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो यह सुनिश्चित करेंगे। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने सेक्टर के महत्वपूर्ण व्यक्तियों प्रधान, सचिव,लेखपाल, एसएचओ का नंबर अपने मोबाइल में रखेंगे। इस अवसर पर सीडीओ संजीव कुमार मौर्य , एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार , अपर पुलिस अधीक्षक , जिला विकास अधिकारी , परियोजना निदेशक डीआरडीए , डीपीआरओ व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

## दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**बस्ती (दुबौलिया), 26अप्रैल (तरुण मित्र)** । थाना दुबौलिया पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराध से सम्बन्धित एक वांछित अभियुक्त बुद्धसागर पुत्र काली प्रसाद निवासी रामनगर थाना दुबौलिया जनपद बस्ती सम्बन्धित मु0अ0सं0 67/2024 धारा 376/323/504 भादवि को समय करीब 08.40 बजे विशेषरगंज से हिरासत में लेकर न्यायालय जनपद बस्ती रवाना किया गया।गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष दुबौलिया उ0नि0 चन्द्रकान्त पाण्डेय जनपद बस्ती,का0 आसिफ अंसारी, का0 आशुतोष चौहान, म0का0 स्वीकृति मिश्रा थाना दुबौलिया जनपद बस्ती रहे ।

# लेखन प्रतियोगिता गोष्ठी: समाज को बेहतर बनाने में पत्रकारिता सक्षम-पाण्डेय

**गोंडा, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)**। श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के हिंदी विभाग ने 'समाचार लेखन' विषय पर एड ऑन कोर्स/ सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ किया। महाविद्यालय के ललिता शास्त्री सभागार में गुरुवार को शिक्षण-प्रशिक्षण सत्र में विद्यार्थी पत्रकारिता की आधारभूत जानकारी के साथ समाचार लेखन की प्रविधि पर प्रकाश डाला गया।




उद्घाटन सत्र के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रवीन्द्र कुमार ने लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ पत्रकारिता के अंतर्गत समाचार लेखन विषयक कोर्स को संचालित करने के लिए हिंदी विभाग को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकारिता देश-दुनिया और समाज को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकती है। हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र ने उद्घाटन सत्र में 'समाचार क्या है' विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस धरती और समाज को सुन्दर बनाने में पत्रकारिता में अपार संभावनाएं हैं। प्रो. जय शंकर तिवारी ने समाचार लेखन का उद्भव और विकास समझाते हुए कहा कि कागज और छापाखाना की खोज के साथ ही पत्रकारिता का प्रारंभ होता है। भारत में सन् 1550 ई. में पुर्तगालियों द्वारा गोवा में और तमिलनाडु में प्रेस की स्थापना की गई। उन्होंने प्रथम हिंदी समाचार पत्र उदन्त मार्तंड से लेकर हिंदी पत्रकारिता के वर्तमान रूप तक हुए विकास-क्रम को प्रोफेसर तिवारी ने प्रकाश डाला।

# अधिशासी अधिकारियों को डीएम ने दिये निर्देश

**गोण्डा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जनपद के सभी नगरीय निकायों के क्षतिग्रस्त मेनहोल को तत्काल कवर करने के आदेश दिए हैं। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त नगरीय निकाय के अधिशासी अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी करते हुए 3 दिनों के भीतर इसकी रिपोर्ट भी मांगी है। साफ किया है कि इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं की जाएगी। वहीं, इसकी निगरानी की जिम्मेदारी सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपी गई है।

बता दें, बीती 23 अप्रैल को लखनऊ में एक बच्चे के खुले मेनहोल में गिरने के कारण मृत्यु होने की दुखद घटना प्रकाश में आई है। ऐसी घटनाओं पर रोकथाम के संबंध में समय-समय पर शासन स्तर से कड़े निर्देश निर्गत किए गए हैं तथा इन निर्देशों के अनुपालन की जिम्मेदारी संबंधित नगर निकाय के अधिकारियों को दी गई है।

उक्त घटना के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने जनपद में समस्त नगरीय निकाय के अधिशासी अधिकारियों को शुक्रवार को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत, प्रत्येक दिन वार्ड वार निरीक्षण कर समस्त सीवर लाइन के टूटे मैनहोल कवर कर उसी दिन रिपेयर करने का कार्य करना है।

## किन्नरों को मतदान से जोड़ने को सीडीओ ने किया संवाद

**देवरिया , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विकास भवन के गाँधी सभागार में किन्नर समुदाय के लोगों से संवाद किया। मुख्य विकास अधिकारी ने मतदान करने के लिए भेजी गई पत्र को थर्ड जेंडर समुदाय के लोगों को दिया। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया में सहभागिता किन्नर समुदाय को मुख्य धारा में जुड़ने हेतु एक नया मार्ग प्रशस्त करेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी/सहायक स्वीप नोडल शालिनी श्रीवास्तव ने कहा कि एक सशक्त लोकतंत्र के लिए अंतिम व्यक्ति तक की भागीदारी आवश्यक है। थर्ड जेंडर समुदाय के जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में नहीं है उनके लिए एक विशेष दिन अभियान चलाकर उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा और उन सभी को एक जून को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान हेतु प्रेरित किया जाएगा।

# डीएम ने की मतदाता जागरूकता की अनूठी पहल

### 1100 दीपों की जगमगाहट के साथ प्रशासन देगा मतदान करने का संदेश

**गोण्डा,26अप्रैल (तरुण मित्र)।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन झ 2024 के दृष्टिगत जनपद में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिलाधिकारी द्वारा एक और अनूठी पहल की गई है। जनपद की मातृ शक्ति को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम से जोड़ने के उद्देश्य से दीपोत्सव का आयोजन करने का फैसला लिया गया है।

आगामी 12 मई को मदर्स डे के अवसर पर करनैलगंज क्षेत्र में सरयू घाट पर इस दीपोत्सव आयोजित किया जाएगा। बता दें, जनपद में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के सम्बन्ध में जारी कार्यक्रम के अनुसार जनपद गोण्डा में आगामी 20 मई को मतदान सम्पन्न होगा।

लोकतंत्र के इस महोत्सव में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा गत वर्षों की तुलना में अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान संचालित हैं, जिनके तहत ग्राम पंचायत स्तर से लेकर जिले स्तर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि आगामी 12 मई को सरयू घाट पर दीपोत्सव गोधूलि बेला में प्रारंभ होगा। स्वंय सहायता समूहों के माध्यम से 1100 दीपों की व्यवस्था कराई जाएगी। इस कार्यक्रम में समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति के अतिरिक्त विकासखण्ड करनैलगंज, हलधरमऊ, कटराबाजार के निकटवर्ती ग्रामों की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, युवक मंगल दल के सदस्यों, स्वयंसेवी संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

**दीपोत्सव होगा जीरो वेस्ट इवेंट**

मतदाता जागरूकता के साथ ही इस आयोजन के माध्यम से जनपद में जीरो वेस्ट इवेंट की संस्कृति को भी विकसित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने इस पूरे कार्यक्रम को जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में आयोजित करने का फैसला लिया है। यानि, इस आयोजन से उत्सर्जित कूड़ा का शत प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

# महिलाओं को किया जागरूक

**गोरखपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे एवं संरक्षक, पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन (नरवो) सुश्री सौम्या माथुर के दिशा-निर्देश में स्वर्ण जयन्ती विद्यालय, बौलिया रेलवे कालोनी, गोरखपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में बौलिया रेलवे कालोनी के आसपास की बस्तियों की महिलाओं एवं महिला सफाई कर्मचारियों को पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की ओर से संगठन की सदस्याओं ने सैनिटरी पैड वितरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय, गोरखपुर की वरिष्ठ चिकित्सक डा० तनु वर्मा ने उपस्थित महिलाओं को माहवारी के समय बरती जाने वाली स्वच्छता तथा सावधानियों के बारे में




विस्तृत जानकारी दिया और सैनिटरी पैड का उपयोग न करने से होने वाली हानि से महिलाओं को जागरूक किया। ज्ञातव्य है कि केन्द्रीय महिला कल्याण संगठन, रेलवे बोर्ड/नई दिल्ली की देखरेख में सम्पूर्ण भारतीय रेल पर क्षेत्रीय रेलों एवं मंडलों की महिला कल्याण संगठन के माध्यम से मलिन बस्तियों, महिला सफाई कर्मचारियों, जरूरतमंद महिलाओं एवं महिला रेल यात्रियों को बिना किसी लाभ के समय-समय पर सैनिटरी पैड उपलब्ध कराया।

# राजनैतिक दल आदर्श आचार संहिता का करें अनुपालन-जिनिअ

**संतकबीरनगर,26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट महेन्द्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/मंत्री/पदाधिकारियों के साथ लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में निर्वाचन प्रक्रिया सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओं पर बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश व अपर पुलिस अधीक्षक शशिशेखर सिंह उपस्थित रहे।




बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में नामांकन सम्बंधी, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन, परमिशन, डमी वैलेट पेपर, ई0बी0एम0 सहित अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर मा0 निर्वाचन आयोग की गाईड लाइन के अनुसार जानकारी देते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन करना एवं निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान नियमों का पालन करना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से सम्पन्न कराने में सम्पूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान राजनैतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि मा0 आयोग की मंशा एवं निदेर्शानुसार तथा जारी कार्यक्रम के अनुसार प्रशासनिक स्तर पर समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल 2024 को जनपद के निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के बाद परमिशन हेतु सिगल विन्डों सिस्टम कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित अपर जिलाधिकारी न्यायिक कार्यालय में बनाया गया है। इसके अतिरिक्त जनपद से बाहर की दोनो विधानसभा क्षेत्रों खजनी एवं आलापुर के ए0आर0ओ0 द्वारा भी स्थानीय स्तर पर परमिशन जारी किया।

# पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर हो साफ सफाई व्यवस्था -जिनिअ

**बलरामपुर, 26अप्रैल (तरुण मित्र)** । लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 तथा गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव को सकुशल , निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने हेतु डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह द्वारा पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल स्पोर्ट स्टेडियम एवं परेड ग्राउंड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने विधानसभावार टेंट लगा पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री वितरण किए जाने, बसों एवं छोटी गाड़ियों को सुव्यवस्थित ढंग से क्रम में खड़ा किए जाने आदि का निर्देश दिया। 7

डीएम ने कहा की पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल पर साफ सफाई की



समुचित व्यवस्था , पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था , शौचालय साफ सुथरे हो , मतदान कार्मिकों की गाड़ियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित किए किए जाने का निर्देश दिए। पानी की पर्याप्त व्यवस्था के लिए पानी के टैंकर की अतिरिक्त व्यवस्था , मोबाइल शौचालय की व्यवस्था का निर्देश अधिशासी अधिकारी को दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### स्काउट गाइड शिविर में प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

**बस्ती , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश गोल मार्केट महानगर लखनऊ के तत्वाधान में आयोजित चल रहे तृतीय सोपान जांच शिविर जीआरएस इंटर कॉलेज बस्ती में चौथे दिन बच्चों ने विभिन्न प्रकार के गैजेट निर्माण एवं वृहद कैंफायर के विषय में जानकारी प्राप्त किया,इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य दीनानाथ मुख्य अतिथि, ओमप्रकाश श्रीवास्तव विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत किया और उन्होंने बच्चों को शुभकामनाएं दी कि बच्चे राज्य पुरस्कार और राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करें।

### रैन बसेरों को क्रियाशील बनायें-डीएम

**गोण्डा , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जनपद में गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। दोपहर में लू चलने से आमजीवन प्रभावित है। ऐसे में जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने आम जनमानस को राहत देने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं किए जाने के निर्देश जारी किए हैं। आम जनमानस को लू से बचाव हेतु रेलवे व बस स्टेशन के निकट अस्थायी रूप से टेण्ट आदि लगाकर कुछ देर बैठने व आराम करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त रैन बरेसों को क्रियाशील कराते हुए वहां पर रात्रि विश्राम की सुविधा सुनिश्चित करनी होगी।

### रक्तदान शिविर आयोजित

**गोरखपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** रोटरी क्लब गोरखपुर मिडटाउन एवं नई उमंग ( अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन ) एवम श्री गुरु गोरखनाथ चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में होटल सरोवर पोर्टिको, विजय चौक, गोरखपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आज के रक्तदान शिविर के लिए गोरखनाथ ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर अवधेश अग्रवाल ने रोटरी क्लब गोरखपुर मिडटाउन एवं नई उमंग सभी पदाधिकारी एवम रोटरियन को रक्तदान करने के लिए धन्यवाद दिया है ।और कहा की संस्था द्वारा रक्तदान करना अच्छा संदेश है। रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्तदान करने से तीन लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है ।अतः समय समय पर रक्तदान अवश्य ही करना चाहिए।

### श्रीकृष्णा हॉस्पिटल में घुटने का सफल आपरेशन

**बस्ती , 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल में घुटने के एसियल लीगामेन्ट का दूरबीन विधि से सफल आपरेशन हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. राजकुमार आर्य ने किया। जनपद के कुरदा निवासी 24 वर्षीय गुफरान ने दुर्घटना में अपना घुटना बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर लिया था। गुफरान के अनुसार वह कई अस्पतालों में हड्डी रोग चिकित्सकों के पास इलाज के लिये गया किन्तु कोई आपरेशन के लिये तैयार नहीं हुआ। श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल में हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. राजकुमार आर्य ने उनका सफल आपरेशन किया। उन्हें पूरी उम्मीद है कि वे पहले की तरह अपने घुटनों का इस्तेमाल कर पायेंगे ।श्री कृष्णा मिशन हॉस्पिटल के चेयरमैन बसंत चौधरी ने हास्पिटल में पहली बार एसियल लीगामेन्ट का दूरबीन विधि से सफल आपरेशन एक बड़ी उपलब्धि है।

# बीएसए ने छात्रों को पुरस्कृत कर बढ़ाया हौसला

**बस्ती, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** शुक्रवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार तिवारी ने बस्ती सदर विकास खण्ड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय महरीपुर में कम्प्यूटर लैब और स्मार्ट क्लास की शुरूआत करते हुये शत प्रतिशत मतदान पर जोर दिया। उन्होने उपस्थित शिक्षकों, अभिभावकों का आवाहन किया कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिये अपने मतदाधिकार का प्रयोग अवश्य करें।बीएसए ने कहा कि प्रमुख सचिव दुगार्शंकर मिश्र के दिशा निर्देश के अनुरूप परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा रहा है। कार्यक्रम का आरम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इस



अवसर पर बीएसए ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा के तीन सफल छात्रों अभय प्रताप, संगम और खुशबू को शील्ड देकर पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम में बीएसए अनूप कुमार तिवारी ने शिक्षकों का आवाहन किया कि वे बदले परिवेश में अभिभावकों और छात्रों का भरोसा जीतकर नामांकन बढाये। बताया कि सरकार परिषदीय शिक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में समर्पित है।

## अवध शुगर ने किसानों का बकाया भुक्तान कराया

**कुशीनगर,26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** शुगर एनर्जी लिमिटेड यूनिट न्यू इंडिया शुगर मिल्स ढाढा बुजुर्ग हाटा द्वारा पेराई सत्र 2023,24 कुल 102.95 लाख कुंतल गन्ने की पेराई की गई है तथा इसके सापेक्ष कुल देय गन्ना मूल्य 37475.25 लाख रुपए का खरीदे गए गन्ने का संपूर्ण भुगतान कृषकों के बैंक खाते में कर दिया गया है इसकी जानकारी चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष करन सिंह द्वारा एक प्रेस वार्ता में शामिल बताया गया । चीनी मिल के अधिशाषी अध्यक्ष द्वारा कृषकों से अपील की गई है कि गन्ना सर्वेक्षण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है सभी किसान भाई अपने खेतों पर उपस्थित हो कर गन्ने की सही प्रकार से सर्वे कराए ।

# खर पतवार की ढेर में लगी आग से दो घर जले

**कुशीनगर,26 अप्रैल (तरूणमित्र)।**जटहा बाजार थाना क्षेत्र की ग्राम पँचायत हिरनही नर्सरी टोला में शुक्रवार को करीब तीन बजे दिन में लगी आग से दो आवासीय फूस की झोपड़ियाँ जलकर राख हो गयीं । आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका जबकि ग्रामीणों की विशेष सक्रियता के कारण आग को नियन्त्रित करने में तत्काल सफलता मिल गयी जिससे अन्य झोपड़ियाँ या अन्य घरों को कोई नुकसान नहीं हो सका।



मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को गाँव के नर्सरी टोला में हिरनही निवासी अमन पुत्र मुस्तकीम व नसीरूद्दीन पुत्र सुभान की आवासीय झोपड़ी आग की भेंट चढ़ गयी जबकि इन घरों के अगल बगल में गल्ला किये गये खर पतवार की ढेर में आग पकड़ ली जिसे बुझाने में ग्रामीणों ने काफी प्रयास किया तब जाकर आग को बुझाने में कामयाबी मिली।

आग बुझाने के लिये हर घर जल नल योजना के अंतर्गत की गयी जलापूर्ति एवं बोरिंग पर पम्पिंग सेट इंजिन से पाइप के जरिये पानी निकाल लोगों ने आग को बुझाया । आग लगने की सूचना पर मुकामी थाने के प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश तिवारी अपने पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रह एहतियातन कार्य मे जुटे रहे।

# भीषण गर्मी के चलते विद्यालयों क्र संचालन समय बदला

## गर्मी में लू से बचाव दृष्टिगत के लिए एडवाइजरी जारी

**गोण्डा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जनपद में अत्यधिक गर्मी/ हीट वेव के दृष्टिगत कक्षा 01 से कक्षा 08 तक के सभी परिषद एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों के संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है। अब आगामी 28 अप्रैल 2024 सुबह 7:30 बजे से 11:00 बजे तक कक्षाएं संचालित होगी। वहीं, 29 अप्रैल से अग्रिम आदेशों तक सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1:00 तक कक्षाओं का संचालन किया जाएगा। उधर, गर्मी में लू (हीट स्ट्रोक) से बचाव दृष्टिगत गोण्डा वासियों के लिए एडवाइजरी भी जारी की है। इस मौसम में सावधानी बरतने को कहा है। साथ ही, जनपद वासियों को राहत देने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं।

**बस स्टॉप पर यह व्यवस्थाएं:** जिलाधिकारी ने अपने



आदेश में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को सभी बस स्टॉप, टेम्पो स्टॉप पर हीट स्ट्रोक के संबंध में प्रचार प्रसार करने को कहा गया है। यहां, यात्रियों के बैठने के लिए शेड, पीने के पानी और ओआरएस पैकेट्स की व्यवस्था करनी होगी। सभी लम्बी दूरी की बसों में ओआरएस पैकेट्स और पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को सभी ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं के बचाव के संबंध में आवश्यक जागरूकता कार्यक्रम संचालित करना होगा। सभी पशु चिकित्सालयों में पर्याप्त मात्रा में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। स्टाफ को ग्रामीण क्षेत्रों का निरंतर फील्ड विजिट करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

**इन बातों का रखें ध्यान:**

प्रचार माध्यमों पर हीट वेव लू की चेतावनी पर ध्यान दें। अधिक से अधिक पानी पीयें। पसीना शोषित करने वाले हल्के रंग के वस्त्र पहनें। धूप के चश्में, छाता, टोपी व चप्पल का प्रयोग करें। अगर आप खुले में कार्य करते हैं तो सिर, चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें तथा छाते का प्रयोग करें। लू से प्रभावित व्यक्ति को छाया में लिटाकर सूती गीले कपड़े से पोछे अथवा नहलायें तथा चिकित्सक से संपर्क करें। यात्रा करते समय पीने का पानी अवश्य साथ ले जायें।

ओ०आर०एस०, घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड), नीबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें, जिससे शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सकें। हीट स्ट्रोक, हीट रैश, हीट कैम्प के लक्षणों जैसे कमजोरी, चक्कर आना, सर दर्द, उबकाई, पसीना आना, मुर्छा आदि को पहचाने।

यदि मुर्छा या बीमारी अनुभव करते हैं तो तुरन्त चिकित्सीय सलाह लें। अपने घर को ठण्डा रखें, परदे, दरवाजे आदि का कमरों को ठण्डा करने हेतु इसे खोल दें। उपयोग करें तथा शाम/रात के समय घर तथा पंखे, गीले कपड़ों का उपयोग करें तथा बारम्बार स्नान करें। कार्य स्थल पर ठण्डे पीने का पानी रखें / उपलब्ध करायें। कर्मयारियों / मजदूरों को सूर्य के सीधे सम्पर्क से बचने हेतु सावधान करें। श्रमसाध्य कार्यों को ठण्डे समय में करने/कराने का प्रयास करें। घर से बाहर होने की स्थिति में आराम करने की समयावधि तथा आवृत्ति को बढ़ायें। गर्भस्थ महिला कर्मियों तथा रोग ग्रस्त कर्मियों पर अतिरिक्त ध्यान देना चाहिए। पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखें ।

**यह न करें:** जानवरों एवं बच्चों को कभी भी बन्द खड़ी गाड़ियों में अकेला न छोड़ें। दोपहर 12:00 से 03:00 बजे के मध्य सूर्य की रोशनी में जाने से बचें। सूर्य के ताप से बचने के लिए जहांतक संभव हो घर के निचली मंजिल पर रहें। गहरे रंग के भारी तथा तंग कपड़े न पहनें।

जब बाहर का तापमान अधिक हो तब श्रमसाध्य कार्य न करें। अधिक प्रोटीन तथा बासी एवं संक्रमित खाद्य एवं पेय पदार्थों का प्रयोग न करें।

## बाल संप्रेक्षण गृह का हुआ निरीक्षण

**संतकबीरनगर ,26 अप्रैल तरुणमित्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेंद्र कुमार सिंह द्वारा बाल संप्रेक्षण गृह-बस्ती का निरीक्षण किया गया। वर्तमान में संत कबीर नगर से संबंधित विधि के विरोध में बालक बाल संप्रेक्षण गृह में निर्वासित है, सचिव द्वारा सभी बाल अपचारियों से बात चीत की गई तथा बीमार अपचारियों के स्वास्थ संबंधी हाल-चाल लिए गए। उनके पठन-पाठन हेतु की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। संप्रेक्षण गृह में तैनात अध्यापकों से शिक्षण कार्य के संबंध में वार्ता की गई तथा शिक्षण कार्य में किसी भी प्रकार की बाधा आने पर जिला प्राधिकरण को पत्राचार करने हेतु निर्देशित किया गया। पाकशाला में पक रहे पकवान का भी निरीक्षण किया गया तथा अधीक्षक को साफ-सफाई एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया।

# लोकसभा क्षेत्र गोण्डा से 17,कैसरगंज से 6 नांमाकन प्रत्र बिके

**गोंडा ,26 अप्रैल तरुणमित्र।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के दृष्टिगत जनपद में 26 अप्रैल, 2024 को दो लोकसभा सीटों पर नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हुई है। जिसके अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र गोंडा से कुल 11 लोगों ने नामांकन फॉर्म खरीदा है जिसमें कुल 17 फार्म बिके हैं, इसी प्रकार लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज से 6 लोगों ने नामांकन फार्म खरीदा है जिसमें कुल 6 फार्म बिके हैं।

लोकसभा क्षेत्र गोंडा से कीर्ति वर्धन सिंह के प्रतिनिधि द्वारा दो सेट फॉर्म लिया गया भाजपा पार्टी से, गौतम प्रसाद शर्मा निवासी धौरहरा के द्वारा लोकसभा कैसरगंज एवं गोंडा से एक-एक सेट फॉर्म खरीदा गया निर्दलीय, विनोद कुमार सिंह निवासी बछईपुर के द्वारा लोकसभा गोंडा से एक सेट फॉर्म खरीदा गया निर्दलीय, लोकसभा गोंडा से श्रेया वर्मा निवासी सिरौली बाराबंकी के प्रतिनिधि द्वारा चारसेट फॉर्म खरीदा गया समाजवादी पार्टी से, लोकसभा गोंडा से राघवेंद्र निवासी नवागांव देवरिया अलावल के द्वारा स्वयं दो सेट फॉर्म खरीदा गया भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से, लोकसभा क्षेत्र गोंडा से मोहम्मद शाकिर निवासी इमामबाड़ा के द्वारा स्वयं एक सेट फार्म खरीदा गया निर्दलीय, लोकसभा क्षेत्र गोंडा से राम उजागर निवासी भरथापुर बलरामपुर ने स्वयं एक सेट फॉर्म खरीदा निर्दलीय, लोकसभा क्षेत्र गोंडा से ओमप्रकाश तिवारी निवासी किरतापुर रेहरा बाजार बलरामपुर के द्वारा स्वयं एक सेट फॉर्म खरीदा गया निर्दलीय, लोकसभा कैसरगंज से दीपक पाठक निवासी बड़ाहाट जनपद बहराइच ने स्वयं एक सेट फार्म खरीदा कांग्रेस पार्टी से, लोकसभा क्षेत्र कैसरगंज से विनोद कुमार पटेल निवासी नेवादा प्रतापगढ़ ने स्वयं एक सेट फॉर्म खरीद सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से, लोकसभा क्षेत्र गोंडा से सय्यद अब्दुल रऊफ निवासी मेवातियान गोंडा के द्वारा स्वयं एक सेट फॉर्म खरीदा गया।

# प्रशासन का निकम्मापन, बेखौफ होकर दौड़ रहे ओवरलोड वाहन

उन्नाव, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। इन दिनों में इंट्टी का काला कारोबार कही न कही अपनी जडे इतनी जमा चुका है कि जिम्मेदार अधिकारी भी इसको समाप्त करने के बजाय कही न कही इसी रंग में रंगे नजर आते है। अगर ऐसा न होता तो गैर जनपदों से आने वाले ओवरलोड वाहनों पर लगाम लगी होती। सीसीटीवी की निगरानी से इस पर रोक लगाने का असफल प्रयास किया गया। इससे बचाव के लिए ओवरलोड माफियाओं ने जुगाड निकाल लिया।



नंबर प्लेट पर गोबर, मिट्टी, कोयला सहित तमाम प्रकार की व्यवस्थाएं अपनाकर ट्रक चालक बचकर निकल जाते है। खनन विभाग भले ही इनको रोकने के लिए लगातार प्रयास कर रहा हो लेकिन एआरटीओ विभाग की निष्क्रय कार्यशैली के चलते इंट्टी माफियाओं की पौ बारह है। बीते वर्ष एसटीएफ ने लखनऊ के एक गैंग का भंडाफोड किया था। जिसमें उस गैंग के सदस्यों द्वारा ओवरलोड वाहनों की निकासी के लिए तरह तरह के हथकंडे अपनाए जाते थे। इस गैंग के सदस्य एहतियात के तौर पर वॉकी टॉकी का इस्तेमाल करते थे।

इससे गैंग लीडर अपने गुर्गो के संपर्क में बना रहता था। पकडे गए गैंग सदस्य के पास से लक्जरी कार मर्सडीज बरामद की गयी थी। अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि इस काले कारोबार से इंट्टी माफिया कम समय में ही अकूत संपदा एकत्रित कर लेते है। कई बार जिले में भी इंट्टी माफियाओं को लेकर समाचार प्रकाशित हुए लेकिन कही न कही स्थानीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते यह व्यवस्था अभी भी जस की तस ही चल रही है। जानकार सूत्र बताते है कि रात होते ही इंट्टी माफियाओं का नेटवर्क अधिक एक्टिव हो जाता है। अगर कही चेंकिग लगी होती है तो इंट्टी माफियाओं को गुर्गे इसकी सूचना कनवे कर देते है। धीरे धीरे यह सूचना सभी तक पहुंच जाती है। चेकिंग समाप्त होने के बाद ओवरलोड वाहनों की निकासी बडी ही जिम्मेदारी से इंट्टी माफिया करवाते है। सूत्रों की माने तो ओवरलोड वाहनों की निकासी में इंट्टी माफिया कई जनपदों में सक्रिय होकर अपनी भूमिका को अंजाम देते है।

कई बार इंट्टी माफियाओं के नाम भी समाचार पत्रों की सुर्खियां बनते है लेकिन इनकी पकड को लेकर अब तक कोई प्रभावी कार्यवाही जिला स्तर पर नही हुयी। इनकी पकड धकड के लिए विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता है ताकि इस पूरे खेल के सरगना तक पहुंचा जा सके।

**सांसद ने जताई थी हादसों और खराब सड़को पर चिंता**

बता दे कि पूर्व में सांसद ने इस गंभीर विषय पर तरुण मित्र से वार्ता में चिंता जताई थी। उन्होंने यह भी बताया था कि इन ओवरलोड वाहनों से नई सडके खराब होती है। अक्सर हादसों कि वजह भी ये ओवरलोड वाहन बनते है। बीते दिनों मंत्री द्वारा ओवरलोड वाहन पकडे जाने के बाद उनसे भी इस विषय मे चर्चा हुई है।

**क्या बोले जिम्मेदार-**

मामले में जब एआरटीओ प्रवर्तन अरविंद सिंह से बात की गई तो उन्होंने वेयर हाउस में होने की जानकारी देते हुए फोन काट दिया सवालों पर कोई जवाब नही दिया।

# कुंवर सिंह की पुण्यतिथि पर नमन, दी श्रृद्धांजलि



सुमेरपुर-हमीरपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। सुमेरपुर कस्बे में आजादी के अमृत महोत्सव के मदेनजर वर्णिता संस्था के तत्वाधान मे विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत सत्तावनी समर के महान पुरोधा कुंवर सिंह की पुण्यतिथि पर संस्था के अध्यक्ष डा. भवानीदीन ने पुष्पांजलि देते हुये कहा कि कुंवर सिंह एक जमीनी देशभक्त थे। उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। कुंवर सिंह का जन्म बिहार के भोजपुर जिले के जगदीशपुर गांव मे बाबू साहबजादे सिंह और पंचरत्न कुंवर के घर 13 नवम्बर 1777 को हुआ था। ये प्रारम्भ से ही राष्ट्र सेवी थे। 1857 के समर काल में इनकी आयु करीब 80 वर्ष थी। ये सही अर्थों मे जमीन से जुडे जाबांज थे। जब 1857 के संग्राम मे रानी लक्ष्मी बाई और तात्या टोपे जैसे सूरमा अंग्रेजों की नाक मे दम किये थे, उस समय बाबू कुंवर सिंह बांदा, रीवा, आजमगढ़, बनारस, बलिया, गाजीपुर और गोरखपुर मे अंग्रेजों के खिलाफ मजबूत मोर्चा खोले रहे। 23 अप्रैल 1858 मे जगदीशपुर किले से यूनियन जैक उतारा। काफी संघर्ष किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कोंच व कैलिया पुलिस ने दर्ज की गुमसुदगी

कोंच(जालौन), 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम विरगुवां बुजुर्ग निवासी मनोज कुमार ने दिन शुक्रवार को कोतवाली में गुमसुदगी दर्ज कराते हुए बताया कि मेरी पत्नी विद्या देवी दिनांक 21 अप्रैल 2024 को घर से बगैर बताए कहीं चली गयी है जिनके ढूढने का प्रयास रिस्तेदारी एवं अन्य जगह की लेकिन कोई भी पता नहीं चल सका जिसपर पुलिस म ने संज्ञान लेते हुए गुमसुदा की तलाश शुरू कर दी है वहीं थाना कैलिया पुलिस ने ग्राम सामी निवासिनी रुखसार बेगम पत्नी दिलदार खां व जोया बेगम पत्नी वासिक खां की गुमसुदगी दर्ज करते हुए बताया कि उक्त दिनांक 23 अप्रैल 2024 से लापता है मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस उक्त लोगों की तलाश में जुट गई।

### डीएम-एसपी ने ईवीएम मशीनें सील कराई

उरई (जालौन), 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए प्रथम रेंडमाइजेशन के उपरांत ईवीएम मशीन की विधानसभा वार छटाई करते हुए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ईवीएम मशीन वेयरहाउस में सील की गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल, उप जिलाधिकारी उरई सुरेश कुमार पाल, राजनीतिक दलों के पदाधिकारी आदि मौजूद रहे।



### फसल नुकसान का एसडीएम करें समाधान

उरई (जालौन), 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। अपर जिलाधिकारी(वि/रा) संजय कुमार ने समस्त उप जिलाधिकारी व समस्त मण्डी सचिव को बताया कि जनपद में विगत कई दिनों से अग्निकांड से फसल नष्ट होने की कई घटनायें हुई है। उपरोक्त अग्निकाण्ड से प्रभावित कृषकों को खेत-खलिहान अग्निकाण्ड दुर्घटना सहायता हेतु https://edistrict.up.go.in वेबसाईट पर जनसुविधा केन्द्र के माध्यम से आवेदन किये जाने की व्यवस्था है। अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि अग्निकांड से प्रभावित कृषकों को खेत-खलिहान अग्निकाण्ड दुर्घटना सहायता के सम्बन्ध में तत्काल अवगत कराये तथा उक्त पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों को नियेमानुसार यथाशीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

### चरस के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार



रामपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर चौकी कुण्डा क्षेत्रान्तर्गत मठ वाला कब्रिस्तान के पास से अरबाज पुत्र असलम (अरबाज की जामा तालाशी से 330 ग्राम नाजायज चरस तथा 300 रुपये व शाहिद उर्फ पप्पू काला पुत्र साजिद की तालाशी से 318 ग्राम चरस तथा 150 रुपये बरामद किए गए।उक्त दोनों आरोपियों को कुल 648 ग्राम चरस नाजायज के साथ गिरफ्तार कर थाना कोतवाली पर मुअस 101/2024 धारा 8/20 एन0डी0पी0एस0एक्ट दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

### चोरी की स्कूटी व चरस संग गिरफ्तार



रामपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। शुक्रवार को थाना गंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर घण्टाघर बरेली गेट के पास से सुहैल उर्फ लाला पुत्र नन्हे दादा उर्फ अमीर अहमद निवासी घेर आजम खां थाना गंज को एक चोरी की स्कूटी व 220 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना गंज पर मुअसं 154/24 धारा 411 भादवि व 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

### ताला तोड़ नगदी जेवरात ले गए चोर

सुमेरपुर-हमीरपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर नगदी एवं सोने चांदी की जेवरात लेकर फरार हो गए। पीडिता ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। टेढ़ा गांव निवासी पेशकार सोनकर की पत्नी ज्ञान देवी सोनकर अपने रिहायशी मकान में ताला डालकर 24 अप्रैल को अपनी बहन के बेटे की शादी में शामिल होने मौदहा गयी थी। 25 अप्रैल को अज्ञात चोर मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर के अंदर बक्से में रखे सात हजार नगद, चांदी की चूड़ी, सोने का माला आदि सामान चोरी कर फरार हो गए। घटना की जानकारी पड़ोसियों ने सुबह पीड़िता को दी। सूचना पाकर घर लौटी पीडिता ने थाने आकर पुलिस को तहरीर सौंपी है।

## पालिका की लापरवाही,फॉगिंग न होने से मच्छरों की भरमार

उन्नाव, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। विश्व मलेरिया दिवस पर भी नगर पालिका परिषद की ओर से मच्छरों की रोकथाम के उपाय नहीं किये जा सके। पालिका की ओर से इस्तेमाल किया जा रहा एंटी लार्वा रसायन मच्छरों का प्रकोप नहीं रोक पा रहा है। वहीं फागिंग कराना पालिका प्रशासन को रास नहीं आता है, जिससे लोगों की रातों की नींद व दिन का चैन हराम रहता है। बताते चलें कि उन्नाव शहर में कई कच्चे सहित कुछ पक्के तालाब हैं।

इसके अलावा खाली पड़े प्लाटों में भी नाले-नालियों का पानी भरा रहता है। वहीं तमाम गलियों में नाले-नालियों का पानी उफनाकर भर जाता है। यही नहीं नालों की सफाई पर जोर न दिये जाने से बहाव अवरुद्ध रहता है।

इसीलिये संबंधित स्थानों का ठहरा हुआ गंदा पानी मच्छरों की शरण स्थली बनते हैं, जिससे रात में ही नहीं दिन के समय भी लोगों को मच्छरों से निजात नहीं मिल पाती है।

पालिका के सफाई कर्मी अक्सर किसी किसी मोहल्ले की नालियों में एंटी लार्वा रसायन का छिड़काव करते दिखते हैं, लेकिन इससे मच्छरों की संख्या में कमी नहीं आ पाती है। मैलाथियान से फांगिंग कराने पर मच्छरों का प्रकोप कुछ कम होता है, लेकिन पालिका को फागिंग कराना रास नहीं आता।

## हाईवे में दो डंफर आमने-सामने भिड़े लगा जाम

सुमेरपुर-हमीरपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। नेशनल हाईवे में कुंडौरा गांव के समीप दो डंफरो के आमने-सामने टकरा जाने के कारण हाइवे में लंबा जाम लग गया और करीब ढाई घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। हाईवे की पेट्रोलिंग टीम ने क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे कराकर यातायात सामान्य कराया। शुक्रवार को सुबह करीब 7 बजे कुंडौरा गांव के समीप हाईवे में दो डंफर आमने-सामने टकरा गये। इससे आवागमन ठप हो गया। घटना की सूचना मिलने पर हाइवे की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुँची और क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे कराकर यातायात शुरू कराया। इस कार्यवाही में करीब ढाई घंटे का समय लगा। इससे दोनों तरफ सैकड़ो वाहन फंसे रहे। यातायात सामान्य होने पर वाहन चालकों ने राहत की सांस ली।

## अल्ट्रासाउंड मशीन न होने पर मरीजों को नही मिल रहा इलाज

माधौगढ़(जालौन), 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। सीएचसी माधौगढ़ में अल्ट्रासाउंड मशीन एवं अधिक सुविधा न होने के कारण एवं डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों को ढंग का उपचार भी नही मिल पा रहा है जिस कारण कस्बे में झोलाछापों की तादात भी बढ़ गयी है एक प्रकार से यदि देखा जाये तो मरीजों की हालत जरा भी बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है या फिर उन्हें अपनी जान से हाथ धोना पढ़ता है सीएचसी में प्रतिदिन ओपीडी में 500 से अधिक मरीज इलाज के लिए आते है एक डॉक्टर होने पर उन्हें घंटो इंतजार करना पढ़ता है तो वहीं यह भी है कि अस्पताल में जाँच की व्यवस्था भी मशीनों के अभाव में शून्य है क्योंकि अधिकांश मरीजों को जाँच के लिए बाहर पैथोलोजी पर जाना पढ़ता है तहसील स्तर पर मरीजों के लिए बेहतर स्वास्थ सेवा देने के लिए बनाया गया अस्पताल लगड़ी हालत में है क्योंकि नॉर्मल मरीज ही इस अस्पताल में उपचार ले पा रहे है अन्य किसी रोग विशेषज्ञों की कमी मरीजों को खल रही है सीएचसी में एक्सरा मशीन तो लगी है लेकिन वह भी जब तब ही चालू रहती है फिलहाल में एक्सरा के बाद भी किसी विशेषज्ञ को देखाने के लिए डॉक्टर का अभाव है जिस कारण मरीजों को परेशानी उठानी पढ़ती है। एक दिलचस्प बात यह भी है कि माधौगढ़ में सीएचसी की बिल्डिंग अच्छी रूप में तैयार है।

## दो बच्चों संग महिला गायब, मुकदमा दर्ज

कालपी(जालौन), 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। काशीराम कालोनी में अपने दो छोटे बच्चों के साथ महिला के गायब हो जाने पर पीड़ित भाई के द्वारा कालपी कोतवाली में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त प्रकरण की विवेचना करने में पुलिस जुट गई है। वादी साहिल पुत्र अली मुहम्मद निवासी ग्राम चिल्ली बंधरा थाना जहानाबाद जिला फतेहपुर हाल निवास कमरा नम्बर-19 काशीराम कालोनी कालपी ने अभियोग दर्ज कराते हुए अवगत कराया कि प्रार्थी की 25 वर्षीय बहन गुलफिशा उर्फ साजिया अपने दोनों छोटे नाबालिग बच्चों दानिश उम्र साढ़े तीन वर्ष तथा बेटी नायरा उम्र ढाई वर्ष को लेकर 3-2-24 की शाम करीब 4 बजे गायब हो गई।

## अधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों का किया निरीक्षण

रामपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। शुक्रवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र जायसवाल द्वारा बाल विकास परियोजना स्वार के आगनवाड़ी केंद्र रसूलपुर,धन्नुपुरा शाहदरा और धनौरी में संचालित आगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रसूलपुर में आगनवाड़ी शबनम, आगनवाड़ी नुजहत,सहायिका फरजाना और सबीना बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित मिली।इन सभी का मानदेय अवरुद्ध कर दिया गया है।धन्नुपुर में आगनवाड़ी कार्यकत्री जुबैदा,आगनवाड़ी कार्यकत्री सीमा,सहायिका जरीफन और अफसर जहां अनुपस्थित मिली,इन सभी का भी मानदेय अवरुद्ध करते हुए नोटिस निर्गत किया गया है।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत दिलाई मतदाता शपथ

कोंच(जालौन), 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। महेशपुरा रोड स्थित शैक्षणिक संस्था सेठ बद्री प्रसाद ग्रुप ऑफ कॉलेजज में दिन शुक्रवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें आने वाले लोकसभा चुनाव में बढ़चढ़कर हिस्सा लेने के लिए छात्र एवं छात्राओं को जागरूक जागरूक किया गया गोष्ठी में छात्र रविकांत ने कहा कि हम सब एक मजबूत लोकतंत्र में तभी प्रवेश करेंगे जब हमारे मत द्वारा एक अच्छी सरकार चुनी जाए तभी देश तरक्की कर सकता है वहीं छात्रा चायना ने कहा कि युवा शक्ति के तीन हैं काम,शिक्षा सेवा काम हम सभी शिक्षित युवा हैं हम सभी को अपने घर गांव तथा शहर सभी को मतदान के प्रति जागरूक करना होगा वहीं छात्रा नेहा ने अपने विचारों में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की बात कही गोष्ठी में प्रभारी प्राचार्य वृजेन्द्र सिंह निरंजन ने छात्र एवं छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है जिसमें जनता का जनता के लिए शासन होता है इसलिए सभी लोग अपने मतों का प्रयोग करें और मतदान के लिए लोगों। को भी जागरूक करें गोष्ठी के अंत में मनोज कुमार श्रीबास्तव ने उपस्थित सभी लोगों को मतदान के लिए मतदाता शपथ दिलायी।

## मतदाताओं को रिझाने के लिए सभी दल जुटे

कालपी(जालौन), 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। लोकसभा-2024 के चुनाव में मतदाताओं को रिझाने के लिए भले ही विभिन्न दलों के नेता एवं प्रत्याशी अपने-अपने तरीके से जुटे हुए हैं। लेकिन कालपी क्षेत्र की अहम समस्याओं के निदान एवं विकास के मुद्दे को लेकर चचाएं तो चल रही हैं, अब देखना यह है कि यह कितना असर दिखायेगा। दरअसल ऐतिहासिक एवं धर्मनगरी कालपी की पहचान यमुना नदी से भी होती हैं। एक दशक पहले तक यमुना नदी का निर्मल एवं शुद्ध जल की धाराएं कालपी की घाटों तथा धर्मस्थलों बिहारी मंदिर, व्यास मंदिर, ढ़ोड़ेश्वर मन्दिर आदि स्थानों से होकर निकलती थी। लेकिन बालू खनन की वजह



से यमुना नदी कालपी के मंदिरों तथा प्राचीन घाटों से दूर होती चली गई। यमुना नदी को कालपी के घाटों तक लाने के लिए कई बार आवाजे उठाई जाती रही हैं लेकिन इस दिशा में कोई काम नही हो सका है। नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय महामंत्री अशोक बाजपेई की अगुवाई में बीते वर्ष पहल की थी। क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने भी इस मुद्दे को शासन स्तर पर उठाया था। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने यमुना नदी के किनारे रिटर्निंग वॉल बनाने के लिए 25 करोड रुपए की योजना से काम शुरू कर दिया। समाजसेवी नरेंद्र तिवारी ने बताया कि रिटर्निंग वॉल एवं स्नान करने के लिए यमुना नदी का तट एवं घाट आकर्षण का केंद्र रहे हैं, उन्होंने कहा कि यमुना नदी को घाटों तक लाकर बेहतर स्वरूप देने की आवश्यकता है। चूंकि चुनावी समय है इसलिए राजनेताओं तथा प्रत्याशियों का ध्यान इस ओर खींचने के लिए मतदाताओं के द्वारा जगह-जगह चचाएं कर रहें हैं। मालूम हो कि दशहरा स्नान, मकर संक्रांति, दिवाली स्नान आदि त्योहारों के अवसर पर यमुना मैया पर डुबकी लगाने वालों की भीड़ जुटती हैं।

लेकिन यमुना नदी का पानी दूषित होने के कारण भक्तों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं।

## पुलिस ने अवैध तमंचे सहित युवक को किया गिरफ्तार

कालपी(जालौन), 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। आगामी लोकसभा के चुनाव को शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करने के लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा अपराधियों पर नकेल कसने की कार्यवाही तेज कर दी गई है। गुरुवार की सुबह कदौरा मार्ग में अपराध करने के उद्देश्य से घूम रहे एक बदमाश को अवैध तमंचे सहित गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया। कालपी कोतवाली की टरनंनगंज चौकी इंचार्ज अभिलाख सिंह हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमणशील थे। तभी सुवह करीब 9 बजे कदौरा मार्ग में बरही बम्बा के पास में पुलिस ने जब एक युवक को रोका तो वह भागने लगा। पुलिस के द्वारा आरोपी युवक हरीशंकर उर्फ इंद्रे पुत्र बिशुन बाबू पुत्र लक्ष्मण निवासी ग्राम देवपुरा को दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी विशुन बाबू के पास से एक अदद 315 बोर का तमंचा तथा कारतूस बरामद कर जुर्म धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत चालान कर दिया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी रात में अपराध करने के उद्देश्य से घूम रहा था, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गया।

## सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह से किया गया सम्मानित

हमीरपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। पुलिस महानिदेशक उप्र. लखनऊ के द्वारा उपनिरीक्षक ना.पु. शिवकुमार जनपद हमीरपुर को गणतंत्र दिवस 2024 के अवसर पर सराहनीय सेवाओं के लिए सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में आज पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के द्वारा उपनिरीक्षक नापु. को उनके उत्तर प्रदेश पुलिस में कार्यरत रहते हुए सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस महानिदेशक उप्र. लखनऊ के सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह व हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र एवं स्क्रोल प्रदान किया गया।

## परीक्षाओं में असरदार प्रदर्शन करने वाले कालेज के टांप फाइवो को किया सम्मानित

सुमेरपुर-हमीरपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल में सर्वोच्च अंक हासिल करने वाले पांच-पांच छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। श्री गायत्री विद्यामंदिर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य डा. अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि कांलेज के सुभाष वर्मा ने हाईस्कूल परीक्षा में जिले में सातवां स्थान तथा कांलेज में प्रथम स्थान हासिल करके घर परिवार व विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसने 93.83 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इसी तरह सत्यम यादव ने 92.83, मयंक गुप्ता ने 91.83, सौरभ कुमार ने 88.16, विवेक में 87.16 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उन्होंने बताया कि इसी तरह इंटरमीडिएट परीक्षा में कांलेज के मुकेश कुमार ने 86.40, अनुरुद्ध प्रताप सिंह ने 83 प्रतिशत, प्रमोद कुमार ने 81.40, विनय कुमार ने 78 प्रतिशत तथा अजय कुमार ने 76 प्रतिशत अंक हासिल किये हैं। शुक्रवार को कांलेज में सभी छात्रों के साथ उनके परिजनों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षक उपेंद्र श्रीवास, कामता प्रसाद, चंद्रपाल सिंह, सदानंद ओमर, रामबहादुर सिंह, महेश कुमार, आकांक्षा, मानसी, सर्वेश कुमार, विवेक कुमार, शिवदत्त पटेल आदि मौजूद रहे। इसी तरह पूर्व माध्यमिक विद्यालय टेढ़ा में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में चयनित छात्रों को सम्मानित किया गया। इन छात्र-छात्राओं को विद्यालय स्टाफ फातिमा, आकांक्षा, नीतू, दीप्ति, रामविलास साहू ने मुख्य अतिथि भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव की उपस्थिति में बच्चों को सम्मानित किया।

## अपनी प्रतिभा से बने करोड़पति



उन्नाव, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। भारत के लिए नए और महत्वपूर्ण मनोरंजन का संवर्धन करते हुए, एक नया और उत्साहजनक क्विज रियलिटी शो, ₹इंडियाज फर्स्ट वन मिलिनीयर शो₹ का आयोजन किया जा रहा है। इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ स्थित ₹पिपुल्स विजन फिल्म प्रोडक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड₹, द्वारा किया जा रहा है। इस टीवी शो के निर्देशक एस के जायसवाल, ओमप्रकाश, अंशिका सिंह, श्वेतांक प्रकाश चतुर्वेदी और रेड क्रॉस उन्नाव के वाईस चेयरमैन डॉ मनीष सिंह सेंगर ने उन्नाव बाईपास स्थित होटल कशिश क्राउन में शो के प्रमोशन के दौरान ये जानकारियां दीं। आयोजकों ने बताया देश के हर नागरिक को अपने ज्ञान के माध्यम से अपनी प्रतिभा को निखारने का एक बेहतरीन अवसर है ये। शो के माध्यम से प्रतिभागी नाम, शोहरत और आर्थिक मजबूती हासिल कर सकते हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से अगर इंसान चाहे तो अपने दिमाग की शक्ति से अपने जीवन और समाज को बेहतर बना सकता है। शो का उद्देश्य मानवीय बुद्धिमत्ता को एक मंच देना और समाज को बेहतर भविष्य की ओर ले जाना है। इस प्रतियोगिता में शहरी और ग्रामीण नागरिक भाग लेकर अपनी बुद्धिमत्ता को प्रदर्शित कर सकते हैं। पूरे भारतवर्ष में इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो चुकी है, www.ifomshow.com इस वेबसाइट पर जाकर कोई भी भारतीय नागरिक रजिस्ट्रेशन कर सकता है।

## डियूटी पर लगे पुलिस बल को किया ब्रीफ

हमीरपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के द्वारा प्रचलित लोकसभा निर्वाचन 2024 नामांकन डियूटी पर लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया गया। पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा आज प्रचलित लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जनपद हमीरपुर के नामांकन डियूटी पर लगे पुलिस बल को बैरिकेडिंग और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारी/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसपी के द्वारा निर्देश दिए गए की प्रत्याशियों व उनके समर्थकों व वाहनों के पार्किंग के लिए स्थल निर्धारित किए गए हैं। प्रत्याशियों व उनके समर्थकों से सरल व मृदुभाषी व्यवहार किए जायें तथा उनको किसी भी प्रकार की कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। डियूटी पर लगा पुलिस बल सतर्कता से डियूटी करेंगे। कोई भी व्यक्ति या अराजकतत्व नामांकन व्यवस्था को प्रभावित करता है।

## हाइवे पर मतदाता जागरूकता के लिये निकाली बाइक रैली

सुमेरपुर-हमीरपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। सुमेरपुर कस्बे में हाइवे पर स्वीप के अंतर्गत बाइक रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। डिप्टी कलेक्टर ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदाताओं को वोट डालने की शपथ भी दिलाई। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय के निर्देश पर शुक्रवार को कस्बे में मजबूत लोकतंत्र सबकी भागीदारी स्वीप कार्यक्रम के तहत बाइक रैली निकाली गई। रैली का शुभारंभ डिप्टी कलेक्टर/ प्रभारी बीडीओ शांतुन कुमार सिनसिनवार ने किया। बाइक रैली ब्लाक कार्यालय से शुरू होकर गल्ला मंडी में पहुंचकर संपन्न हुई। डीजे के माध्यम से वोट डालने का प्रचार प्रसार किया गया। रैली निकाल कर मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। रैली में शामिल बाइक सवारों ने मतदान बढ़ाने के लिए नारे लिखी तख्तियां लेकर जागरूक किया। इस दौरान अपना कर्तव्य निभाएंगे, पहले मतदान कराएंगे। आओ मिलकर अलख जगाएं, शत प्रतिशत मतदान कराएं के नारे लगाए



गए। डिप्टी कलेक्टर ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने लिए मतदान जरूरी है। इसके बाद बाइक रैली में शामिल लोगों को शपथ दिलाई। इस मौके पर ईओ कुलकमल सिंह यादव, एडीओ आइएसबी जगदंबा प्रसाद, क्राइम इंस्पेक्टर रामकुमार यादव, उपनिरीक्षक वकील अहमद, लेखाकार इमरान खान, एपीओ मनरेगा विकास चन्द्र, सचिव ओमप्रकाश प्रजापति, रामसेवक, रामबाबू गुप्ता, मनोज गुप्ता, मंडी सचिव नितिन कुमार गौतम सहित तकनीकी सहायक, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, नगर पंचायत कर्मी, शिक्षक तथा अन्य विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीएम के आदेश पर मंडी से हटाए गए गेहूं खरीद केंद्र

सुमेरपुर-हमीरपुर, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। लोकसभा चुनाव के लिए नवीन गल्ला मंडी अधिग्रहित कर लेने के बाद मंडी में संचालित गेहूं खरीद केंद्रों को जिलाधिकारी के आदेश के बाद हटाकर बाहर खोला जा रहा है। नवीन गल्ला मंडी में प्रशासन ने इस वर्ष आधा दर्जन गेहूं खरीद केंद्र संचालित कराए थे। इसी बीच लोकसभा चुनाव की रणभेरी बज जाने के कारण चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए नवीन गल्ला मंडी को अधिग्रहित कर लिया गया है। मंडी के अधिग्रहित होने के बाद जिलाधिकारी के आदेश पर मंडी में संचालित गेहूं खरीद केंद्रों को हटा दिया गया है। विपणन शाखा के केंद्र को कस्बे के पांलिटेक्निक कांलेज में स्थानांतरित किया गया है। नैफेड का केंद्र अब सरीला की उप मंडी में संचालित होगा। पीसीएफ के किसान सेवा केंद्र का सेंटर अब छोटी बाजार में संचालित होगा। क्रय विक्रय गेहूं खरीद केंद्र अब क्रय विक्रय भवन में थाने के पीछे चलेगा। भारतीय खाद्य निगम का केंद्र तपोभूमि में बने महिला मंडल भवन में संचालित होगा जबकि मंडी परिषद का केंद्र गल्ला मंडी के बाहर बनी दुकानों में खरीद करेगा। जिलाधिकारी का यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

# सिंधी समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर किया मतदान



मथुरा, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को मथुरा में सिंधी समाज के लोगों ने सांसद चुनने हेतु उत्साह के साथ अपने मत का प्रयोग किया। अखिल भारत लाड़ी लोहाणा सिंधी पंचायत के राष्ट्रीय सचिव रामचंद्र खत्री, सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष नारायण दास लखवानी, लाड़ी लोहाणा सिंधी पंचायत के जिलाध्यक्ष जीवतराम चंदानी तथा सिंधी जागरूक मंच के संस्थापक किशोर इसरानी के प्रेरित करने पर सिंधी समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर अपने मताधिकार का प्रयोग कर उत्साहित होकर मतदान किया। अपने शहर का सांसद चुनने हेतु मतदान के प्रति सिंधी महिलाओं और युवाओं का उत्साह उल्लेखनीय रहा। इसमें कुछ युवाओं ने पहली बार मतदान करके खुशी व्यक्त की। सभी ने अपने फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करके औरों को भी प्रेरित किया। गौरतलब है कि मथुरा वृन्दावन क्षेत्र की राधिका विहार, नरसी विहार, कृष्णानगर, कृष्णा आर्चिड, शिवांशा स्टेट, गोवर्धन चौराहे, वृन्दावन मार्ग, जनरल गंज, चौक बाजार, डेम्पीयर नगर, कदम्ब विहार, टाउनशिप आदि कालोनियों में सिंधी काफी संख्या में रहते हैं।

# भाजपा के पंच परमेश्वर होंगे बूथ विजय के सोल्जर

## बूथ पर विजय अभियान को लेकर भाजपा ने बनाए पंच परमेश्वर

प्रयागराज, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में हर बूथों पर कमल खिलाने की मजबूत इरादों के साथ तैयारी की है। भाजपा को फतह दिलाने की जिम्मेदारी इस बार पंच परमेश्वर पर रहेगी। जो बस्ता लगाने से लेकर बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने का जिम्मा इन्हीं पांच सदस्यों की टोली पर होगा। हर बूथ पर भाजपा ने इनकी तैनाती कर दी है।

यह जानकारी भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने देते हुए बताया कि भाजपा का जोर हमेशा बूथ जीतने पर रहता है। इसीलिए पार्टी के बड़े नेता अक्सर नारा भी लगाते हैं कि बूथ जीता तो चुनाव जीता। 2022 में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने बूथ प्रबंधन के लिए ह्यत्रिदेव बनाए थे। लेकिन अब लोकसभा चुनाव में 400 पर सीटों पर जीत का इतिहास रचने के लिए लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी ने बूथ स्तर पर पंच परमेश्वर की तैनाती कर दी है। इसमें बूथ सचिव, बीएलए, लाभार्थी प्रमुख सामाजिक सम्पर्क प्रमुख, सोशल मीडिया एवं व्हाट्सएप प्रमुख शामिल हैं। इन सभी का काम बूथ प्रबंधन का होगा। इसके अलावा और कौन-क्या जिम्मेदारी निभाएगा, इसको निर्धारित किया जाएगा।

बूथ सचिव पर वोटिंग के दिन वोटर लिस्ट लाने और बस्ता लगाने की जिम्मेदारी होगी। बीएलए-2 बूथ सचिव के सहायक के रूप में काम करेगा। अगर मतदान केंद्र पर किसी का नाम नहीं मिल रहा है तो सूची देखकर बताएगा। सोशल मीडिया प्रमुख का काम प्रचार-प्रसार का होगा। वह बूथ स्तर पर व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर भाजपा की योजनाओं का प्रचार करेगा। युवा मोर्चा की टीम द्वारा बनाए गए मोटरसाइकिल प्रमुख वाहन से बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाएगा। इन सबकी निगरानी का काम बूथ प्रभारी के कंधों पर रहेगा। बूथ प्रबंधन के लिए इलाहाबाद एवं फूलपुर संसदीय क्षेत्र के संगठन द्वारा हर बूथ पर पंच परमेश्वर बना दिए गए हैं।

# आर्केस्टा देखने गये किशोर की चाकू से गोदकर हत्या

प्रयागराज, 26 अप्रैल (तरूणमित्र)। कोरांव थाना क्षेत्र के पचेड़ा गांव में गुरूवार की रात आई बरात में आर्केस्ट्रा देखने गए एक किशोर की चाकू से गोदकर मौत के घाट उतार दिया गया। हत्या के बाद गांव में सनसनी फैल गयी। परिवार में कोहराम मच गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में दोस्तों को हिरासत में ले लिया है। जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक कोरांव थाना क्षेत्र के मरहा मेजा गांव के रहने वाले नितिन मिश्र का बेटा रितेश मिश्र कोरांव क्षेत्र के मिश्रपुर अपने ननिहाल में रहता था। उसके नाना कमला मिश्र की पहले ही मौत हो चुकी है। घरवालों के मुताबिक गुरुवार की रात में पास के गांव पचेड़ा लगी लड़की की शादी थी। गांव में बरात आई थी। रितेश अपने दोस्तों के साथ शादी में गया हुआ था। वह दोस्तों के साथ आर्केस्ट्रा देख रहा था। इसी दौरान उसकी चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। हत्या किसने और हत्या की वजह क्या है। इसका पता नहीं चल सका है। बताया जाता है कि घटना के बाद रात में दोस्त उसको लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव लेकर गये। जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। सूचना पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंची पुलिस ने रितेश के दोस्तों को हिरासत में ले लिया और थाने उठा लाई, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

# युवक पर हमला करने वाले दो व्यक्तियों पर केस दर्ज

सलोन/रायबरेली, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। बारात में उत्पात मचाते हुए एक युवक पर हमला करने वाले दो बारातियो के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। घटना बुधवार रात की है। वही घायल युवक जिंदगी और मौत के बीच अस्पताल में जूझ रहा है। कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला पैगम्बरपुर पश्चिमी में बुधवार रात पृथ्वीपाल जोशी की बेटी की बारात में उपद्रवी बारातियो ने डीजे पर डांस करने के विवाद को लेकर राजकमल जोशी के ऊपर स्टील की रॉड से जानलेवा हमला किया था। घटना को अंजाम देने वाले कुच्चू पांडे आनंद पांडे दोनो अयोध्या के रहने वाले है। घायल युवक के भाई सत्यम जोशी ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही कि मांग की थी। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र ने बताया कि युवक के भाई की तहरीर लेकर दो लोगो के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना की जांच की जारही है।

## तीन के कब्जे से दस लीटर क्वार्टर बरामद

चित्रकूट, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोस चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने तीन के कब्जे से दस लीटर महुआ व 43 क्वार्टर देशी शराब बरामद की है। शुक्रवार को चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी ने मनीलाल उर्फ मुन्नीराम पुत्र स्व बिन्दा भंभई के कब्जे से 25 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। मारकुण्डी थाने के दरोगा इंदल सिंह ने शारदा पुत्र राजाराम टिकरिया जमुनिहाई के कब्जे से 18 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया।

# सत्ता खोने के भय से परेशान पीएम मोदी रोज बोल रहे हैं राष्ट्रीय झूठ : प्रमोद

**❑ राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने घोटालों तथा किसानों व युवाओं के साथ छलावे को लेकर बीजेपी की जमकर की घेराबंदी**

लालगंज, प्रतापगढ़ (तरुण मित्र), राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि भाजपा को सत्ता खोने का भय इस कदर सताने लगा है कि वह अब झूठ पर झूठ बोलने का रोज अनैतिक व अराजनैतिक आचरण पर उतर आयी है। उन्होने कहा कि लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान और दूसरे चरण के मतदान के रूझान को देखकर बीजेपी की बेचैनी इसलिए बढ़ रही है कि उसे यह लगने लगा है कि देश की जनता उसके चुनावी चंदे जैसे करोडो के बड़े घोटाले और पूंजीपतियों के सोलह लाख करोड़ के कर्जमाफी की नाराजगी के चलते उसे सत्ता से बेदखल करने का मन बना चुकी है। शुक्रवार को प्रतापगढ़ लोक सभा क्षेत्र में तीन दिवसीय अपने चुनाव प्रचार अभियान के पहले दिन रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी भाजपा तथा पीएम मोदी पर राष्ट्रीय झूठ बोलने को लेकर जमकर हमलावर नजर आये। सांगीपुर क्षेत्र के पेडरिया तथा भंवरी में पार्टी द्वारा आयोजित जनसभाओं मे कांग्रेस के राष्ट्रीय स्टार प्रचारक व सांसद प्रमोद तिवारी ने प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र में स्थानीय मुददो पर भी भाजपा की घेराबंदी की। उन्होने कहा कि भाजपा ने फिर जिले में विकास तथा लोगों के सम्मान से खिलवाड करने वाले निवर्तमान सांसद को चुनावी मैदान में लाकर प्रतापगढ़ के लोगों की भावना का अनादर किया है। उन्होनें कहा कि भाजपा के



मौजूदा सांसद का पूरा कार्यकाल रामपुर खास में विकास को रोकने के साथ यहां के शांतिपूर्ण माहौल पर भी कडवाहट के प्रदर्शन में निराशाजनक दिखा। उन्होनें कहा कि बीजेपी सांसद ने क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कई बड़े विकास कार्यो में सिर्फ रोड़ा बनने का असफल प्रयास ही यहां जारी रखा। उन्होनें कहा कि रामपुर खास अब भाजपा की विकास विरोधी सोच को सबक सिखाने के लिए मजबूती से सिर उठाकर खड़ा है। वहीं विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार की बेरूखी तथा अडियलपन के चलते किसान आज आमदनी तो दूर रोजमर्रा के गुजर बसर के लिए भी पाई पाई के लिए तरस रहा है। उन्होनें कहा कि सरकार के कुप्रबंधन के चलते आकस्मिक आगजनी में खेतो में खड़ी फसल आग की राख में तब्दील हो रही हैं। सरकार को दुख की इस घडी में किसानो की मदद की सुध तक नही है। उन्होने कहा कि भाजपा और उसके पीएम व सीएम जनता के दुख दर्द से बेपरवाह होकर सत्ता हासिल करने के लिए सिर्फ कांग्रेस के न्याय पत्र से घबराकर झूठ का माहौल बनाने में व्यर्थ का पसीना बहा रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के आम चुनाव में मंहगाई तथा बेरोजगारी और राष्ट्रीय हितों से जुडे मुददो पर जरा सा भी चर्चा करने का नैतिक साहस नही दिखला पा रहे है। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी मे कांग्रेस के घोषणा पत्र को लेकर डर समा गया है। उन्होने कहा कि यदि पीएम को अपनी झूठी गारण्टी पर स्वयं अब भरोसा नही रह गया है तो उन्हें संविधान को कमजोर करने के अलोकतांत्रिक हथकण्डे से नैतिकता के आधार पर परहेज शुरू करना चाहिए।

# हापुड़ जनपद में शांतिपूर्ण संपन्न हुआ लोक सभा चुनाव

हापुड़, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। आज हापुड़ जनपद की 3 लोकसभा क्षेत्र जिसमें हापुड़ मेरठ, धौलाना गाजियाबाद व गढ़ अमरोहा लोकसभा सीटों में मतदान 60% के साथ सकुशल संपन्न हो गया। जनपद में कुल 11,52,662 मतदाता है जबकि 1048 मतदान केंद्र जिसमें से 562 संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केंद्र है जनपद में करीब साढे पांच हजार पुलिसकर्मी तैनात थे। पीएससी व अर्ध सैनिक बल की टुकड़िया अलग-अलग बूथों पर तैनात की गई थी हापुड़ जनपद में तीन लोकसभा क्षेत्र लगती है हापुड़ मेरठ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रामायण में राम का रोल करने वाले अरुण गोविल, बसपा से देवव्रत त्यागी व इंडिया गठबंधन से सुनीता वर्मा चुनाव लड़ रही थी वही धोलाना गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र से बीजेपी उम्मीदवार अतुल गर्ग, इंडिया गठबंधन से डोली शर्मा व बहुजन समाज पार्टी से नंदकिशोर पुंडीर चुनाव लड़ रहे थे गढ़ अमरोहा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर, इंडिया गठबंधन से दानिश अली व बसपा से मुजाहिद हुसैन चुनाव मैदान में थे। जनपद में कई जगह बूथों पर रोशनी की कमी को लेकर शिकायत और शोर शराबा हुआ वही कुछ जगह मशीन बंद होने पर छुटपुट शोर शराबा हुआ इन सभी बातों को जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा



ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल इसका निस्तारण कराने के निर्देश दिये जिसके बाद पुन मतदान चालू हो पाया हापुड़ जनपद में शांति के साथ सहकुशल मतदान 59.8% वोटो के साथ संपन्न हुआ समाचार लिखे जाने तक अपर जिलाधिकारी ने बताया की 59.8% चुनाव जनपद में हो चुका है। यह अनुमान शाम 5 बजे तक का है।

## दस वर्षों से फरार इनामी दबोचा गया

चित्रकूट, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों पर अंकुश लगाने को जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ जयकरन सिंह की अगुवाई में चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह की टीम ने दस वर्षों से फरार दस हजार के इनामी अपराधी को तमंचा 315 बोर व कारतूस समेत नीले रंग की मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को चैकी प्रभारी सरैंया यदुवीर सिंह ने दस हजार रुपये के इनामी संजय सिंह उर्फ सुक्खू सिंह पुत्र स्व देवराज सिंह उर्फ चम्बुल सिंह गढचपा थाना मानिकपुर को गिरफ्तार किया है। उसका आपराधिक इतिहास विभिन्न थानों में दर्ज है। उसे मुक्तिधाम हरदौली पुरवा की ओर जाने वाले रास्ते पर पुलिस ने दबोचा है।

# निर्वाचन की अधिसूचना जारी

रायबरेली, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। जिलाधिकारी/ रिटर्निंग ऑफिसर, 36 रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हर्षिता माथुर ने बताया है कि 36 रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक, शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रमानुसार नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न करायी जायेगी, जिसके अनुसार 36 रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा 26 अप्रैल 2024 को निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। नाम निर्देशन दाखिल करने की अन्तिम तिथि 03 मई 2024, नाम निर्देशन की जांच 04 मई 2024 एवं उम्मीदवारों के नाम वापसी की अंतिम तिथि 06 मई 2024 निर्धारित है। 36 रायबरेली संसदीय क्षेत्र निर्वाचन का नामांकन स्थल न्यायालय कक्ष, जिला मजिस्ट्रेट रायबरेली है। नामांकन दाखिल करने का समय 11:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे के मध्य रिटर्निंग ऑफिसर जिला मजिस्ट्रेट रायबरेली या सिद्धार्थ चौधरी उप जिलाधिकारी ऊँचाहार/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर 183-ऊँचाहार को उम्मीदवारों द्वारा नामांकन किए जा सकेंगे।

## परानीपुर से लक्षागृह तक गंगा सेतु पक्का पुल का करायेंगे निर्माण : नीरज

प्रयागराज, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। भाजपा इलाहाबाद लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने शुक्रवार को मेजा एवं कोरांव विधानसभा क्षेत्र में जनसम्पर्क एवं जन संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मेजा वासियों को परानीपुर से लक्षागृह तक गंगा सेतु पर पक्का पुल का निर्माण कराएंगे। इससे जमुनापार के सभी जनता को इस पुल से लाभ मिलेगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने देते हुए बताया कि इलाहाबाद भाजपा प्रत्याशी ने आज कोरांव क्षेत्र के साजी वेलवनिया, दोहथा, ऊंचडीह, दसवार, बनवारी, हाटा, धनावल, मझिगंवा, नेवढ़िया 42, गजाधरपुर, रामगढ़, बरहुला आदि क्षेत्रों में सघन जनसम्पर्क किया। इस अवसर पर यमुनापार जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, शिवदत्त पटेल, मनोज जायसवाल, पुष्पराज सिंह, विभवनाथ भारती, दिलीप चतुर्वेदी, आनंद वैश्य सुदर्शन एवं मेजा व कोरांव क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बेकरी में लगी आग, सामान जलकर हुआ राख

प्रयागराज, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। करेली थाना क्षेत्र के असगरी मार्केट में एक बेकरी की दुकान में भीषण आग लग गई। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। आसपास के दुकानदार भी अपनी दुकानों को बंद कर आग बुझाने में जुट गई। सूचना पाकर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। करैली के असगरी मार्केट में शुक्रवार च को दोपहर में डिलालाइट बेकरीशॉप में आग लग गई। शाहिद खान बिरयानी नाश्ता पानी समेत डिलाइट बेकरी के नाम से दुकान चलाते हैं। दोपहर करीब साढ़े ग्यारह बजे दुकान में अचानक आग लग गई। दुकान में मौजूद ग्राहक और दुकान मालिक ने बाहर भागकर अपनी जान बचाई। उधर पुलिस की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से सिर्फ दुकान में रखे सामान ही जले हैं, बाकि किसी तरह की जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है।

## पेज 1 का शेष...

### वीवीपीएटी वाली याचिका खारिज

शीर्ष अदालत ने कहा, हमारे दृष्टिकोण को साक्ष्य और कारणों द्वारा निर्देशित किया जाना चाहिए ताकि विश्वास और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देकर सार्थक सुधार के लिए जगह मिल सके। इसके द्वारा हम अपने लोकतंत्र की नींव को मजबूत कर सकते हैं। यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि सभी नागरिकों की आवाज और पसंद को महत्व दिया जाए और उनका सम्मान किया जाए। पीठ ने इस मामले में 18 अप्रैल और फिर 24 अप्रैल को चुनाव आयोग के कई स्पष्टीकरणों से अवगत होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। पीठ ने उप चुनाव आयुक्त, चुनाव आयोग की ओर से पेश अधिवक्ता वरिष्ठ वकील मनिंदर सिंह और याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ताओं - प्रशांत भूषण, संतोष पॉल, संजय हेगड़े और अन्य की दलीलें सुनने विस्तार से सुनी थीं। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान कहा था कि वह चुनाव को नियंत्रित नहीं कर सकता या किसी अन्य संवैधानिक निकाय और न ही चुनाव आयोग का नियंत्रक प्राधिकारी नहीं बन सकता। वह केवल संदेह के आधार पर कार्य नहीं कर सकता है, क्योंकि ईवीएम और वीवीपैट के बीच बेमेल का एक भी मामला नहीं दिखाया गया है।शीर्ष अदालत ने सुनवाई करते हुए यह भी दर्ज किया था कि अब तक हैकिंग (ईवीएम) की कोई घटना सामने नहीं आई और यदि कोई घटना होती तो वह कानून बताता है कि क्या किया जाना चाहिए। अदालत ने यह भी कहा कि चुनाव में कोई भी उम्मीदवार यह दिखा सकता है कि गिने गए पांच फीसदी मत का वीवीपैट से कोई बेमेल था या नहीं। याचिकाकर्ताओं की ओर से यह भी दलील दी गई थी कि सभी वीवीपैट पर्चियों का (क्रॉस-सत्यापन) ईवीएम में पड़े मतों से मिलान (गिनती) लोकतंत्र के हित और इस सिद्धांत के लिए आवश्यक है कि चुनाव न केवल स्वतंत्र और निष्पक्ष होने चाहिए, बल्कि स्वतंत्र दिखना भी चाहिए। याचिकाकर्ताओं ने यह भी कहा था कि सरकार ने लगभग 24 लाख वीवीपैट की खरीद पर लगभग 5000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। वर्तमान में केवल लगभग 20,000 वीवीपैट पर्चियों का मिलान किया गया है।गौरतलब है कि शीर्ष अदालत ने 2019 में एक विधानसभा क्षेत्र में वीवीपैट की पर्चियों की गिनती को एक से बढ़ाकर पांच ( रैंडम रूप से चयनित) मशीनों तक करने का निर्देश दिया था। यह व्यवस्था अभी बनी हुई है। ईवीएम-वीवीपैट से जुड़े विवाद पर शीर्ष अदालत का फैसला आज (26 अप्रैल) दूसरे चरण में 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 लोकसभा सीटों पर मतदान हो रहा है।

### यौन शोषण मामला : बृजभूषण शरण..

बृजभूषण शरण सिंह की ओर से कहा गया कि विदेश में हुई घटना का क्षेत्राधिकार इस अदालत के पास नहीं है। उन्होंने कहा था कि टोक्यो, मंगोलिया, बुल्गारिया, जकार्ता, कजाकिस्तान, तुर्की आदि में हुई घटना का क्षेत्राधिकार इस अदालत के पास नहीं है। ऐसे में मुकदमा चलाने के लिए संबंधित अथॉरिटी से इजाजत लेना होता है। कोर्ट ने 20 जुलाई, 2023 को बृजभूषण शरण सिंह और सह आरोपित विनोद तोमर को जमानत दी थी। इससे पहले 15 जून, 2023 को दिल्ली पुलिस ने राऊज एवेन्यू कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। चार्जशीट में भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 354डी, 354ए और 506 (1) के तहत आरोप लगाए गए हैं। 7 जुलाई, 2023 को कोर्ट ने दिल्ली पुलिस की चार्जशीट पर संज्ञान लिया था।

### जब इनकी सरकार थी, तब कहते ...

सीएम ने कहा कि 2004 से 2014 के बीच जब यूपीए की गवर्नमेंट थी, तब इन्होंने अनुसूचित जाति-जनजाति और पिछड़ी जाति के लोगों को मिलने वाले आरक्षण में सेंध लगाने का काम किया था। कहा कि समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के लोगों ने अपने परिवार के लिए तो खूब कमाया, लेकिन गरीबों के लिए कुछ भी नहीं किया। दरअसल चर्चा है कि गांधी परिवार अपनी विरासत बचाने के लिए रायबरेली और अमेठी से उम्मीदवारी पेश करने की तैयारी कर रहा है। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों के अनुसार दूसरे चरण की वोटिंग के बाद राहुल व प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश की राजनीति में पूरी तरह से सक्रिय नजर आएंगे और दो और तीन मई को रायबरेली व अमेठी लोकसभा सीट से अपनी दावेदारी पेश करेंगे। पार्टी सूत्रों का यह भी कहना है कि पांचवें चरण के लिए 3 को नामांकन की अंतिम तिथि है। पार्टी रायबरेली व अमेठी सीट से प्रियंका और राहुल के नाम पर मुहर लगा सकती है, जिसकी आधिकारिक घोषणा 28 अप्रैल के बाद की जाएगी। पार्टी सूत्र बताते हैं कि राहुल गांधी 3 मई में को अमेठी से नामांकन करेंगे जबकि इससे पहले 2 मई को प्रियंका गांधी रायबरेली से नामांकन करेंगी।

### क्या सपा की रणनीति होगी कारगर?...

रणनीति सफल रही तो भाजपा को कई सीटों पर झटका लग सकता है। क्षत्रियों की भाजपा से नाराजगी तथा कांग्रेस से गठबंधन के चलते मुस्लिम वोटरों का एकजुट होना समाजवादी पार्टी के लिये फायदे का सौदा साबित होता दिख रहा है। गैर-यादव ओबीसी अगर भाजपा से छिटककर समाजवादी पार्टी की तरफ लौट आया तो आने वाले समय में भाजपा के लिए सियासी राह मुश्किल हो सकती है। अभी तक के रूझान के आधार पर निष्कर्ष निकालें तो समाजवादी पार्टी इस बार के चुनाव में दहाई के आंकड़े को पार करती दिख रही है।

### अमरोहा रहा 62.36 % वोटिंग के...

इसी कड़ी में 791 थर्ड जेंडर वोटर हैं। गाजियाबाद में सबसे अधिक वोटर हैं। जबकि बागपत में सबसे कम मतदाता हैं। वहीं शाम 5 बजे तक आठों सीटों पर 52.74 फीसदी मतदान हुआ। इसमें अमरोहा में 61.89, मेरठ में 55.49, बागपत में 52.74, गाजियाबाद में 48.21, गौतमबुद्धनगर में 51.66, बुलंदशहर में 54.34, अलीगढ़ में 54.36 और मथुरा में 46.96 प्रतिशत मतदान हुआ। अमरोहा शहर के शिव द्वारा मोहल्ला के बूथ नम्बर 35 पर मतदान करने आई 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की अचानक मौत होने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि मतदान करके बाहर निकली महिला जमीन पर गिर गई। जमीन पर गिरने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। बुजुर्ग महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। बागपत जनपद में मतदान के दौरान भाजपा और रालोद उम्मीदवारों के समर्थकों की पुलिस से नोकझोंक हो गई। इस दौरान बात हाथापाई तक पहुंच गई। वायरल वीडियो में रालोद प्रत्याशी के समर्थक और नेता पुलिस पर भाजपा के विरोध में काम करने का आरोप लगाते नजर आए। वहीं पुलिस का कहना है कि नेता बूथ पर चुनाव को प्रभावित कर रहे थे, जिससे शांतिपूर्ण मतदान बाधित हो रहा था।

# अमेठी की महिला ने पति के अपहरण का लगाया आरोप

चित्रकूट, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। अमेठी जिले के श्रवणपुर रानी पेट्रोल पम्प के सामने की नीतू सिंह ने कोतवाली कर्वी में दी तहरीर में कहा कि उसके पति आशुतोष सिंह (35) व मित्र के दो बच्चे शाश्वत पाण्डेय (20) व निशान्त पाण्डेय (18) साथ में थे। 25 अप्रैल को जिला खनिज कार्यालय चार लाख की बंधक धनराशि देने गये थे। सवेरे सात बजे अमेठी स्थित घर से दोपहर 12 बजे खनिज कार्यालय पहुंचे थे।

पीडिता ने शुक्रवार को तहरीर में बताया कि खनिज कार्यालय से काम निपटाकर जैसे ही कार्यालय से बाहर निकले, नीतीश कुमार मोबाइल नम्बर 6392393706 व अन्य गिरोहबन्द लोगों ने आशुतोष सिंह की गाडी को बंधक बनाकर अपहरण कर ले गये। गाडी पर अन्य लोग भी मौजूद थे। दोपहर बाद से सभी मोबाइल नम्बर के स्वीच आफ बता रहे हैं।

पीडिता ने कर्वी कोतवाल से अनुरोध किया कि उसके पति व अन्य दो लोगों को मुक्त कराकर सुरक्षित घर भेजा जाये। इस बाबत सोशल मीडिया सेल ने कहा कि पीडिता ने पुलिस से कोई शिकायत नहीं की। शिकायत मिलने पर तत्काल विधिक कार्यवाही की जायेगी। मीडिया सेल ने बताया कि दोनों पक्ष कौशाम्बी थाने में मौजूद है। मामला रुपयों के लेन-देन का है।

## गुटखा माफिया के भतीजे ने युवती से की छेडखानी

चित्रकूट। गुटखा माफिया जुगराज केसरवानी के भतीजे राहुल केसरवानी पुत्र शारदा ने लिफ्ट देने के बहाने एक युवती से राजापुर कस्बे में छेड़खानी की। पीड़ित युवती ने पुलिस के उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कार्यवाही न होने से न्यायालय में 156(3) के तहत आवेदन दिया है। शुक्रवार को युवती ने न्यायालय में दिये आवेदन में कहा कि राहुल केसरवानी पुत्र शारदा इलाहाबाद की ओर से राजापुर आ रहे थे। ओसा चैराहे के पास उसे राजापुर छोड़ने को थार गाड़ी में बैठा लिया। राहुल केसरवानी की गाड़ी राजापुर पहुंची तो उसने उसके प्राइवेट अंगों को छुआ। गाड़ी से नीचे उतरने को कहा। विरोध पर उसने कहा कि घटना का कहीं जिक्र किया तो बर्बाद कर दूंगा। युवती प्रयागराज से राजापुर अपने गांव जा रही थी। सोशल मीडिया सेल ने बताया कि पीडिता ने पुलिस से कोई शिकायत नहीं की। स्त्री मयार्दा को ध्यान में रखते हुए पीडिता से पत्र मिलने पर तत्काल कार्यवाही की जायेगी।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपने पुत्र अनमोल सक्सेना 29 वर्ष अविवाहित को गलत चाल चलन की वजह से अपनी समस्त चल और अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा व मेरे परिवार का कोई संबध नहीं है वह स्वयं ही उत्तरदायी होगा। **आनन्द कुमार सक्सेना पुत्र स्व. धर्मदेव सक्सेना, निवासी मोहल्ला कायस्थान तहसील व थाना पूरनपुर-पीलीभीत**

## अदालती नोटिस

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय, गाजीपुर**

प्रकीर्ण फौ. वाद संख्या 536 सन 2022
विनम्रता श्रीवास्तव

**बनाम**

अखिलेश श्रीवास्तव
धारा 125 सी आर पी सी, थाना नंदगंज जिला गाजीपुर

सम्मन बनाम अखिलेश कुमार श्रीवास्तव उम्र लगभग 34 वर्ष पुत्र श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव निवासी सौरभ कालोनी अवलेशपुर कंदवा थाना चितईपुर जिला वाराणसी

उपरोक्त वाद में उपरोक्त द्वारा आपके विरुद्ध वैवाहिक याचिका वादी विनम्रता श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत किया गया है अतएव आपको इत्तला/सूचना दी जाती है कि आप **दिनांक 20.06.2024 को समय 10:00 बजे दिन** न्यायालय प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय गाजीपुर में स्वयं उपस्थित होकर अपना प्रतिवाद पत्र प्रस्तुत करें अन्यथा उपरोक्त वाद आपकी गैर हाजिरी में आपके विरुद्ध एकतरफा सुनवाई/कार्यवाही की जाएगी।

आदेश दिनांक 28.03.2024

न्यायालय की आज्ञा से
मुंसरिम

# मान्धाता पर मतदाता जागरूकता गोष्ठी सम्पन्न

प्रतापगढ़, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)। पर्यावरण सेना द्वारा ब्लॉक मान्धाता मे ग्रीन वोटिंग अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन कर लोगों को शत प्रतिशत मतदान और उसके बाद पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक करते हुए हरित मतदान का संकल्प दिलाया गया। गोष्ठी में बोलते हुए ग्रीन वोटिंग अभियान के संयोजक यूथ ब्रांड एम्बेसडर एवं पर्यावरण सेना प्रमुख अजय क्रांतिकारी ने कहा कि मतदान करना हमारा अधिकार भी है और राष्ट्रीय कर्तव्य भी।हमें मतदान दिवस पर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शतप्रतिशत मतदान के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए एक-एक पेड़ भी लगाएं जिससे धरती का पर्यावरण संतुलित बना रहे। खंड विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि पर्यावरण सेना का ग्रीन वोटिंग अभियान एक अनोखा प्रयास है।इससे एक ओर जहां वोट देने से लोकतंत्र मजबूत



होगा वहीं पेड़ लगाने से हमारी पृथ्वी से प्रदूषण समाप्त होगा।उन्होंने सभी अधीनस्थ कर्मचारियों को सभी गांवों में हरित मतदान हेतु जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया और कहा कि जिलाधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन के निदेर्शानुसार सभी बूथों पर मतदान के साथ ही पेड़ लगाने की व्यवस्था रहेगी। ग्रीन वोटिंग अभियान से लोकतंत्र की मजबूती और जलवायु संरक्षण में मदद मिलेगी। इस मौके हरिश्चंद्र पांडेय, ओम प्रकाश सरोज, संजय यादव, विक्रम सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकार-श्री विश्वकर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट जौनपुर संस्थापक, संपादक स्व. कैलाशनाथ। तरुणमित्र मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक व संपादक योगेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा इण्डियन एक्सप्रेस सी-26 अमौसी इण्डस्ट्रियल एरिया, लखनऊ से मुद्रित, 23 जहांगीराबाद मेंशन अशोक रोड हजरतगंज, लखनऊ से प्रकाशित। फोन- 0522-4067598, 2288985, 2288968, फैक्स- 0522-4066898, डाक पंजीयन सं0 GPOLW/NP-128/2023-25 Email-tarunjnp@gmail.com, website. www.tarunmitra.in RNI NO-UPHIN/1999/00103 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।


तपती धूप में अब गमछे का सहारा


आरडीएसओ में दस्तक अभियान


विस उपचुनाव के नामांकन को निकले कांग्रेसी प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान

# पारा 40 डिग्री पार, स्कूली बच्चे लाचार, अभिभावक मजबूर

## लखनऊ में हीट वेव की है घोषणा, शुक्रवार को अधिकतम पारा 41 डिग्री से ऊपर रहा

**लखनऊ, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** शुक्रवार को दोपहर एक बजे का समय, शहर के अधिकांश स्कूलों के बाहर अपने-अपने बच्चों को वापस घरों की तरफ ले जाने वाले अभिभावकों, स्कूली गाड़ियों और अन्य संसाधनों की लाइन लगी दिखी।

ऐसे में जब तरूणमित्र टीम ने अलग-अलग स्थानों पर ऐसे ही कुछ अभिभावकों से बातचीत की तो उनका तपाक से यही कहना रहा कि भाई जी, हमारे देश में सभी प्रकार के मौसम आते-जाते हैं, लेकिन अप्रैल माह में ऐसी जून जैसी बेहाल करने वाली गर्मी और जब इस समय लू के थपेड़े चल रहे हों, दोपहर में गर्म हवाओं का अंबार चल रहा हो तो फिर ऐसे विषम परिस्थितियों में नौजवानों को तो छोड़ दीजिये, हमारे ये स्कूली बच्चे कहां ठहर पायेंगे।



ऐसी दिक्कत के समय तो अब स्कूल बंद ही कर देने चाहिये, बल्कि एडमिशन आदि के लिये स्कूल अपने काउंटर खोले रखें। उनका साफ तौर पर कहना रहा कि जब जीवन सुरक्षित रहेगा, तो शिक्षा भी हासिल कर लिया जायेगा।

वैसे बता दें कि मौसम विभाग ने पहले ही लखनऊ में आगे कुछ दिनों के लिये हीट वेव चलने की घोषणा कर रखी है, लेकिन इसके बावजूद अभी तक स्थानीय प्रशासन और न

- **अप्रैल में जून जैसी भीषण गर्मी, सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक चल रहीं गर्म हवायें**
- **तमाम अभिभावकों का कहना, मौसम के तेवर को देखते हुए बंद होने चाहिये स्कूल**
- **प्रशासन ने किया स्कूल टाइमिंग में आंशिक बदलाव, फौरी राहत पर भारी आसमानी आफत**

ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों का पूर्णतः इस पर ध्यान जा पाया है। हालांकि दो दिन पूर्व डीएम के आदेश में लखनऊ में बेसिक शिक्षा के नर्सरी से लेकर कक्षा आठ तक के स्कूलों के टाइमिंग में आधे से पौने घंटे की राहत दी गई, लेकिन ऊपर से आग के गोले की तरह बरस रही आसमानी आफत यानी लू के थपेड़े इस पर काफी भारी हैं।

वहीं इंदिरानगर निवासी राकेश त्रिवेदी ने कहा कि उन्हें खड़ी दोपहरी में मुंशी पुलिया के पास से अपने बच्चे को रोजाना दोपहर में लेने जाना पड़ता है, जबकि उस समय मौसम के तेवर इतने सख्त रहते हैं कि बाहर निकलना किसी भी स्थिति में मुनासिब नहीं होता। आशियाना निवासी सीमा कुमारी ने कहा कि ऐसे दौर में यदि उनका बच्चा हीट स्ट्रोक का शिकार हो गया तो फिर उसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। ऐसे समय न तो स्कूल प्रबंधन, टीचर, प्रशासन और न ही शिक्षा या फिर स्वास्थ्य विभाग आगे आयेगा। वहीं इस मुद्दे पर अभिभावक कल्याण संघ के अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव ने कहा कि जिस तरह इस समय मौसम के तेवर हैं तो शासन-प्रशासन और अभिभावकों को भी जागरुक होने की जरूरत है।

आगे कहा कि डीएम साहब को तो तुरंत स्कूल बंद करने का आदेश जारी करना चाहिये क्योंकि जब जीवन होगा, तभी शिक्षा होगा। जबकि इस प्रकरण पर जब लखनऊ जनपद के बीएसए राम प्रवेश से बात की गई तो उनका कहना रहा कि स्कूल टाइमिंग में राहत भरा बदलाव किया गया है। वहीं जब उनसे यह कहा गया कि ज्यादातर स्कूल इस टाइमिंग को फॉलो नहीं कर रहे हैं तो उन्होंने कहा कि आप उसका नाम बताइये, वहीं जब यह कहा गया कि क्या इसके लिये कोई मॉनीटरिंग सेल नहीं बनाया तो उनका फोन कट गया।

# खुले मेनहोल मामले में जीएम व जेई सस्पेंड

**मासूम की मौत के जिम्मेदारों पर हुई सख्त कार्रवाई**

**लखनऊ, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** राजधानी के जानकीपुरम में मंगलवार को खुले सीवर में गिरकर मासूम बच्चे की मौत के बाद नगर आयुक्त ने जलकल विभाग के कई अधिकारियों के खिलाफ जांच रिपोर्ट शासन को भेजी थी। जिसके चलते नगर विकास के प्रमुख सचिव ने शुक्रवार को जीएम जलकल और जेई को सस्पेंड करने के आदेश दिए हैं।उन्होंने यह भी कहा नगर आयुक्त की रिपोर्ट के आधार पर अन्य दोषियों के खिलाफ जांच की जा रही है और जल्द ही उन पर भी कार्रवाई की जायेगी।

बताते चलें की जानकीपुरम में मंगलवार को हनुमान जयंती के दिन भंडारे का प्रसाद लेकर लौट रहे आठ वर्षीय मासूम शाहरूख की मौत हो गई थी। जिसके बाद नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के आदेश पर जीएम को हादसे के लिए जिम्मेदार दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। जिसके बाद जलकल विभाग ने समस्त क्षेत्रों में अभियान चलाकर सभी सीवरों के ढक्कनों को ढकने का काम किया। फिर भी खुले हुए मेन होल के खुले होने की शिकायत बार बार सामने आ रही थी।

हादसे के बाद मामले की जांच रिपोर्ट नगर आयुक्त ने शासन को भेज दी थी। रिपोर्ट के आधार पर नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव ने सख्त कार्रवाई करते हुए जीएम जलकल शशिकांत गुप्ता और जेई गया प्रसाद सिंह को सस्पेंड कर दिया गया है और नगर आयुक्त द्वारा भेजी गई। जिसके चलते जलकल जोन 3 के अधिशासी अभियंता मनोज शुक्ला भी किये गए निलंबित किया गया है। इसके बाद प्रमुख सचिव के आदेश पर 27 अप्रैल से अब पूरे यूपी में खुले सीवरों को ढकने का अभियान चलाया जाएगा।ताकि अब किसी भी जिले में कोई हादसा न हो सके। इसी क्रम में नगर आयुक्त ने शुक्रवार को स्मार्ट सिटी कंट्रोल रूम में बैठकर जारी सीयूजी नम्बर पर आने वाली सूचनाओं और उसके निस्तारण को लेकर कर्मचारियों की प्रक्रिया का जायजा लिया।

## व्यापारी समाज की सुध नहीं ले रहे राजनीतिक दल

**लखनऊ, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ इकाई के महामंत्री योगेन्द्र सिंह और नगर अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल ने एक बयान जारी कर कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी राजनीतिक पार्टियां अपने घोषणा पत्र में महिला उत्थान, किसान सम्मान, बेरोजगारों एवं पिछड़ों के उत्थान के लिए सम्मान निधि, कर्ज माफी जैसी अनेक बड़ी-बड़ी योजनाओं का वादा कर रहे है। वहीं दूसरी ओर टैक्स देने वाले व्यापारी समाज की कोई सुध नही ले रहा है। नगर अध्यक्ष अमरनाथ अग्रवाल ने कहा व्यापारी सदैव राष्ट्रवादी रहा है यदि किसान देश का अन्नदाता है तो व्यापारी करदाता है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष चन्द्रशेखर अग्रवाल ने कहा कि राजनीतिक दलों की इस बेरुखी से व्यापारी समाज अपने को उपेक्षित एवं असहाय महसूस कर रहा है। योगेन्द्र सिंह ने बताया कि आवासीय भवनों की तुलना में कामर्शियल भवनों से 5 गुना हाउस टैक्स के बजाए दोगना निर्धारित किए जाने, छोटी दुकानों में 2 किलोवाट के बिजली के कनेक्शन को कमर्शियल मुक्त रखने, जीएसटी व टोलटैक्स की दरें कम करने, पेनाल्टी के ट्रेरर का सरलीकरण की मांग एक लम्बे अर्से से लम्बित है।

## 56 हजार का जूस सीज, 15 हजार का पेय पदार्थ कराया नष्ट

**लखनऊ, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन की टीम ने काकोरी के ग्राम रविनगर स्थित अवैध रूप से चलाई जा रही शीतल पेय पदार्थ (फ्रूट बेवरेज) की फैक्ट्री पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान टीम को बिना खाद्य लाइसेंस के न्यू मैक्सकूल ब्राण्ड से मैगो फ्रूट जूस व लीची फ्रूट जूस बनाने और पैक करते मिला। टीम ने मौके पर 15 हजार रुपये के खराब पेय पदार्थ को नष्टद्द कराया और 56 हजार के मैंगो और लीची जूस को सीज कर दिया। यह जानकारी मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी जेपी सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस की सूचना पर छापेमारी की कार्रवाई की गयी। उन्होंने फैक्ट्री में छापेमारी के दौरान फैक्ट्री मालिक यावर अब्बास पुत्र मिज्जन निवासी 422/56क तोपखाना थाना सआदतगंज लखनऊ मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि जांच के लिए दो नमूने भी भरे गये हैं।

## हाइपो थाइराइड से फैटी लिवर होने की संभावना अधिक : डॉ. रोहित सिन्हा

**लखनऊ, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** एसजीपीजीआई चिकित्सा संस्थान में नित नए शोध करने के रूप में जाना जाता है। शुक्रवार को संस्थान के एंडोक्राइनोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रो.रोहित सिन्हा जन जागरूकता बढाने के उदेश्य से उन्होंने बताया कि हाइपो थाइराइड से फैटी लिवर होने की अधिक संभावना होती है। इसके लिए समय पर लिवर की जांच कराना चाहिए जिससे फैटी लिवर जैसी होने वाली बीमारियों का पता चल सके। उन्होंने बताया कि गैर-मादक वसायुक्त यकृत रोग एक चयापचय लिवर रोग है, जो उन व्यक्तियों में विकसित होता है जो शराब का सेवन नहीं करते हैं या मध्यम मात्रा में करते हैं। डॉ.सिन्हा ने कहा कि एनएएफएलडी 30 प्रतिशत से अधिक भारतीयों को प्रभावित करता है और यह प्रवृत्ति आधुनिक जीवन शैली में बदलाव के कारण खतरनाक दर से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि यकृत में वसा का संचय इस बीमारी की ओर ले जाता है। इसके लिए जागरूक होने की जरूरत है। जिससे टाइप-2 डायबिटीज विकसित होने की संभावना बढ़ जाती है और कुछ रोगियों में यह बीमारी लिवर में फाइब्रोसिस, सिरोसिस और अंततः लिवर कैंसर की ओर ले जाती है। ज्ञात हो कि संपूर्ण विश्व में रोगियों में हाइपोथायरायडिज्म (थायरॉइड का कम स्तर) और एनएएफएलडी के विकास के बीच एक मजबूत संबंध है और जो अन्य सभी कारणों के साथ हृदय संबंधी मृत्यु दर को बढ़ा सकता है।


हनुमान सेतु पर लगा जाम। छाया: तरूणमित्र

# भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चित्रांश महासभा ने की सहभागिता

**लखनऊ, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री विमलेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व मे सैकड़ो की संख्या में कई गाड़ियों के काफिला के साथ भारतीय जनता पार्टी के लखनऊ पूर्वी विधानसभा क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव के समर्थन में उनके नामांकन कार्यक्रम में सम्मलित हुए।

जिसमे मुख्य रूप से अमित श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष विश्व कायस्थ महासंघ एवं प्रशासन प्रभारी कायस्थ पाठशाला ई एस्टेट लखनऊ रज्जन लाल श्रीवास्तव मण्डल सहसंयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ लखनऊ महानगर भाजपा मोहित प्रकाश श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय कायस्थ महासभा



शरद श्रीवास्तव मण्डल संयोजक भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ लखनऊ राम प्रकाश श्रीवास्तव चेतन श्रीवास्तव अमित कुमार संजय यादव अभिषेक श्रीवास्तव मुकेश श्रीवास्तव पंकज श्रीवास्तव पवन श्रीवास्तव (भइउ) हर्ष सिन्हा मुकुंद श्रीवास्तव अमित श्रीवास्तव पुनीत श्रीवास्तव प्रीतियूष श्रीवास्तव आशुतोष श्रीवास्तव प्रयागराज आदि लोग सम्मिलत हुए।

# डीआरएम ने लखनऊ-सुलतानपुर रेलखंड का किया दौरा

**लखनऊ, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** उत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक, एसएम शर्मा ने मण्डल के अधिकारियों के साथ शुक्रवार को लखनऊ- सुलतानपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग करते हुए निरीक्षण किया। अपने इस निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत उतरेटिया रेलवे स्टेशन के सम्पूर्ण परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया एवं उसके पश्चात सुलतानपुर स्टेशन पर पहुँचकर वेटिंग हाल, टिकट वितरण व्यवस्था, सकुर्लेटिंग एरिया, वाहन पार्किंग, खान-पान के स्टाल, पेयजल व्यवस्था, पे एण्ड यूज शौचालय, पवार केबिन का निरीक्षण किया एवं पार्सल कार्यालय की कार्यक्षमता परखी तथा लोको पायलट व ट्रेन मैनेजर रनिंग रूम पहुँचकर वहाँ की समस्त व्ययस्थाओ का मूल्यांकन किया एवं लॉबी की तकनीकी सुविधा की जांच की साथ ही उपस्थित कर्मचारियों से संवाद भी किया।

इंजीनियरिंग विभाग के पीडब्ल्यूआई एवं आईओडब्ल्यू के कार्यालयों का निरीक्षण करते हुए स्टाफ के हित के लिए किए जाने वाले डिजिटलीकरण के कार्यों की गहनता से जानकारी ली एवं कार्यालय के कंप्यूटर सिस्टम की कार्यक्षमता और



संचालन की जांच की और वहाँ उपस्थित कर्मचारियों को डिजिटलीकरण के बारे मे आवश्यक जानकारी भी प्रदान की। यूनियन के स्थानीय पदाधिकारियों और मीडिया कर्मियों के साथ संवाद किया।

## संविदा महिला सफाई कर्मियों को बांटे सेनेटरी पैड

**लखनऊ, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन की रेल महिला कल्याण संघ (आरडब्ल्यूडब्ल्यूए), ने आरडीएसओ अस्पताल में दस्तक प्रोजेक्ट के अन्तर्गत शुक्रवार को एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरडब्ल्यूडब्ल्यूए की उपाध्यक्षा अंजु बंसल तथा श्वेता जैन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत अंजु बंसल एवं श्वेता जैन उपाध्यक्षा तथा शालिनी वर्मा सचिव आरडब्लूडब्लूए द्वारा आरडीएसओ की 45 संविदा पर कार्यरत महिला सफाई कर्मचारियों को सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम मे आरडब्लूडब्लूए के कार्यकारी सदस्य सरोज सिंह, नमिता वर्मा, रत्ना गुप्ता, प्रज्ञा सिंह तथा सोनल सोनी उपस्थित रहे।

## दर्शकों के सामने मनोरंजन की नई पेशकश

**लखनऊ, राष्ट्रीय।** इंडियन प्रीमियर लीग की जबरदस्त सफलता और एक पुरस्कार विजेता मनोरंजन पेशकश के साथ, जियो सिनेमा ने खुद को हर भारतीय घर की पहली पसंद के तौर पर स्थापित कर लिया है। अब डिवाइस प्रतिबंध, लो क्वालिटी के वीडियो और ज्यादा लागत वाली सदस्यता योजनाओं जैसी उपभोक्ता के सामने पेश आने वाली प्रमुख बाधाओं को हल करते हुए जियोसिनेमा ने अपनी नई सदस्यता पेशकश 'जियो सिनेमा प्रीमियम' की घोषणा की है। मात्र 29 रुपये मासिक से शुरू होने वाली नई प्लांस में विज्ञापनमुक्त क्वालिटी और ऑफलाइन देखने के विकल्प उपलब्ध होंगे। सदस्य कनेक्टेड टीवी सहित किसी भी डिवाइस पर एक्सक्लूसिव सीरीज, मूवी, हॉलीवुड, किड्स और टीवी मनोरंजन का लुत्फ उठा सकते हैं। भारतीय घरों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए मात्र 89 रुपये प्रति माह पर एक फैमिली प्लान की भी घोषणा की गई है, जिसमें एक साथ 4 स्क्रीन पर देखने की अतिरिक्त सुविधा मिलती है।

# मैं हूं साथ तेरे को प्रमोट करने लखनऊ पहुंचे कलाकार



**लखनऊ, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** जी टीवी पर 29 अप्रैल से प्रसारित होने जा रहे आगामी शो मैं हूं साथ तेरे को प्रमोट करने के लिये आज उल्का गुप्ता और करण वोहरा लखनऊ पहुंचे। जी टीवी की ओर से नवाबों के शहर लखनऊ में एक भव्य लॉन्च इवेंट आयोजित किया। अपनी यात्रा के दौरान उल्का गुप्ता और करण वोहरा ने फैंस के साथ-साथ स्थानीय मीडिया से भी मुलाकात कर अपनी भूमिका के बारे में बताया। दोनों शहर की खास जगहों पर गए, वहां लोगों से मिले और सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उल्का गुप्ता व करण वोहरा ने बताया कि एक सिंगल मां जानवी की कहानी है, जो एक मां और बाप दोनों की जिम्मेदारियां निभाते हुए जिंदगी की मुश्किलों से गुजर रही है।

ग्वालियर में रचा-बसा यह शो हमें जानवी के उतार-चढ़ाव भरे भावुक सफर पर ले जाता है, जहां वो अपनी दुनिया, अपने बेटे किआन को हमेशा खुश रखने की कोशिश करती रहती है। हालांकि कि आन को एक पिता की कमी महसूस नहीं होती, लेकिन वो अपनी मां की जिंद्रगी में एक आदमी की कमी जरूर महसूस करता है, खासतौर पर तब, जब वो उन्हें अकेले सारी बातों का ख्याल रखते हुए देखता है। ये कहानी उस वक्त एक दिलचस्प मोड़ लेती है जब जानवी की मुलाकात एक अमीर बिजनेसमैन आर्यमन से होती है और दोनों एक ही छत के नीचे काम करने लगते हैं। फुल हाउस मीडिया के निर्माण में बने शो का प्रसारण 29 अप्रैल से रोज शाम साढ़े सात बजे जी टीवी पर होगा।

# लिम्फोमा के विभिन्न स्वरूपों से कराया रूबरू



**लखनऊ, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में लिम्फ नोड ट्यूमर लिम्फोमा विषय पर डॉक्टरों ने पैनल चर्चा की। शुक्रवार को संस्थान के पैथालॉजी विभाग में लिम्फोमा डायग्नोसिस-लाइव माइक्रोस्कोपी सेशन पर कार्यशाला आयोजित की गयी। जिसे संस्थान निदेशक प्रो. सीएम सिंह के दिशा निर्देशन में प्रो. प्रद्युम्न सिंह, डीन के संरक्षण में कार्यशाला शुरू की गयी।

जिसमें प्रो.एसपी वर्मा विभागाध्यक्ष क्लिनिकल हेमेटोलॉजी विभाग केजीएमयू एंव यूपीएचजी कॉन-24 के ऑरगनाइजिंग सेक्रेटरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही प्रो. नुजहत हुसैन, विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी एंव ऑरगनाइजिंग सेक्रेटरी, प्रो. नम्रता पुनीत अवस्थी की देखरेख में शुरू किया गया। बता दें कि लिम्फ नोड के ट्यूमर जिसे लिम्फोमा के रूप में जानने के लिए डायग्नोसिस के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी।

वहीं कार्यशाला में टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुम्बई से डॉ. सुमीत गुजराल, ब्रिगेडियर तथागत चटर्जी ने अपने व्याख्यान दिये साथ ही उन्होंने डेलिगेट के इंटरैक्टिव चर्चा कर लाइव माइक्रोस्कोपी लिम्फोमा के विभिन्न केसेस से रूबरू कराया। इसी क्रम में प्रो. प्रद्युम्न सिंह एंव प्रो. नम्रता पुनीत अवस्थी ने त्वचा में होने वाले सबसे कष्टकारी लिम्फोमा और दूसरे कैंसर से मिलते-जुलते लिम्फोमा की डायग्नोसिस में आने वाली परेशानियों के बारे में जानकारी साझा की। कार्यशाला के दौरान प्रदेश से करीब पचास से अधिक डेलिगेट ने भाग लिया। इस मौके पर सभी डेलिगेट के लिए लाइव माइक्रोस्कोपी द्वारा लिम्फोमा के केसेस को देखने का अनूठा अनुभव हासिल किया।

# हाईवे पर अवैध कट बंद कराये जायें, नहीं मानें तो करायें एफआईआर

## प्रमुख सचिव परिवहन ने एनएचएआई समेत संबंधित अफसरों संग की गहन समीक्षा

**लखनऊ, 26 अप्रैल (तरुणमित्र)।** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा के निदेशों के अनुपालन में गत 22 अप्रैल से चार मई 2024 तक आयोजित किये जा रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़ा की समीक्षा के तहत शुक्रवार को परिवहन निगम मुख्यालय सभागार में प्रमुख सचिव परिवहन वेंकटेश्वर लू ने स्टेक होल्डर विभागों के साथ बैठक की।

बैठक में परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह, अपर परिवहन आयुक्त (सड़क सुरक्षा, प्रवर्तन) पुष्पसेन सत्यार्थी, अपर परिवहन आयुक्त (राजस्व-आईटी) एके सिंह सहित सभी स्टेक होल्डर विभागों-लोनिवि, एनएचएआई, उपषा, यीडा, यूपीडा, स्थानीय




निकाय, पुलिस, बेसिक/माध्यमिक/उच्च षिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य तथा चिकित्सा षिक्षा के अधिकारियों ने भाग लिया।

बताया गया कि एनएचएआई के अधीन मार्गों पर कुल 3504 में से 150 जंक्शनों पर ट्रैफिक कॉमिंग मेजर्स बनाया जाना है। टोल प्लाजाओं पर चालकों के स्वास्थ्य/नेत्र परीक्षण कैम्प हो रहे हैं।

टोल प्लाजा पर टैक्टर-ट्रालियों में रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगाये जाने की प्रक्रिया चल रही। प्रमुख सचिव परिवहन ने शेष 150 जंक्शनों पर ट्रैफिक कॉमिंग मेजर्स की स्थापना किये जाने, एनएचएआई मार्गों पर अवैध कट बंद कर चेतावनी बोर्ड (बंद किये गये अवैध कट को पुनः क्षतिग्रस्त किये जाने पर एफआईआर की जायेगी) लगाये जाने तथा टोल प्लाजा पर ओवरलोडिंग की सूचना प्रत्येक माह संबधित जिले के परिवहन अधिकारी को दिये जायें।

परिवहन एवं पुलिस विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि पखवाड़े के प्रथम दो दिवस में समस्त नागरिकों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति पब्लिक एड्रेस सिस्टम, सोषल मीडिया, गोश्ठी इत्यादि के माध्यम से जागरूक किया गया। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिये कि सड़क सुरक्षा से जुड़े हुए अभियोगों- हेल्मेट, सीटबेल्ट, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग, डंज्कन ड्राइविंग, रांग साइड ड्राइविंग, ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग के सापेक्ष प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई की जाये।

## रेल संरक्षा में समझौता स्वीकार्य नहीं : प्रमुख संरक्षा अधिकारी

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में संरक्षा महासम्मेलन का शुक्रवार को समापन हुआ। एनईआर के प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मुकेश मेहरोत्रा, मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक आशीष भाटिया एवं मण्डल रेल प्रबन्धक आदित्य कुमार तथा शाखाधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी ने कहा कि हमें संरक्षा को अपने जीवन की दिनचर्या तथा कार्यशैली में शामिल करना होगा।